आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी उपरांत 06:14 पंचमी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शनिवार, 21 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 306, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



तारों को जानने के लिए नई तकनीक विकसित 16
नेहा शर्मा ने पाक-कला की यात्रा शुरू की 15

## सेंसेक्स 84,000 के पार, निफ्टी नए मुकाम पर

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान के बीच अग्रणी बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स पहली बार ऐतिहासिक 84,000 अंक से ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड स्तर हासिल किया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत उछलकर 84,544.31 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,509.66 अंक बढ़कर 84,694.46 के नए शिखर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक

**रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार**



एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत बढ़कर 25,790.95 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 433.45 अंक उछलकर 25,849.25 के सर्वकालिक उच्च स्तर तक भी गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सर्वाधिक पांच प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, नेस्ले, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

हालांकि भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व की तरफ से नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और अत्यधिक उदार मौद्रिक रुख ने भारतीय बाजार को रफ्तार दे दी है।

## कांग्रेस को चला रहे अर्बन नक्सली और टुकड़े-टुकड़े गिरोह

### महाराष्ट्र की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य विपक्षी दल को बताया सबसे भ्रष्ट पार्टी

वर्धा (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है और उसे सबसे भ्रष्ट पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि उसे टुकड़े-टुकड़े गिरोह या विभाजनकारी तत्व और शहरी नक्सली चला रहे हैं।

मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 138 साल पुराना यह संगठन गणपति पूजा से भी नफरत करने लगा है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही मोदी ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नई दिल्ली स्थित घर में भगवान गणेश की पूजा की थी, जिस पर राजनीतिक विरोधियों ने उनकी आलोचना की थी। मोदी ने 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के एक साल पूरे होने पर महाराष्ट्र के वर्धा में एक



एक कारीगर से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप जिस कांग्रेस को देखते हैं, यह वह पार्टी नहीं है जिसके साथ महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्ति जुड़े थे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा अंतिम सांस ले चुकी है। मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेश में दिए गए भाषणों में उनके भारत विरोधी एजेंडे पर भी बात की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना यह बात की। राहुल गांधी आरक्षण प्रणाली और सिख समुदाय पर अमेरिका में अपनी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर हैं। मोदी ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि अगर कोई भ्रष्ट पार्टी है तो वह कांग्रेस है और सबसे भ्रष्ट परिवार, उसका शाही परिवार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गणेश पूजा से भी नफरत करती है।

### किसानों का इस्तेमाल राजनीति व भ्रष्टाचार के लिए किया

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने किसानों का इस्तेमाल केवल राजनीति और भ्रष्टाचार के लिए किया है। उन्होंने कहा कि हमें उस कांग्रेस को एक और मौका नहीं देना चाहिए, जिसने किसानों को बर्बाद कर दिया। झूठ और विश्वासघात कांग्रेस की पहचान हैं। कांग्रेस ने तेलंगाना में अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए। मोदी ने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियां पीएम विश्वकर्मा योजना की सबसे बड़ी लाभार्थी हैं। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकारों पर विश्वकर्मा समुदाय की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी को समृद्ध नहीं होने दिया। हमने कांग्रेस की उस मानसिकता पर रोक लगा दी है जिसने इन समुदायों को समृद्ध नहीं होने दिया।







## कॉलेजियम की दोबारा सिफारिश पर क्यों नहीं की नियुक्ति : कोर्ट

### उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा, किस स्तर पर लंबित हैं नियुक्तियां

- कहा-कॉलेजियम खोजबीन समिति नहीं जिसकी संस्तुति रोकी जा सके

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से यह जानकारी देने को कहा कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने किन नामों की दोबारा सिफारिश की और उनकी संख्या कितनी है। न्यायालय ने केंद्र से इस बात का कारण भी बताने को कहा है कि इन नामों पर अब तक विचार क्यों नहीं किया गया और यह स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

जनहित याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा



अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र के लिए एक समय सीमा तय की जाए। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम (न्यायाधीशों के लिए) कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके।

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि वह उसे कॉलेजियम द्वारा दोबारा अनुशंसित किए गए नामों की एक सूची मुहैया कराएं और बताएं कि इन पर स्वीकृति क्यों और किस स्तर पर लंबित है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृपया आप दोबारा अनुशंसित नामों की एक सूची बनाएं और बताएं कि ये क्यों और किस स्तर पर लंबित हैं। पीठ ने कहा कि कुछ नियुक्तियां अभी होनी हैं और हमें उम्मीद है कि ये बहुत जल्द की जाएंगी। इसके बाद अटॉर्नी जनरल के अनुरोध पर जनहित याचिका की सुनवाई स्थगित कर दी गई। यह जनहित याचिका वकील हर्ष विभोरे सिंघल ने दायर की थी।

### हाईकोर्ट जज की टिप्पणी पर शीर्ष न्यायालय सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा मामलों की सुनवाई के दौरान अनावश्यक टिप्पणियां करने के वीडियो का स्वत: संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की संविधान पीठ ने यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति वेदव्यासाचार्य श्रीशानंद ने बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहा था। न्यायाधीश को एक अलग मामले में एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ लैंगिक असंवेदनशील टिप्पणी करते हुए भी देखा गया था। एक्स पर कई हैंडल ने अपने पोस्ट में उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताई।

### उच्चतम न्यायालय का यूट्यूब चैनल हुआ हैक

उच्चतम न्यायालय का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक कर लिया गया और उस पर अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स निर्मित क्रिप्टोकरंसी के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा। हालांकि, इस वीडियो में कुछ नहीं था। वीडियो के नीचे लिखा था ब्रैड गार्लिंगहाउस: रिपल रेसपॉंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन! एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन। शीर्ष न्यायालय अपनी संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े विषयों की सुनवाई के सीधे प्रसारण के लिए यूट्यूब चैनल का उपयोग करता है।

## आक्रांताओं को सद्भावना से विदा करता है सनातन धर्म : मुख्यमंत्री

### महंत दिग्विजयनाथ व अवैद्यनाथ को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म की यह विशेषता और महानता है कि यह आक्रांताओं को भी सद्भावना से विदा करता है। आज भी ऐसे तत्व आक्रांताओं के सपने पूरा करने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद और अलगाववाद के नाम पर आते हैं, लेकिन अंततः नाकाम हो जाते हैं।

वे शुक्रवार को गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के उनके पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था। उन्होंने धर्म को केवल उपासना विधि नहीं माना, बल्कि भारतीय मनीषा में धर्म के जिस स्वरूप की बात कही गई है, उसके अनुरूप जीवन जिया। उन्होंने दोनों पीठाधीश्वरों की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और धर्म-संस्कृति आदि क्षेत्र में किए कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि सनातन धर्म की सुदृढ़ता के लिए अनेक कार्यक्रमों को बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आगे बढ़ाया। अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य, स्वामी डॉ. राम कमल दास वेदांती, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अतुल वाजपेयी आदि ने विचार व्यक्त किए।



संतों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जाने वाले

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। पारिवारिक रिश्तों को लेकर विवाद संबंधी शिकायतों पर सभी पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने की जरूरत बताई। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए अधिकारियों से इस्टीमेट मांगा।

## एक नजर

### लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को लेकर संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत को बताया कि मामले में करीब 30 अन्य आरोपी हैं जिनके लिए अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है और अदालत से अनुरोध किया कि दस्तावेज हासिल करने को उसे 15 दिन और समय दिया जाए।

### मणिपुर में मंत्री के निजी सहायक का अपहरण

**इंफाल।** मणिपुर के उपभोक्ता मामलों के मंत्री एल.सुसिंद्रो के निजी सहायक का अज्ञात लोगों ने पूर्वी इंफाल जिले में स्थित उनके आवास के नजदीक से शुक्रवार को अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि एस.सोमोरेंद्रो (43) का अपहरण करने के पीछे की मंशा अभी अज्ञात है। उसने बताया कि अब तक किसी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### दुष्कर्म के आरोप में भाजपा विधायक गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में भाजपा विधायक एन मुनिरत्ना को उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। 40 वर्षीय एक महिला की शिकायत के बाद मामले में भाजपा विधायक के साथ छह अन्य पर भी मामला दर्ज किया गया है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को नहीं मिली जमानत

- सामूहिक दुराचार के मामले में साढ़े सात साल से जेल में है गायत्री

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सामूहिक दुराचार व पॉक्सो के मामले में पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को जमानत (बेल) देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में अपील पर सुनवाई के लिए पेपर बुक तैयार है लिहाजा संबंधित पीठ के समक्ष मामले को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। गायत्री के साथ कोर्ट ने आशीष कुमार शुक्ला व अशोक तिवारी के जमानत प्रार्थना पत्र भी खारिज किए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति मो. फैज आलम खान की खंडपीठ ने शुक्रवार को गायत्री, आशीष व अशोक की जमानत प्रार्थना पत्रों पर पारित किया।

अभियुक्तों की ओर से दलील दी गई कि गवाही के दौरान मामले की पीड़िता ने अभियोजन के कथानक का समर्थन नहीं किया, उन्हें राजनीतिक रंजिशवश झूठा फंसाया गया है। वहीं, अपर शासकीय अधिवक्ता उमेश चंद्र वर्मा ने दलील दी कि घटना के समय गायत्री कैबिनेट मंत्री थे और उनके दबाव की वजह से एफआईआर भी नहीं दर्ज की जा रही थी।

## जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी बस बीएसएफ के 4 जवान हुए शहीद

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में एक बस के खाई में गिरने से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कम से कम चार जवान शहीद और 26 घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ द्वारा दूसरे चरण के चुनाव ड्यूटी के लिए किराए पर ली गई एक सिविल बस बडगाम के वतरहाल इलाके के ब्रेल के पास एक खाई में गिर गई, जिसके कारण बीएसएफ के कई जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से चार की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि करीब 26



चुनाव ड्यूटी के लिए बीएसएफ कर्मियों को ले जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस का मलबा।

- बडगाम जिले में हुआ हादसा, दो दर्जन से अधिक जवान घायल
- प्राइवेट बस से चुनाव ड्यूटी के लिए जा रहे थे जवान

घायलों को बडगाम और श्रीनगर में विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती कराया गया है। गंदेरबल, श्रीनगर, बडगाम, रियासी, राजौरी और पुंछ जिलों में 26 विधानसभा क्षेत्रों में 25 सितंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। दूसरे चरण में कश्मीर क्षेत्र 15 और जम्मू क्षेत्र 11 विधानसभा सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

## नीट-पीजी प्रारूप में बदलाव पर केंद्र-एनईबी से मांगा जवाब

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-इससे अवसाद में आ सकते हैं छात्र

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी, 2024 के प्रारूप में अंतिम समय में किए गए बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बहुत ही असामान्य है और इससे छात्रों में अवसाद पैदा हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर गौर किया और याचिकाओं पर राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड (एनबीई) और केंद्र से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा तथा इन्हें 27 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट

नीट-यूजी 2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में अपनी दूसरी चार्जशीट में सीबीआई ने कहा है कि झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य और उपप्राचार्य ने अन्य लोगों के साथ मिलकर प्रश्नपत्र चुराने की साजिश रची। शुक्रवार को पटना की एक विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई।

## तहेरे भाई ने युवक के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से भरी हवा, मौत

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किया गिरफ्तार
- मझोला थाना क्षेत्र स्थित एक्सपोर्ट फर्म में दोनों साथ करते थे काम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में तहेरे भाई ने युवक के प्राइवेट पार्ट में एयर कंप्रेसर से हवा भर दी, जिससे उसकी आंत फट गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



आकाश

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित चक्कर की मिलक पुराना आरटीओ निवासी आकाश (21) पुत्र स्वर्गीय सूरजपाल सिंह मझोला क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर स्थित एक्सपोर्ट फर्म में काम करता था। आकाश के साथ ही उसके घर के बगल में रहने वाला रिश्ते का तहेरा भाई रवि भी काम करता था।

मां प्रभा देवी के अनुसार बीते रविवार दोपहर आकाश फर्म में था तभी आरोपी रवि ने एयर कंप्रेसर मशीन के पाइप से आकाश के प्राइवेट पार्ट में हवा भर दी, जिससे आकाश की आंत फट गई। आकाश को गंभीर हालत में मझोला क्षेत्र के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उसका उपचार चल रहा था। आकाश की हालत अधिक खराब हुई तो परिजन उसे लेकर दिल्ली जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मां प्रभा देवी ने मझोला थाने में तहरीर दी। एसएचओ मझोला मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आकाश के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

**उपलब्धि** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की दो नई प्रजातियां, 30 प्रतिशत अधिक उपज देने वाली हैं दोनों किस्में

## किसानों को मालामाल करेंगी पंत मटर 509 और 517

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** देश में प्रोटीन की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए लोग दालों पर पूरी तरह से निर्भर हैं। आज से एक दशक पूर्व तक दलहनों का उत्पादन बहुत सीमित था। जिससे दालों की कीमतें काफी ज्यादा थीं। आज कृषि वैज्ञानिक दलहनों की उन्नतशील प्रजातियों सहित उनकी उत्पादन तकनीकों को विकसित कर किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं।

भारत सरकार ने वर्ष 2027 तक देश को पूरी तरह से दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के वैज्ञानिकों डॉ एसके वर्मा, डॉ आरके पंवार और डॉ अंजू अरोरा ने उच्च गुणवत्ता वाली रोग एवं कीट रोधी दलहनी मटर की दो प्रजातियों को विकसित किया है। जिन्हें हाल ही में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल रिसर्च इन ड्राई एरियाज सिहोर भोपाल में संपन्न हुई अखिल भारतीय रबी दलहन परियोजना की वार्षिक बैठक में जारी करने का निर्णय लिया गया। पंत मटर-517 को उत्तर-पश्चिमी राज्यों पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू संभाग और पंत मटर-509 को उत्तर-पूर्वी राज्यों पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा व पश्चिमी बंगाल में उगाए जाने के लिए संस्तुत किया गया है।



नव विकसित पंत मटर-509 प्रजाति।

### नई प्रजातियों की यह हैं विशेषताएं

**पंत मटर 517 :** पंत मटर- 517 ने भारत के उत्तरी पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों तक अखिल भारतीय उपज परीक्षणों में मानक प्रजातियों अमन, पंत मटर 42 एवं एचएफपी 9907बी से 33.11, 50.51 एवं 29.04 प्रतिशत अधिक उपज दी। तीन वर्षों तक किए गए परीक्षणों में इसकी औसत उपज 20-25 किग्रा/हेक्टेयर रही। यह प्रजाति चूर्णी फंफूदी और एस्कोकाईटा ब्लाइट तथा फली बेधक कीट के लिए प्रतिरोधी है। इसकी परिपक्वता अवधि 125-130 दिन है। इसके 100 दानों का वजन लगभग 18.3 ग्राम है। इसके पौधे की ऊंचाई लगभग 151 सेमी. है।

**पंत मटर 509 :** पंत मटर 509 ने भारत के उत्तरी पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों तक अखिल भारतीय उपज परीक्षणों में मानक प्रजातियों एचएफपी-4, एसकेएनपी-4-9 एवं एचयूडीपी 15 से 29.68, 18.47 एवं 22.81 प्रतिशत अधिक उपज दी। तीन वर्षों तक किए गए परीक्षणों में इसकी औसत उपज 20-25 किग्रा/हेक्टेयर रही। यह प्रजाति चूर्णी फंफूदी और एस्कोकाईटा ब्लाइट तथा फली बेधक कीट के लिये प्रतिरोधी है। इसकी परिपक्वता अवधि 115-120 दिन है। इसके 100 दानों का वजन लगभग 19.1 ग्राम एवं पौधे की ऊंचाई लगभग 63 सेमी. है।

## एक नजर

### सदिया अध्यक्ष व अर्पिता बनीं मंत्री

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज में इकाई का गठन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं संगठन से जुड़ी। जिसमें सदिया नवाज को अध्यक्ष, नित्या, अर्पणा, नैंसी, तोवा, मुस्कान, अनन्या को उपाध्यक्ष, अर्पिता मंत्री, अक्षरा, दीपाली, मानू, भूमि को सह मंत्री, अंजली को मीडिया संयोजक, सलनत सह मीडिया प्रभारी, कनिका, सोशल मीडिया संयोजक, श्रेया सह सोशल मीडिया, नव्या एसडीएफ संयोजक, रिया सह एसडीएफ संयोजक, साक्षी एसएफएस संयोजक, पारी, आयुषी, सह एसएफएस संयोजक, अनुष्का, अनामिका, लहार, भूमिका, अंशिका कार्यकारिणी सदस्य बनाई गई।

### पूर्व विधायक ने विद्यार्थियों को दिए स्मार्टफोन

**खुदागंज, अमृत विचार :** ठाकुर रोशन सिंह संगठक राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना ने छात्र-छात्राओं को लैपटॉप व स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनुज सक्सेना ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रधान कैप्टन अशोक सिंह, कौशलेंद्र सिंह रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का है। प्रदेश सरकार का सपना है कि युवा अपनी पढ़ाई पूरी कर रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल हो। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा लैपटॉप व स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। इस दौरान समस्त अध्यापक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश एस ने शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड के उपरांत जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए दौड़ लगवाई गई। एकता और अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गई। एसपी ने पीआरवी के वाहन, सरकारी आवास, मैस, वर्दी स्टोर, बैरक, आरओ प्लांट, यातायात कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय फागिंग कराई जाए। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, यातायात निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



वित्त मंत्री और आश्रम के जोनल इंचार्ज के साथ आरसी मिशन का भ्रमण करते पूर्व राष्ट्रपति। ● अमृत विचार

### अभ्यासी माधो गोपाल से ली गतिविधियों की जानकारी

आरसी मिशन पहुंचने पर गेस्ट हाउस में कुछ पल विश्राम करने के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ने आश्रम से जुड़े उद्योगपति माधोगोपाल अग्रवाल, उनके भाई श्रीगोपाल अग्रवाल, जय गोपाल अग्रवाल, आश्रम प्रबंधक दीपक त्यागी, आशीष सिंह, हर्षवर्धन अग्रवाल आदि से आश्रम की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि, उपेंद्र पाल सिंह आदि कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। सभी ने पूर्व राष्ट्रपति को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत भी किया।



रामचंद्र मिशन के संस्थापक बाबूजी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। ● अमृत विचार

# तीर्थ जैसे मिशन वट वृक्ष की जड़ें यहां और शाखाएं विश्व भर में: कोविंद

## श्री रामचंद्र मिशन के अनुयायी पूर्व राष्ट्रपति ने संस्थापक बाबू जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर टेका मत्था, वित्त मंत्री खन्ना रहे साथ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** क्रांतिकारियों की धरा पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के पहुंचने से शुक्रवार का दिन खास बन गया। देश के प्रथम व्यक्ति के पद पर विराजमान रहे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हरदोई बाईपास चौराहा स्थित श्री रामचंद्र मिशन आश्रम पहुंचे थे। चूंकि वह आरसी मिशन से जुड़े हुए हैं और संस्थापक राम चंद्र महाराज (बाबू जी) के अनुयायी हैं, इसलिए उन्होंने शाहजहांपुर आने का कार्यक्रम बनाया था। इस दौरान उन्होंने रामचंद्र महाराज की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर मत्था टेका और कुछ समय के लिए समाधि के पास ही बैठकर ध्यान भी लगाया। इसके बाद उन्होंने बाबू जी के दीवान जोगराज स्थित आवास पर जाकर उनके कक्ष और कक्ष में स्मृति स्वरूप रखीं उनकी दैनिक उपयोग की वस्तुओं को भी देखा।

इस वर्ष मिशन महात्मा रामचंद्र महाराज की 125वीं जयंती मना रहा है, इसलिए पूर्व राष्ट्रपति का यहां आना और खास बन जाता है। आरसी मिशन आश्रम के भ्रमण के दौरान उन्होंने आश्रम के उन कक्षों को भी देखा, जहां बाबू जी रहा करते थे। इन कक्षों से उनकी स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने ध्यान-साधन कक्ष को भी देखा और साधकों से बात भी की। साधकों से बात करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि बाबूजी के सहज मार्ग की शाखाएं भले जी पूरे विश्व में फैली हुई हों, लेकिन इसकी जड़े शाहजहांपुर में ही हैं। बाबू जी का सहज मार्ग अब बहुत बड़ा वट वृक्ष बन चुका है। आप लोग बहुत भाग्यशाली हैं, कि इस जनपद से जुड़े हैं।

इसी तरह उनके आवास पर परिजनों से मिलते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह घर तीर्थ स्थल है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने लगभग तीन घंटे यहां व्यतीत किए। इस दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उनके साथ रहे।

कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने भी पूर्व राष्ट्रपति के साथ बाबू जी समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर मत्था टेका और ध्यान-साधना की। ध्यान के बाद दोनों ने आश्रम के व्यवस्थापकों के साथ समाधि की परिक्रमा भी की। मिशन आश्रम के बाद वह सीधे दीवान जोगराज स्थित मिशन आश्रम के संस्थापक के आवास पर पहुंचे। इसके बाद वह समीप ही कैबिनेट मंत्री खन्ना के आवास पर गए और दोपहर का भोजन कर लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ, श्री रामचंद्र मिशन आश्रम के जोनल इंचार्ज दीपक त्यागी, एलआईयू के सदस्यों सहित अन्य विशिष्टजन मौजूद रहे। आश्रम परिसर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे।



समाधि के समक्ष ध्यान साधना करते पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना।

- वित्त मंत्री के साथ समाधि की परिक्रमा कर लगाया ध्यान, आश्रम भ्रमण
- संस्थापक के आवास पर जाकर देखीं बाबू जी की दैनिक उपयोग की वस्तुएं

### मंत्री आवास पर स्वागत को उमड़े लोग





पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने श्री रामचंद्र मिशन आश्रम और संस्थापक राम चंद्र महाराज के आवास का भ्रमण करने के बाद पास में स्थित कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के आवास पर लंच किया। इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें देखने और स्वागत करने के लिए पहुंचए। मंत्री खन्ना के अग्रज कमलेश कुमार खन्ना, भतीजे चंद्र शेखर खन्ना धीरू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव आदि ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। भोजन के बाद भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह और बुके भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत-सत्कार करने वालों में एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, विधायक सलोना कुशवाहा, दीपक शर्मा, अमित मिश्रा, वैभव खन्ना, पुनीत मिश्रा, कपिल सिंह, पार्षद अनूप मौर्य, अनुज वर्मा, आयुष शंखधार, विशेष सोनी, आनंद सक्सेना, गोपी शुक्ला, अवधेश कुमार, फूल चंद्र आदि शामिल रहे।

### ... जब स्वयं आरती करने लगे पूर्व राष्ट्रपति



आरसी मिशन के संस्थापक रामचंद्र महाराज के आवास पर पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के स्वागत में बाबू जी की पुत्रवधु अमिता चंद्र परिवार की अन्य महिलाओं के साथ आरती का थाल सजाकर लाईं और जैसे ही आरती करने को हुईं तो पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा मत कीजिए और यह कहकर आरती का थाल अमिता चंद्रा से ले लिया और स्वयं उनकी आरती करने लगे। जब महिलाओं ने मना किया तो बोले कि इससे उनके साथ मेरी भी आरती हो रही है।

### अभ्यासियों से पूछा, बाबू जी को किसने देखा



पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आरसी मिशन आश्रम भ्रमण के दौरान ध्यान-साधन कक्ष में अभ्यासियों से मिलने भी पहुंचे। विशाल सभागार देख वह हाथ जोड़ते हुए बड़ी ही विनम्रता के साथ अभ्यासियों के बीच पहुंच गए। उन्होंने सभी से मिशन की गतिविधियों और ध्यान-साधना की जानकारी ली। पूछा कि कौन-कौन साधक हैं, जिन्होंने बाबू जी को देखा है। इस पर दो-तीन लोगों ने हाथ उठाया। एक साधक शोभाराम ने बताया कि उन्होंने तो बाबू जी की बहुत सेवा की है और साथ में काम भी किया है। वह काम के एवज में 20 रुपये प्रतिदिन देते थे। आज भी उनकी यादें ताजा है। इस पर पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आप लोग बहुत भाग्यशाली है, जो बाबू जी को देख पाए। इस मिशन की जड़ें यहां ही हैं, भले ही इस वट वृक्ष की शाखाएं विश्व भर में फैली हुई हैं। सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए वह अभ्यासियों से विदा हुए।

### बाबू जी के पुत्र ने शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत



श्री रामचंद्र मिशन आश्रम भ्रमण के बाद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मिशन के संस्थापक महात्मा रामचंद्र महाराज (बाबू जी) के आवास पर गए। यहां बाबू जी के पुत्र सर्वेश चंद्रा, पुत्रवधु अमिता चंद्रा समेत अन्य परिजनों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। यहां उन्होंने विशेष रूप से उस कक्ष को देखा, जहां बाबू जी रहते थे। कक्ष में स्मृति के रूप में सुरक्षित उनकी चारपाई, आराम कुर्सी, आसन, छोटी डेस्क आदि को उत्सुकतापूर्ण ढंग से देखा। वस्तुएं देखकर वह भावुक भी होते रहे। घर के बच्चों से भी उन्हों बात की और नाम पूछकर शिक्षा संबंधी जानकारी ली। साथ ही बच्चों और परिजनों के साथ फोटो भी खिंचवाए। इस दौरान परिजनों से बाबू जी के बारे में जानकारी भी हासिल की। पुत्र सर्वेश चंद्रा के कुर्सी पर बैठने के आग्रह पर पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि यह स्थान किसी तीर्थ से कम नहीं है, इसलिए तीर्थ स्थल पर इस प्रकार बैठना उचित नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति को देखने के लिए आसपास छतों पर काफी लोग खड़े थे, जिन्हें देखकर उन्होंने हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया।

# हम तो चले वनवास... सुनकर भीगे भक्तों के नेत्र

संवाददाता, खुटार

- गांव खंडसार में चल रही सात दिवसीय राम कथा में वनगमन का प्रसंग सुन भावविभोर हो गए श्रोता

**अमृत विचार :** गांव खंडसार में चल रही सात दिवसीय रामकथा में शुक्रवार को कथा व्यास पंडित कपिल देव त्रिवेदी के मुखारविंद से श्रीराम वन का प्रसंग सुन भक्त भावविभोर हो गए। उन्होंने श्री राम कथा में कैकई द्वारा राजा दशरथ से भरत को राजगद्दी और श्री राम को वनवास का वरदान मांगने से लेकर माता सीता और लक्ष्मण सहित श्री राम के वन प्रस्थान करने तक का प्रसंग का वर्णन किया।



कथावाचक कपिल।

श्री राम के वन प्रस्थान करते समय के प्रसंग का भजन 'हम तो चले वनवास वनवासी हो गए' सुनकर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। कथा उपरांत आरती और प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम कथा के यजमान हर्ष दीक्षित प्रधान ने बताया कि 18 से आरंभ होकर 24 सितंबर तक कथा का आयोजन होगा। 25 सितंबर को वैदिक विधि विधान से हवन पूजन के साथ ही कन्या भोज व भंडारा का आयोजन होगा। कथा के आयोजन में समस्त गांव के लोगों का सहयोग रहा।

# मैंने देखा है...कहां किसी का कोई एहतेराम करता है

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आवास विकास कॉलोनी में आयोजित गोष्ठी में कवियों ने किया काव्य पाठ

**अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी में गुरुवार रात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कवियों और शायरों ने काव्य पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने और संचालन विकास सोनी ऋतुराज ने किया।

वरिष्ठ शायर खलीक़ शौक़ ने सुनाया- करतास आंसुओं ने भिगोया है दफ़ अतन, जब भी कलम को मैंने उठाया तेरे लिए। ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने कहा- तुझको देखे बिना अधूरी लगती अपनी शाम, तुझसे बातें करके मन को, मिलता है आराम। फहीम बिस्मिल के कुछ यूं कहा- बहुत क़रीब से दुनिया को मैंने देखा है, कहां किसी का कोई एहतेराम करता है। इशरत सगीर ने पढ़ा- महफ़िल में तुमने मेरी जबीं कैसे चूम ली, किसने बताया तुमको ये बीमार कौन है। युवा गीतकार पीयूष शर्मा ने सुनाया- हर खुशी की डगर छोड़कर आ गए, जिंदगी का सफर छोड़कर आ गए। इक तुम्हारे लिए हां तुम्हारे लिए, गांव छूटा, शहर छोड़कर आ गए। विकास सोनी ऋतुराज ने सुनाया- नहीं हरगिज़ नहीं चूमा है पैमाना कभी हमने, चढ़ी है देखकर हम पर ख़ुमारी सुरमई आंखें।

आतिश मुरादाबादी ने पढ़ा- कोई अंदाज़ा नहीं है मुझको अपनी पीर का, क्या सुनाऊं मैं फ़साना आपको तक़दीर का। रितेश सिंह राहिल ने कहा- ख्वाबों की उम्मीद में सोने वालों को ये समझाना है, जब तक नींद नहीं हो गहरी तब तक ख़्वाब नहीं आते हैं। अभिषेक ठाकुर अधीर ने गुनगुनाया- राधिका के तो नयन चुप हो गए, किंतु अब तक एक मोहन रो रहा।



आवास विकास कॉलोनी में काव्य पाठ करते रितेश सिंह राहिल। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सफाई मित्र कर्मचारियों का जांचा गया स्वास्थ्य



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को कटरा सीएचसी पर नगर पंचायत के सफाई मित्र कर्मचारी स्वच्छता ही सेवा के तहत कैंप लगाया। सफाई मित्र कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कर्मचारियों की बीपी, शुगर आदि की स्वास्थ्य जांच की गई। इधर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ फैजान खान ने सफाई मित्र कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई मित्रों को सेफ्टी किट के अलावा मास्क, ग्लव्स, वर्दी का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ फुरकान फरीदी, डॉ अतुल चौधरी, अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, सुरेंद्र गंगवार, अजय सैनी, वाहिद मंसुरी, शब्बन खां, जावेद खान, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पुवायां में 23 वां महानवरात्रि महोत्सव 8 अक्टूबर को

**पुवायां, अमृत विचार :** नवरात्रि में हर वर्ष मनाया जाने वाला नवरात्र महोत्सव इस वर्ष 8 अक्टूबर को एक मैरिज लॉन में मनाया जाएगा। जिसमें रात भर माता का गुणगान, पूजन, आरती आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। मां ज्वाला जी जागरण सेवा समिति के तत्वाधान में हर वर्ष नवरात्रि में जागरण (महोत्सव) कराया जाता है। 23 वर्षों से जागरण सेवा समिति माता रानी का जागरण करती आ रही है। इस वर्ष 8 अक्टूबर को 23 वां दुर्गा जागरण (महानवरात्र महोत्सव) मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष धीरज शर्मा (राजा नंदा) ने बताया कि इस महोत्सव में महामाई बालाजी महाराज एवं खाटू श्याम का दरबार सजाया जाएगा, जिसके लिए समिति के सेवादार दो अक्टूबर को माता ज्वाला जी से माता रानी की ज्योति लेकर आएंगे। तीन अक्टूबर को नवरात्रि प्रारंभ के प्रथम दिन कलश स्थापित किया जाएगा। पांच को सुंदरकांड का पाठ व आठ अक्टूबर को रात्रि जागरण एवं 11 अक्टूबर को कन्या भोज भंडारा के साथ माता रानी की ज्योत को विदा किया जाएगा। इसी क्रम में प्रतिदिन सुबह-शाम श्रृंगार आरती की जाएगी।

### एमएससी प्रथम वर्ष में तनु प्रथम



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) में तनु गंगवार ने 8.75 वायजीपीए (इयरली ग्रेड पॉइंट एवरेज) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श पांडेय ने बताया कि संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। तनु गंगवार के अलावा द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से प्रेरणा त्रिपाठी और अक्षत वर्मा रहे, जिन्होंने 8.65 वायजीपीए हासिल किया। अदिति गुप्ता 8.56 वायजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार आजाद समेत संकाय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कामयाबी पर हर्ष व्यक्त किया है।

### योग: मंडलीय प्रतियोगिता का चयन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जनपदीय बेसिक, माध्यमिक विद्यालयों की योग प्रतियोगिता का आयोजन देवी प्रसाद इंटर कॉलेज में शुक्रवार को किया गया। ट्रायल के आधार पर मंडलीय प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। प्रदर्शन के आधार पर बालक वर्ग में हिमांशु, किशन, जय करन, राजू, सुदेश सिंह और बालिका वर्ग में हिमांशी, नीलांशी, मीनाक्षी वर्मा, पारुल शर्मा, तन्वी सक्सेना, काजल, मानसी देवी, आशी का चयन हुआ। सत्यपाल सिंह, प्रियंका, सोनी आदि का सहयोग रहा।

शैक्षिक कार्यक्रम — डायट में शिक्षक संकुलों के क्षमता संवर्धन कार्यशाला का दूसरा दिन

# देश और समाज के प्रति निष्ठा ही अच्छे अधिगम की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दूसरे दिन शिक्षक संकुलों के क्षमता संवर्धन कार्यशाला में कटरा, खुटार, निगोही, पुवायां, सिंधौली, तिलहर के संकुल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डीआईओएस हरिवंश कुमार ने कहा कि शिक्षक का मुख्य कार्य पठन-पाठन के लिए वातावरण का सृजन करना है।

शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक की संख्या अधिक होना अच्छे अधिगम की गारंटी नहीं है। देश और समाज के प्रति निष्ठा ही अच्छे अधिगम की गारंटी होती है। प्रवक्ता टीआर गंगवार ने कहा कि किसी लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए अंतः प्रेरणा ही सबसे प्रमुख है। बीएल मौर्य ने कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए भी हम आंदोलन का सृजन करें। एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने संकुल बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। एसआरजी ममता शुक्ला ने ईको मिशन लाइफ, इंस्पायर अवार्ड में नामांकन पर चर्चा की। एसआरजी अश्वनी कुमार अवस्थी ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में गौरव गुप्ता, संजय मिश्रा, आलोक दुबे, सुखपाल सिंह, प्रेमचंद्र वर्मा, विष्णु शर्मा, केके चौधरी, मंगल प्रसाद, रामबीर गुप्ता, अजय पांडेय, रेनू कुशवाहा, रामप्रकाश, गौरव त्रिपाठी, मुकेश कुमार, रामकृष्ण वर्मा, राजीव गुप्ता, शिवसरण, इंद्रवीर, जलालुद्दीन आदि शिक्षक मौजूद रहे।



डायट में संकुल शिक्षकों को संबोधित करते प्रभारी प्राचार्य डीआईओएस हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

- प्रभारी प्राचार्य डीआईओएस ने शिक्षकों को समझाया अधिगम का महत्व

### स्काउट-गाइड तृतीय सोपान और बेसिक कोर्स कराएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला मुख्यायुक्त हरिवंश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत स्काउट-गाइड की जिला कार्यकारिणी की बैठक राजकीय इंटर कॉलेज में हुई। इस अवसर पर डीआईओएस/डीआईओएस ने स्काउट गाइड गतिविधियों को सभी स्कूलों में अधिक से अधिक कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नए दलों का गठन शीघ्र कराया जाए और आजीवन सदस्यों को बनाकर बिजनेस कोर्स कराए जाएं। जनपद में तृतीय सोपान एवं बेसिक कोर्स कराने, जनपद में स्काउट गाइड रैली, सर्वोत्तम कैडेट रैली एवं बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता का भी पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जीआईसी प्रधानाचार्य अनिल कुमार, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त नेहा कटिहार, जिला सचिव डॉ. अमीर सिंह, कोषाध्यक्ष मिहिर फिलिप्स, मो. इरफान, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, करुण पांडेय, सुशील सक्सेना, सरिता गुप्ता समेत स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन मौजूद रहे।

### कल होगी जिला स्तरीय नवसाक्षर परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नवसाक्षरों की जिला स्तरीय परीक्षा 22 सितंबर को जनपद के सभी परिषदीय स्कूलों में होगी। यह परीक्षा सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगी। बीएसए दिव्या गुप्ता ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिस गांव के निरक्षर ने साक्षर बनने के लिए जिस स्कूल से नामांकन कराया है, उसका केंद्र वही स्कूल होगा। परीक्षार्थी निर्धारित समयावधि के मध्य किसी भी समय परीक्षा केंद्र पर अपनी सुविधानुसार प्रतिभाग कर सकता है। परीक्षा अवधि में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहेगा तथा प्रधान अध्यापक और इंचार्ज प्रधान अध्यापक ही केंद्र व्यवस्थापक का दायित्व निभाएगा। सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा कुशलता के साथ संपादित कराएंगे। प्रत्येक बीआरसी पर कंट्रोल रूम स्थापित रहेगा। उपस्थित-अनुपस्थित परीक्षार्थियों की जातिवार सूचना एकत्र कर जिला कार्यालय को उसी शाम छह बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी।




# ...अब चारों तरफ दिख रहा बाढ़ से बर्बादी का मंजर

## कड़ी मेहनत कर लगाई गई धान की फसल हो गई बेकार, किसान हताश

- सब्जी की खेती करने वाले किसानों का भी हुआ काफी नुकसान
- संपर्क मार्ग कट जाने से आवागमन हो रहा बाधित

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** गंगा व रामगंगा की बाढ़ थम गई है लेकिन किसानों को बर्बादी के जख्म दे गई है। सैकड़ों हेक्टेयर फसल बाढ़ के पानी में डूबकर खराब होने लगी है। संपर्क मार्ग कट जाने से आवागमन बाधित हो रहा है।

मिर्जापुर क्षेत्र में रामगंगा व गंगा की बाढ़ तो फिलहाल थम गई है लेकिन बाढ़ ने किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। मेहनत व जमा पूंजी खर्च कर लगाई गई धान की फसल बाढ़ के पानी में डूबने से नष्ट हो गई है। किसानों को चिंता सता रही है कि अब वह परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे और फसल तैयार करने के लिए जो कर्ज लिया था, उसकी अदायगी कैसे कर पाएंगे। रामगंगा किनारे जिन लोगों ने बड़ी मेहनत और उम्मीद में सब्जी की फसल तैयार की थी, उन किसानों का भी काफी नुकसान हुआ है। बाढ़ में सब्जी की फसल बर्बाद हो जाने बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। वहीं बाढ़ का पानी कम होने के बाद भी बहरिया से कुनिया, चिकटिया, भरतापुर, पहाड़पुर मार्ग पर पानी भरा हुआ है। बीघापुर सिठौली जूनियर हाईस्कूल परिसर में बाढ़ का पानी अभी भी भरा हुआ है। स्कूल के अंदर जाने के लिए पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ेगा और स्कूल परिसर में भी पानी ही पानी नजर आ रहा है। उधर, जरियनपुर से पहरूआ व मौजमपुर जाने वाले मार्ग पर भी रामगंगा की बाढ़ का पानी भरा होने से आवागमन बाधित है। गंगा की बाढ़ थमने के बाद शमशाबाज जलालाबाद स्टेट हाईवे का काफी हिस्सा चौरा गांव के पास कटने से आवागमन सुचारु नहीं हो सका है। स्टेट हाईवे बाढ़ के पानी के चलते कई जगह कट गया है। जिससे लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। हाईवे पर लोग बाढ़ के पानी के बीच ट्रैक्टर पर सवार होकर निकल रहे हैं, ताकि खतरे से बचा जा सके। चौरा नगला बसोला मार्ग तथा पैलानी मार्ग भी कई जगह कट गया है। चारों तरफ बाढ़ का पानी भरा होने से जानवरों के चारे का विकराल संकट है।


रामगंगा की बाढ़ में डूबा बीघापुर सिठौली स्कूल। ● अमृत विचार


ट्रैक्टर पर बैठकर गंगा की बाढ़ से निकलते लोग। ● अमृत विचार


मिर्जापुर क्षेत्र में रामगंगा की बाढ़ से जलमग्न धान की फसल। ● अमृत विचार

## गंगा, गर्रा व खन्नौत का घटा जलस्तर रामगंगा में बढ़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अब गंगा, गर्रा व खन्नौत नदी का जलस्तर पिछले दो दिन से घटने लगा है। जिससे आपदा प्रबंधन व जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। शुक्रवार को शारदा नहर खंड की आई रिपोर्ट के बाद रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ दर्ज किया गया। जबकि गंगा, गर्रा नदी व खन्नौत नदी का जलस्तर घटा हुआ दर्ज किया गया। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट के मुताबिक गंगा नदी कछला घाट जलस्तर माइनस 0 .19 घटा है। गंगा नदी भैसार ढ़ाईघाट तटबंध का जलस्तर माइनस 0 .08 घटा है। रामगंगा नदी चौबारी घाट जलस्तर माइनस 0 .36 घटा है। रामगंगा नदी डबरी घाट का जलस्तर प्लस 0 .03 बढ़ा है। गर्रा नदी, अजीजगंज पुल जलस्तर माइनस 0 .85 घटा और खन्नौत नदी जलस्तर माइनस 0 .45 घटा हुआ दर्ज किया गया। गंगा नदी में नरौरा बैराज से 99613 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, रामगंगा नदी में 13836 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जबकि गर्रा नदी में दियूनी से 4329 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सिंचाई विभाग एई दिवाकर ने बताया कि गंगा, गर्रा व खन्नौत नदी का जलस्तर निरंतर घट रहा है और कही भी बाढ़ जैसी स्थिति नहीं लग रही है। रामगंगा नदी का कुछ जलस्तर बढ़ा हुआ दर्ज किया गया है।

## मामूली विवाद में ईंट से कुचल दिया युवक का मुंह

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन क्षेत्र में मंदिर से दर्शन कर घर वापस आ रहे युवक का मामूली विवाद के चलते ईंट से मुंह कुचल दिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला दलेलगंज निवासी अंबुज पांडेय 18 सितंबर को अपने दोस्त रोहित के साथ शीतला पीठ मंदिर से वापस लौट रहा था। तभी रवि शुक्ला उर्फ मिंटे ने उसे रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर ईंट से मुंह पर कई प्रहार कर घायल कर दिया। इंस्पेक्टर आरसी मिशन चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप

### हादसे में सराफा व्यापारी की मौत



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार सराफा व्यापारी घायल हो गया। घायल व्यापारी को सीएचसी पर मृत घोषित कर दिया गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी आदित्य वर्मा उर्फ हनी (27) की सराफा की दुकान है। शुक्रवार की सुबह साढ़े चार बजे सराफा व्यापारी बाइक से बरेली किसी काम से जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फार्म नंबर तीन के सामने बरेली की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यापारी को सीएचसी पर लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना पर परिवार वाले पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### अलग-अलग हादसों में ब्लॉक सेक्रेटरी समेत 3 घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में ब्लॉक के एक सेक्रेटरी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार शाम करीब पौने छह बजे जैतीपुर ब्लॉक से ड्यूटी कर तिलहर लौट रहे सेक्रेटरी आयुष की बाइक को गांव भुडेली के समीप मजार के समीप सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे आयुष दूर तक सड़क पर घिसटता चला गया, हालांकि हेलमेट पहने होने के चलते उसका सिर बच गया। इसके बावजूद शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई। सीएचसी लाया गया। दोपहर करीब एक बजे भूडेली गांव निवासी किशनलाल वर्मा की बेटी प्रिया (17) को गांव के ही रास्ते पर एक बाइक ने टक्कर मार दी। उधर, शाम करीब साढ़े पांच बजे कपसेडा गांव निवासी बाजिद पुत्र शहजादे (70) को पेट्रोल पंप से निकल रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी( जिससे वाजिद अली के पैर का घुटना टूट गया। उसेन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बद्रीपुर हदीरा के तालाब में फिर दिखा मगरमच्छ

**पुवायां, अमृत विचार :** बद्रीपुर हदीरा गांव के तालाब में शुक्रवार सुबह फिर मगरमच्छ देखा गया। यह तालाब आबादी के पास है इसलिए ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हदीरा गांव के पूरब एक भारी तालाब है। तीन दिन पहले इसी तालाब में गांव के कुछ लोगों ने मगरमच्छ देखा था। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग के दरोगा डोरी लाल गए थे। जिन्होंने ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन उसे पकड़ने का कोई उपाय किए बिना ही वापस लौट आए। वन दरोगा डोरी लाल ने बताया कि तालाब में बहुत ज्यादा जलकुंभी (लौकी) है। जिसके कारण जाल डालना संभव नहीं है। गांव के हितेश शर्मा ने बताया कि तालाब में जो मगरमच्छ देखा गया वह लगभग ढाई से तीन फुट लंबा है। गांव के खौफजदा लोगों ने प्रशासन से मगरमच्छ पकड़वाए जाने की मांग की है।

### करंट से वृद्ध की मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** भटीयूरिया गांव के मनोहर (60) की करंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे वह नहाने के लिए नल में लगा मोटर चलाने के लिए स्विच खोलने गए, तभी करंट लग गया। परिजनों ने देखा, तब तक मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

## साइकिल से जा रहा छात्र मांझे की चपेट में आकर घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** कॉलेज से साइकिल द्वारा घर जा रहा एक छात्र मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

ग्राम फत्तेपुर गैसरा निवासी सुमित यादव किसान इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। गुरुवार को कॉलेज की छुट्टी के बाद वह साइकिल से घर लौट रहा था, तभी तिलहर शिवदासपुर मार्ग पर एक पेड़ से लटक रहे चाइनीज मांझे में उसकी गर्दन फंस गई, जिससे वह घायल हो गया। मांझा निकलते समय उसके बाएं हाथ की उंगली भी कट गई। चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने तत्काल उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

# नदी में डूबकर युवक की मौत

- एक साल से मदनापुर के एक बाबा के साथ रहने लगा था हरदोई का दीपक
- शुक्रवार सुबह धार्मिक स्थल पर पूजा करने से पहले बहगुल में पहुंचा था नहाने

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बहगुल नदी में नहाने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। एक घंटे बाद गोताखोर उसे बाहर निकाल सीएचसी पर ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक हरदोई जिले का रहने वाला था।

हरदोई के थाना पिहानी के गांव नयागांव निवासी दीपक कुमार (25) एक साल पहले बाबा प्रेमचंद के साथ मदनापुर क्षेत्र के गांव सेनाखेड़ा में एक धार्मिक स्थल पर रहने लगा था। वह बाबा की देखभाल करता था और धार्मिक स्थल की सफाई करता था। शुक्रवार की सुबह छह बजे दीपक पूजा करने से पहले पड़ोस में बहगुल नदी में नहाने के लिए चला गया। नहाते समय अचानक वह डूब गया। लोगों ने बाबा प्रेमचंद को जानकारी दी। बाबा गांव वालों के साथ नदी पर गए और गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने उसे एक घंटे बाद नदी से निकाल लिया। सीएचसी पर ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वह धार्मिक स्थल पर रहता था। कभी-कभी हरदोई आता था। उसकी मां बीमार रहती है। उसकी शादी नहीं हुई थी और चार भाइयों में दूसरे नंबर का था।


पोस्टमार्टम हाउस पर बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

## बाढ़ के पानी में नहाते समय डूबा युवक

- दो घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निकाला शव

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** बाढ़ के भरे हुए पानी में नहाने के दौरान एक युवक की डूबकर मौत हो गई। पुलिस और दमकल यूनिट ने गोताखोरों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद शव का निकाला गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिर्जापुर क्षेत्र के पृथ्वीपुर गांव निवासी मेघनाथ का पुत्र रामतीर्थ (22) शुक्रवार सुबह ढाई गांव से निर्माणाधीन मकान के लिए सामान लेने गया था। उसने कुछ सामान लेकर बाइक की डिग्गी में रख लिया। इस दौरान रामतीर्थ अपने साथियों सचिन, मुकेश, सोनू, रामजीत, मोनू, आदर्श, आनंद व महाराज के साथ चौरा व धिंयरपुरा के बीच रपटा पुलिया पर नहाने लगा। सुबह करीब साढ़े दस बजे रामतीर्थ रपटा पुलिया की बाढ़ के पानी में नहाते समय डूबने लगा। साथियों ने चीख पुकार मचाई गई लेकिन तब तक वह पूरी तरह से डूब गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मिर्जापुर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ व फायर ब्रिगेड के दरोगा श्याम बाबू व सचिन त्यागी, शिवम कुमार, आकाश सिंह ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों को बुलवाया। गोताखोरों ने दो घंटे कड़ी मशक्कत के बाद शव को खोजकर पानी से निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जवान बेटे की मौत से पिता मेघनाथ, मां मीना देवी, बड़ा भाई रामजीत, बहन ओमश्री व रीतू का रो रो कर बुरा हाल है।



# 13 साल वेश बदलकर घूमता रहा दुष्कर्म का अभियुक्त, गिरफ्तार

- 2011 में सेहरामऊ दक्षिणी थाने में दुष्कर्म, लूट की धाराओं में दर्ज था केस
- किसी से मिलने आया तो पकड़ा गया, जमानत के बाद से था फरार
- परिजनों और रिश्तेदारों से भी नहीं किया संपर्क, कोर्ट से जारी हुआ था वारंट

कार्यालय शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दुष्कर्म और लूट मामले में आरोपी अभियुक्त कोर्ट से जमानत होने के बाद 13 वर्ष तक वेश बदलकर इधर-उधर अन्य प्रदेशों में घूमता रहा। इधर पुलिस एएसजे/एफटीसी कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद उसकी तलाश में घूम रही थी। शुक्रवार दोपहर सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने बादशाहनगर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव रौरा निवासी रिंकू के खिलाफ वर्ष 2011 में सेहरामऊ दक्षिणी में दुष्कर्म, लूट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। वर्ष 2012 में न्यायालय से जमानत पाकर वह पलायन कर गया और न्यायालय द्वारा नियत तिथि पर मकुदमे की तारीख पर वह कोर्ट में पेश नही हुआ। इस पर न्यायालय ने धारा 82/83 सीआरपीसी की कार्रवाई की और उसके बाद अभियुक्त रिंकू का वारंट जारी किया गया था। करीब 13 वर्षों से रिंकू वेश बदलकर और पहचान छिपाकर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में रह रहा था। उसने अपने परिजन व रिश्तेदारों से भी संपर्क नहीं किया। इधर, एसपी के निर्देश पर अपराधियों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे बादशाहनगर चौराहे से शुक्रवार दोपहर 12: 40 बजे गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद।** पुलिस ने बरेली के कलापुर निवासी पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी से बरेली के इज्जतनगर क्षेत्र के गांव कलापुर निवासी राजेश ने बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया था। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक महेश सिंह को सौंपी गई। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी राजेश को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### सजा हो जाने के डर से फरार हो गया था आरोपी

अभियुक्त रिंकू ने बताया कि वर्ष 2011 में उसका एक लड़की के साथ प्रेम प्रंसग था, जिसमें लड़की के परिवारवालों ने उसके खिलाफ दुष्कर्म सहित लूट का मुकदमा लिखाया था। जिसमें वह जेल गया था। घर वालों ने जमानत करा ली थी पर उसे डर था कि कहीं उसे सजा न हो जाए। वह जमानत पर छूटने के बाद से ही फरार हो गया और 13 वर्षों में उसने दिल्ली, पंजाब व हरियाणा आदि राज्यों में रहकर मजदूरी कर जीवन काटा।

### परिजनों का हाल जानने आया था रिंकू

वह इस दौरान कई बार बरेली व लखनऊ भी आया लेकिन रिश्तेदारों व परिजनों से कभी नही मिला और न ही कोई संपर्क किया। यदि वह संपर्क में होता तो पहले ही पकड़ा जाता। आरोपी ने बताया कि उसने यह सूचना फैला दी थी कि बीमारी के चलते उसकी मौत हो गई है। आज भी वह अपने गांव जाने के लिए नही बल्कि किसी व्यक्ति से मिलने और परिजनों का हाल लेने आया था। इंतजार में खडा था, तभी किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिससे पकडा गया।

## गाली देने से मना करने पर महिला को पीटा

**बंडा, अमृत विचार :** शराब पीकर गाली देने से मना करने पर एक युवक ने महिला को जमकर मारा पीटा। बचाने आए उसके पुत्र को भी मारा पीटा। पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बंडा के गांव ददिउरी निवासी राम कुमार की पत्नी शकुंतला देवी ने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम 5:30 बजे गांव का जयराम दारू पीकर उसके दरवाजे पर आया और गालियां देने लगा। जब उसने गाली देने का विरोध किया तो युवक ने महिला को जमकर मारा पीटा। बचाने आए उसके पुत्र अरविंद को भी मारा पीटा, जिससे उसके गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दिक्कत | लोगों ने दो माह पहले बिहार जाने की ट्रेनों में करा लिए थे रिजर्वेशन

# दिवाली व छठ पूजा पर आसान नहीं सफर ...लंबी है इंतजार की सूची

- स्लीपर में वेटिंग की सुविधा नहीं टिकट कंफर्म होने की उम्मीद में करा रहे पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दशहरा, दिवाली और छठ पूजा को लेकर बिहार और बंगाल जाने वाली ट्रेनों की वेटिंग काफी लंबी और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। लोगों ने दो माह पहले रिजर्वेशन करा लिए थे, जबकि वेटिंग टिकट पर स्लीपर कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं है। फिर भी लोग वेटिंग में रिजर्वेशन करा रहे है। लोगों को उम्मीद है कि आखिरी समय में टिकट कंफर्म हो सकता है।

12 अक्टूबर को दशहरा, एक नवंबर को दिवाली और छह नवंबर को छठ पूजा है। बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग पंजाब और बिहार में नौकरी करते है। साथ ही काफी संख्या में पूर्वांचल के लोग यहां भी काम करते है। पूर्वांचल के लोग छठ पूजा पर घर जरूर जाते है। वहीं, बंगाली समाज के लोग दुर्गा पूजा मनाने कोलकाता जाते है। दिवाली और छठ पूजा को लेकर लोगों ने अपने घरों को जाने के लिए दो माह पहले रिजर्वेशन करा दिए थे। रिजर्वेशन फुल हो जाने के बाद अब ट्रेनों में वेटिंग काफी लंबी चल रही है। डाउन लाइन की श्रमजीवी एक्सप्रेस में 100, शहीद एक्सप्रेस में 60, सरयू-यमुना एक्सप्रेस में 45, सत्याग्रह एक्सप्रेस में 50 स्लीपर की वेटिंग है। इसके अलावा डाउन लाइन की पंजाब मेल, गंगा सतलज एक्सप्रेस, सियालदहा एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस में वेटिंग अधिक है। वेटिंग सूची लंबी होने के कारण भी टिकट घर पर रिजर्वेशन करा रहे है। इस उद्देश्य से करा रहे कि हो सकता है कि रिजर्वेशन टिकट कंफर्म हो जाए। जबकि वेटिंग टिकट स्लीपर कोच में सफर करने की अनुमति नहीं है। रेल प्रशासन से मांग की है कि जनरल कोच बढ़ाए जाए और छठ पूजा स्पेशल ट्रेन चलाई जाए। इस बाबत सीएमआई एस के ठाकुर ने बताया कि त्योहार को लेकर स्पेशल ट्रेनें चलायी जा रही है।


रेलवे स्टेशन पर टिकट घर के बाहर खड़े यात्री। ● अमृत विचार

### चल रही स्पेशल ट्रेनें

रेल प्रशासन ने डाउन लाइन पर 05735 कटिहार स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को चल रही है। 4032 गरीब रथ एक्सप्रेस सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार, रविवार को चल रही है। 5194 छपरा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को चल रही है। 4680 कोलकाता एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार और 5538 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस स्पेशल प्रत्येक सोमवार को संचालित हो रही है। रेल प्रशासन यात्रियों की सहूलियत के लिए स्पेशल ट्रेनें और बढ़ाए जाने की घोषणा की है।

### टिकट घर पर कर सकते ऑनलाइन पेमेंट

रेलवे स्टेशन पर जनरल टिकट घर और रिजर्वेशन टिकट घर पर क्यूआर कोड ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम मशीन लग गयी है। रिजर्वेशन कराते और जनरल टिकट लेते समय मशीन से ऑनलाइन पेमेंट कर सकते है। टूटे पैसे और अधिक पैसे लेने की शिकायत दूर हो जाएगी। टिकट अधिक पैसे लेने की शिकायत नहीं होगी। इसी प्रकार यूटीएस ऐप से अपने मोबाइल पर डाउनलोड करके पेपर लेस व पेपर टिकट निकाल सकते है। जो मोबाइल पर टिकट आ जाएगा।

### रेलवे की धारा 155 एक्ट पर की जाएगी कार्रवाई

यदि कोई यात्री वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में सफर कर रहा है। टीटीई उसे कोच से उतरने की सलाह देगा कि जनरल कोच में चले जाए। यदि जबरन वेटिंग टिकट से स्लीपर कोच में यात्री सफर कर रहा है तो उसके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 155 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## फंदे से लटका मिला लापता युवती का शव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गांव इंदेपुर में एक युवती दो दिन से गायब थी। परिवार वालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शुक्रवार को युवती का शव पड़ोस में चाचा के खण्डर पड़े मकान में धन्नी से दुपट्टे से लटका हुआ था। कांट क्षेत्र के गांव इंदेपुर निवासी प्रेमलता (20) दो दिन पहले घर से गायब हो गई थी। पिता रामरतन ने उसे सब जगह तलाशने के बाद निराशा हाथ लगने पर उसके गायब होने की सूचना थाने पर दर्ज कराई थी, उनको शक था कि कोई युवक उसे अगवा कर ले गया होगा। शुक्रवार की सुबह छह बजे ग्रामीणों ने देखा कि पड़ोस में उसके चाचा के खंडहर मकान में धन्नी से दुपट्टे से उसका शव लटका हुआ था। शव देखने वालों की भीड़ लग गयी। उन्होंने थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार मौके पर पहुंचे और युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दरवाजे की कुंडी में लिपटे सांप ने महिला को डसा, मौत


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम खड़े महिला के परिजन। ● अमृत विचार

- रात दो बजे लघुशंका के लिए उठी थी विमला, कुंडी खोलते ही हाथ की अंगुली में डस लिया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बौरी गांव में मकान के दरवाजे की कुंडी में लिपटे सांप ने महिला के हाथ में डस लिया। महिला को रात में मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बौरी निवासी विमला (45) पत्नी दाताराम गुरुवार की रात नौ बजे खाना खाकर कमरे में सोने चली गई। वह रात में दो बजे लघुशंका के लिए उठी। उसे पता नहीं था कि दरवाजे की कुंडी में सांप लिपटा हुआ है। उसने कुंडी खोली तो सांप ने उसके हाथ की अंगुली में डस लिया। महिला के शोर मचाने पर परिवार वाले जाग गए और देखा कि सांप भाग रहा था। परिवार वाले विमला को लेकर रात में मेडिकल कॉलेज आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि रात में महिला के सांप ने डस लिया था और उसकी मौत हो गई। मृतका के पांच बच्चे है। खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244


## नराकास कार्यशाला में बताई हिंदी की उपयोगिता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की रोजा शाखा पर (नराकास) बैठक में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नराकास सचिव ओसीएफ की उप महाप्रबंधक अनु सक्सेना ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकारी कार्यालयों एवं कंप्यूटर पर हिंदी के उपयोग के बारे में पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के उपयोग में आने वाली परेशानियों के निराकरण के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नराकास सदस्य मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. आदित्य त्यागी
8077344353
टूयूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयां के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयां द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का आपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 1 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुशशरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली


# ...ऐसे तो चंद दिन ही टिक पाएगी सड़क

## आरोप: इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण में लगाई जा रही मानक विहीन सामग्री

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत प्रशासन की ओर से लाखों रुपये की लागत से बनाई जा रही नई इंटरलॉक सड़क और नाली निर्माण कार्य में मानक विहीन सामग्री का उपयोग हो रहा है। इससे चंद दिनों में ही सड़क और नाली टूटने की आशंका है। लोगों का कहना है कि नाली में पुरानी ईंट लगाई जा रही है। इस मामले में मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की है।

खुटार आदर्श नगर पंचायत में नगर के मोहल्ला पटवा वार्ड सहित कई मोहल्लों में इंटरलॉक सड़क, नाली की मरम्मत के साथ ही निर्माण कार्य चल रहा है। मोहल्ला में बन रही इंटरलॉक सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण में पुरानी के साथ ही पीली ईंट का भी प्रयोग किया जा रहा है। इसमें रेत, सीमेंट आदि सामग्री घटिया उपयोग में लाई गई है। मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानक के विपरीत सामग्री लगाई जा रही है। जिसकी शिकायत नगर पंचायत प्रशासन से भी की गई लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच करने की जहमत तक नहीं उठाई। जबकि यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में है, इसके बावजूद लेकिन निर्माण कार्य को बंद नहीं कराया गया है। केवल लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दे रहे है।


मोहल्ला नरायनपुर में निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग सड़क।


सड़क और नाली निर्माण में पीली ईंटों, अन्य घटिया सामग्री का उपयोग होने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस मामले से प्रशासन को अवगत कराया गया है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग होने से जल्द ही सड़क और नाली टूट सकती है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

– अजीत गुप्ता

- नाली में इस्तेमाल हो रही पीली ईंट, रेत की जगह डाली जा रही पीली मिट्टी, जिम्मेदार बने अंजान


मानक विहीन नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें स्थानीय अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। यहां ठेकेदार अपनी मनमर्जी के मुताबिक कार्य कर रहा है। सड़क और नाली निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। इसके बावजूद अधिकारी जांच करने की जरूरत नहीं समझ रहे है।

– उपेंद्र मिश्रा

मामले की जांच कराई जाएगी। यदि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

– **मनोज कुमार**, जेई नगर निगम, शाहजहांपुर

## रहस्यमयी बीमारी से सात पशुओं की मौत

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पलिहुरा में रहस्यमयी बीमारी से तीन दुधारू पशुओं सहित सात जानवरों की गुरुवार रात मौत हो गई, पांच बीमार है। जानकारी पाकर डिप्टी सीवीओ प्रवीण त्यागी टीम के साथ पलिहुरा गांव पहुंचे। बीमार जानवरों को दवा देकर मृत पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया। हल्का लेखपाल ने भी पड़ताल की। पलिहुरा के हरिशंकर ने बताया रात में उनके सभी जानवर पशुशाला में बंधे थे। रात 12 बजे के करीब उनकी तीन दुधारू भैंस व चार अन्य पशुओं ने अचानक तड़पकर दम तोड़ दिया। देखते-देखते सात पशुओं की मौत हो गई। बताया कि पांच पशु बीमार है। डायल 112 पर सूचना देने के साथ ही थाने में प्रार्थना पत्र दिया। वहीं हल्का लेखपाल ने भी किसान को सरकार द्वारा दी जाने वाली हर संभव मदद का भरोसा दिया। पुलिस ने भी पहुंचकर पड़ताल की।

# बिजली के लटकते तारों से अनहोनी का खतरा

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** पुवायां के गांव बेहटा सनवात गांव में लटकते बिजली के तार दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को इस खतरे की जानकारी दी है, लेकिन विभाग की नींद अब तक नहीं टूटी है।

बेहटा सनवात गांव गंगसरा बिजली उपकेंद्र से जुड़ा हुआ है, जहां से बिजली की सप्लाई होती है। गांव निवासी भाजपा नेता सतेंद्र मिश्रा समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि उपकेंद्र के सरकारी नंबर पर फोन करने पर कोई भी कॉल नहीं उठाता। कई बार शिकायत दर्ज कराई भी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले इसी लापरवाही के चलते पूर्व में दो लोगों की जान जा चुकी है लेकिन बिजली विभाग ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है।

ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर रोष है। ग्रामीण बिजली के तारों की मरम्मत और उन्हें सही ऊंचाई पर करने की मांग कर रहे हैं ताकि किसी और अनहोनी से बचा जा सके। बावजूद इसके बिजली विभाग की अनदेखी से गांव के लोग चिंतित और आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समाधान की मांग की है।


सड़क पर लटक रहा बिजली का तार।

- बेहटा सनवात में शिकायत के बाद भी नहीं चेत रहे बिजली अधिकारी
- पूर्व में जा चुकी है दो लोगों की जान, समाधान की उठी मांग

# चीनी मिल पर रामलीला की जमीन कब्जाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय गोरक्षक संघ के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जिला अधिकारी को संबोधित पांच बिंदुओं पर ज्ञापन दिया।

संघ ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए एक चीनी मिल पर प्राचीन समय से चल रही रामलीला की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश अवस्थी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम पंचायत चौढेरा के रौसर कोठी कस्बे में सन 1923 से श्री रामलीला का मंचन हो रहा है। जिसमें दूर दराज से आस्था के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण आते हैं।

इस आबादी की जमीन पर चीनी मिल और एक अन्य व्यक्ति ने कब्जा करने की नीयत से दीवार उठाना शुरू कर दिया। मौके पर राजस्व अधिकारियों ने पहुंचकर काम को रुकवा दिया, लेकिन खड़ी की गई दीवार अभी तक नहीं गिराई गई है। हिंदू जन समूह दीवार को ध्वस्त करने के लिये बाध्य होगा। उन्होंने कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कृष्ण कुमार पांडेय, राहुल,अनिल, गोपाल, विश्राम वर्मा, अमित कुमार, मिश्रा, रिजवान, दीपक, आकाश, नीरज वर्मा, मोदी, संजय दिक्सित, दीपू,गोविंद, सत्येंद्र , शैलेंद्र समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे पदाधिकारी। • अमृत विचार

- राष्ट्रीय गो रक्षक संघ ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# जेसी सप्ताह: महिला सुरक्षा आत्मरक्षा विषयों पर चर्चा



अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जेसीआई के वार्षिक कार्यक्रम के तहत जेसी सप्ताह के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में गुरुवार को ग्रीन वैली कान्वेंट में आइडेंटिफाई यौर गोल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर सीओ सिटी ट्रेनी इशिता सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए महिला सुरक्षा एवं उनकी आत्मरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी और बच्चों में हिम्मत और जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए उनसे संवाद कर सरकार की ओर से जारी सभी नंबरों का महत्व अलग-अलग बताया। समझाया कि किस नंबर से किस किस प्रकार की सहायता प्राप्त करनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर किन नंबरों से त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकती है। बच्चों को घर से ही सहायता प्राप्त करने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के संबंध में बताया कि वह लगातार होने वाली समस्या से बचने के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, सहायता की आवश्यकता पर 112, 1090 नंबर पर महिला सुरक्षा के लिए सहायता प्राप्त की जा सकती है, जिसमें महिलाओं की लोकेशन ट्रेस करके उन पर लगातार निगरानी रखी जाती है। 181 नंबर महिला हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। कहा कि लड़का और लड़की एक समान हैं। इस मौके पर अतिरिक्त असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा त्रिपाठी, राम चंद्र मिशन के थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला, जेसी ट्रेनर अनुज गुप्ता, स्कूल की प्रधानाचार्या शशि गुप्ता, शिखा सिंह, शिवा, जेसीआई अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, सप्ताह निदेशक सचिन बाथम, स्कूल प्रबंधन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

- ग्रीन वैली कान्वेंट में आइडेंटिफाई यौर गोल कार्यक्रम का आयोजन



जीएफ कॉलेज के हिंदी विभाग में हुईं प्रतियोगिताओं के विजेता।

# सुलेख व पत्र लेखन में सृष्टि प्रश्नोत्तरी में शिवम विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जी एफ कॉलेज के हिंदी विभाग में हिंदी सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को सुलेख लेखन प्रतियोगिता, कार्यालयी पत्र लेखन प्रतियोगिता एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

विभागाध्यक्ष प्रोफेसर फैयाज अहमद ने बताया कि सुलेख लेखन प्रतियोगिता में सृष्टि आर शर्मा ने प्रथम, शैलेंद्र सिंह ने द्वितीय और कनक सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह कार्यालयी पत्र लेखन में सृष्टि आर शर्मा को प्रथम, हर्ष पांडेय को द्वितीय एवं विवेक कुमार को तृतीय स्थान मिला। प्रश्नोत्तरी में शिवम कुमार को प्रथम, नीलेश कुमार चौबे को द्वितीय, सृष्टि आर शर्मा को तृतीय और पम्मी सिंह, प्रशांत शुक्ला को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि हिंदी हमारे देश की पहचान है। यह देश की संस्कृति, संस्कार और जीवन मूल्यों को दर्शाती है। विभागाध्यक्ष डॉ. फैयाज़ अहमद ने कहा कि हिंदी बहुत सरल, सहज और सुगम होने के साथ विश्व की वैज्ञानिक भाषा भी है। इस अवसर पर प्रो. मोहम्मद साजिद खां, प्रो. मोहम्मद अरशद खान, डॉ. दरख़्शां बी, डॉ. शमशाद अली ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन डॉ. मोहम्मद काशिफ नईम और आभार डॉ. परवेज़ मोहम्मद ने व्यक्त किया।

- जीएफ कॉलेज के हिंदी विभाग में हुईं प्रतियोगिताएं

## एक नजर

### सिंधौली के सहोरा में तनाव, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली के सहोरा गांव में तनाव को देखते हुए तीसरे दिन शुक्रवार को भी एसडीएम पुवायां संजय पांडेय और सीओ पंकज पंत ने निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। हालांकि दूसरे दिन शांति रही, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बताई गई। जिसके चलते कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात रही। इससे पहले बुधवार को गांव में मजार को तोड़कर शिवलिंग की स्थापना कर दी गई थी। इसके बाद अचानक बुधवार रात को ही शिवलिंग गायब हो गया। जिसके बाद गुरुवार को भारी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग मौके पर पहुंचे थे और भारी हंगामा किया था। इसके साथ ही विवादित धार्मिक स्थल को तोड़कर शिवलिंग की स्थापना कर दी गई थी।

### पंजाबी महासभा करेगी लावारिस अस्थियों का विसर्जन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा ने महानगर के मोक्षधाम में रखे लावारिस अस्थि कलशों को ढाईघाट गंगा जी में विसर्जन करने का निर्णय लिया है। महासभा अध्यक्ष किशन लाल छाबड़ा ने कहा है कि चूंकि अब पितृपक्ष आरंभ हो चुका है, इसलिए मोक्षधाम में काफी समय से अपनों की प्रतीक्षा में रखी अस्थियों को मोक्ष प्रदान करना जरूरी हो गया है। छाबड़ा ने कहा कि खन्नौत लालपुल मोक्षधाम और गर्रा मोक्षधाम में जिन सज्जनों ने अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के बाद अस्थियां विसर्जन के लिए अभी तक नहीं उठाई हैं, वह 30 सितंबर तक उठा लें, अन्यथा पंजाबी महासभा पितृ विसर्जन के दिन अर्थात दो अक्टूबर बुधवार सुबह नौ बजे बस के माध्यम से लावारिस अस्थियों को सम्मानपूर्वक ढाईघाट गंगा जी में विधि-विधान से प्रवाहित कर दिया जाएगा।

### पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नारौठा देवी दास निवासी अनिल कुमार की पत्नी प्रियंका देवी ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति अनिल कुमार काफी समय से उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित कर रहा है। उसने कई बार ससुरालियों व रिश्तेदारों को भी जानकारी दी। फिर भी उसका पति शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देने पर बाज नहीं आया। आरोप लगाया कि वह आए दिन शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करता रहता है। शुक्रवार को वह खाना बना रही थी कि उसी समय वह आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने प्रियंका देवी की तहरीर के आधार पर पति अनिल कुमार के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किसानों को दी कृषि संबंधी जानकारी

**रोजा, अमृत विचार :** राजा ऑटोमोबाइल पर शुक्रवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें 500 किसानों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि कंपनी के रीजनल मैनेजर दाऊ शर्मा, एरिया मैनेजर संदीप कुमार, टेरिटरी मैनेजर गौरव कुमार और सर्विस मैनेजर महेंद्र प्रोडक्ट के बारे में जानकारी दी और किसानों के लिए दो नये प्रोडक्ट भी लांच किए। जिसमें डीलर सतीश सक्सेना और राजा सक्सेना ने किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दी।

# रात में भी बुद्ध-आंबेडकर प्रतिमा के पास डटे रहे ग्रामीण

## निगोही के गांव हसौआ में एसडीएम के पहुंचने के बावजूद नहीं बनी बात, बेबस दिखा प्रशासन

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर

- प्रतिमा हटाए जाने को दिखाई सख्ती तो ग्रामीण व महिलाएं हो गई उग्र



गांव हसौआ में बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा के पास बैठीं महिलाएं व ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र के गांव हसौआ में गांव की खाली पड़ी भूमि पर रातो-रात स्थापित की गई बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा को हटाए जाने के प्रशासन के सारे प्रयास फेल हो गए। गुरुवार रात एसडीएम राजस्व व पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुंचे तो महिलाएं व ग्रामीण प्रतिमा के पास ही बैठे रहे।

प्रशासन ने काफी देर मान मनौव्वल के बाद सख्ती दिखाई तो एक बार फिर महिलाएं उग्र हो गईं। स्थिति ऐसी हो गई कि अधिकारियों और पुलिस को मजबूरन हटना पड़ा। बिना अनुमति स्थापित की गई प्रतिमा को हटाने में प्रशासन अब बेबस नजर आ रहा है। महिलाएं प्रतिमा के पास निगरानी कर रही हैं और प्रशासन कार्रवाई के लिए माथापच्ची में जुटा हुआ है।

निगोही क्षेत्र के गांव हसौआ में बुधवार सुबह से लेकर दोपहर करीब 1:30 बजे तक तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल, थानाध्यक्ष मशक्कत करते रहे लेकिन प्रतिमा नहीं हटाई गई। टीम जब खुद प्रतिमा हटाने के लिए आगे बढ़ी तो महिलाएं ईट-पत्थर और लाठी-डंडा लेकर प्रतिमा के आगे खड़ी हो गईं थीं और प्रतिमा हटाए जाने का विरोध करना शुरू कर दिया। महिलाओं के उग्र स्वभाव को देखते हुए राजस्व टीम व पुलिस वापस लौट गई थी। इसके बाद गुरुवार रात करीब आठ बजे तिलहर एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ सदर प्रयांक जैन व राजस्व टीम और पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए और ग्रामीणों से प्रतिमा हटाए जाने के लिए कहा, इसके लिए प्रतिमा के पास पंचायत बैठी, जिसमें महिलाएं और पुरुष भी शामिल थे। प्रतिमा को हटाए जाने के लिए रात 12 बजे तक प्रशासन मान मनौव्वल करता रहा लेकिन प्रतिमा स्थापित करने वाले प्रतिमा हटाने को तैयार नहीं थे, तब फिर प्रशासन ने सख्ती दिखाई तो एक बार फिर महिलाएं उग्र हो गईं। अधिकारियों और पुलिस को मौके से मजबूरन हटना पड़ा। प्रतिमा को हटाने में बेबस नजर आ प्रशासन अब कार्रवाई के लिए माथापच्ची में जुटा हुआ है। वहीं महिलाएं प्रतिमा के पास निगरानी कर रही हैं।

> अभी न तो प्रतिमा हटाई गई है और न ही किसी पर कोई कार्रवाई की गई है, अभी इसको लेकर बातचीत चल रही है। बात नहीं मानी जाएगी तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> – प्रयांक जैन, सीओ सदर

> आज पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की जिले में उपस्थिति थी, इसलिए ड्यूटी में था। अधिकारियों से मंत्रणा व ग्रामीणों से वार्ता नहीं हो पाई है। इसलिए अभी गांव में यथास्थिति बनी हुई है।
>
> **– जगत मोहन जोशी**
> नायब तहसीलदार



हसौआ गांव पहुंचे एसडीएम जीत सिंह राय, सीओ सदर प्रयांक जैन व पुलिस फोर्स।

### ये था मामला: वर्षों से खाली पड़ी जमीन पर कुछ लोगों ने स्थापित कर दी प्रतिमाएं

गांव हसौआ में कुछ लोगों ने गांव के उत्तर दिशा में नहर किनारे वर्षों से खाली पड़ी जमीन पर मंगलवार रात बुद्ध और आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी थी। कुछ लोगों की शिकायत पर निगोही थानाध्यक्ष अरविंद कुमार चौहान पुलिस टीम व तहसीलदार जयप्रकाश यादव, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, लेखपाल चंचल आदि के साथ अगले दिन बुधवार को गांव पहुंचे और बिना अनुमति लगाई गई प्रतिमा को हटाने का निर्देश देकर टीम लौट गई थी। इसके बाद भी प्रतिमा नहीं हटाई गई। तब विपक्षियों की दोबारा शिकायत पर बुधवार रात करीब 11 बजे एक बार फिर पुलिस और राजस्व टीम गांव पहुंची और प्रतिमा हटाने को कहा लेकिन प्रतिमा की स्थापना करने वालों ने प्रतिमा नहीं हटाई और टीम गांव से लौट आई। गुरुवार सुबह टीम फिर गांव पहुंची और प्रतिमा की स्थापना करने वालों से प्रतिमा हटाने के लिए कहा लेकिन उन लोगों ने राजस्व टीम व पुलिस की बात नहीं मानी।

# अटेवा की विकास भवन इकाई गठित, विद्योत्तम बने अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- श्याम किशोर चुने गए महामंत्री 26 को कार्यकारिणी का किया जाएगा विस्तार



पदाधिकारियों का स्वागत करते मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमित कुमार व अन्य।

**अमृत विचार:** अटेवा की ओर से पुरानी पेंशन बहाली के लिए चलाए जा रहे अभियान में ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे देखते हुए अटेवा पेंशन बचाओ मंच उप्र जिला इकाई की ओर से विकास भवन में तैनात ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अमित कुमार और महामंत्री ओमकार से संयोजक के दायित्वों को निभाते हुए अटेवा की विकास भवन इकाई का गठन किए जाने का प्रस्ताव दिया गया था।

इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन ने विकास भवन के विभिन्न विभागों से विचार-विमर्श के बाद अटेवा की विकास भवन इकाई के लिए विद्योत्तम सिंह यादव को अध्यक्ष, श्याम किशोर शर्मा को महामंत्री, अनिल कुमार आशुलिपिक मुख्य विकास अधिकारी व संजय सिंह पंचायत अनुभाग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पदीय दायित्वों के लिए चयनित किया गया। इस कार्यक्रम में शिवशंकर सक्सेना, उमेश सिंह राना, अमित कुमार, रामजी गुप्ता, अनिल कुमार, अंकुश वर्मा, मुश्ताक अहमद, विध्धोत्तम सिंह यादव, श्याम किशोर शर्मा, कनक सिंह, चरण सिंह, योगेंद्र, मनीष पांडे, विनायक मेहरोत्रा, शैलेंद्र सक्सेना, श्रीराम, कमल किशोर व विकास भवन के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, छत्रपाल आदि उपस्थित पदाधिकारियों का ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से स्वागत किया गया और आश्वस्त किया गया कि विकास भवन में सक्रिय व जुझारू कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। साथ ही अमित कुमार की ओर से यह भी बताया गया कि अटेवा के आह्वान पर 26 सितंबर को आयोजित होने वाली बाइक रैली से पहले विकास भवन इकाई की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमे जिला इकाई के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन पर साधू की मौत, शव उठाने को लेकर जीआरपी-आरपीएफ में नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिंदा और मृत घोषित किए जाने को लेकर हुई बहस
- आधा घंटे बाद जीआरपी ने भरा शव का पंचनामा

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो और तीन के बीच बेंच पर एक साधू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। जीआरपी और आरपीएफ में शव उठाने के लिए आधे घटे तक नोकझोंक हो गई। जीआरपी का कहना था कि डॉक्टर मृत घोषित करें। आखिर में आधे घंटे बाद जीआरपी ने बाबा के शव का पंचनामा भरा।

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म दो और तीन के पश्चिचमी छोर पर सुबह दस बजे यात्रियों ने एक साधू का शव बेंच पर देखा। यात्रियों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी और आरपीएफ को मेमो दिया। जीआरपी और आरपीएफ के दरोगा और सिपाही प्लेटफार्म पर पहुंच गए। जीआरपी और आरपीएफ में साधू के शव को उठाने के लिए नोकझोंक होने लगी। आरपीएफ के सिपाहियों ने कहा कि जिंदा व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना आरपीएफ की जिम्मेदारी है। यदि व्यक्ति मर गया हो, तो पंचनामा भरने की जिम्मेदारी जीआरपी की होगी। जीआरपी के कर्मचारियों ने कहा पहले डॉक्टर इसे मृत घोषित करें, उसके बाद शव का पंचनामा भरा जाएगा। शव का पंचनामा भरने को लेकर आधे घंटे तक नोकझोंक होती रही। आखिर में जीआरपी ने अज्ञात साधू का शव पंचनामा भरकर भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि सुबह एक साधू का शव प्लेटफार्म पर बेच पर मिला था, जिसकी उम्र 60 साल होगी। अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### साधुओं की शरण स्थली बन गया स्टेशन

रेलवे स्टेशन परिसर बाबाओं साधुओं और भिखारियों की शरणस्थली बन गयी है। बाबा, साधू और भिखारी दिन भर इधर-उधर मांगते है ओर प्लेटफार्म पर आकर रात में सो जाते है। तीन दिन पहले प्लेटफार्म एक महिला भिखारी का शव मिला था। स्टेशन परिसर में भी भीख मांगा करते है। इसके अलावा द्वितीय प्रवेश द्वार के प्रतीक्षालय को बंजारों ने अड्डा बना लिया है। वह दिन-रात पड़े रहते हैं। शाम को शराब पीकर आपस में लड़ते है। आरपीएफ कई बार भगा चुकी है, आकर फिर डेरा डाल देते है।

# जहरीला इंजेक्शन लगवा कर बेटी की हत्या करने का आरोप

संवाददाता, जलालाबाद

- मृतका के पिता ने ससुरालियों पर लगाया आरोप, दी तहरीर
- संदिग्ध अवस्था में गुरुवार को हो गई थी महिला की मौत

**अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में महिला की मौत के बाद पति ने झोलाछाप पर जहरीला इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। वहीं महिला के मायके वालों ने पति पर दवा दिलाने के बहाने हत्या का आरोप लगाया हैं।



मृतका शोभा।

क्षेत्र के गांव रूपापुर निवासी शोभा (22) पत्नी आकाश सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति आकाश सिंह ने बताया कि गुरुवार को उसकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी। वह गांव गुनारा में दवा लेने झोलाछाप के पास गया। झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने के कारण गुरुवार को पत्नी की मौत हो गई। जबकि पलिया पट्टी थाना जैतीपुर निवासी मृतका के पिता राजेश सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उन्हें शुक्रवार सुबह गांव के लोगों से सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। जब वह गांव रूपापुर पहुंचे तो उनकी बेटी के शरीर पर नीले चोट के निशान पड़े हुए थे। रोते हुए पिता ने बताया कि रात 12 बजे उससे बात हुई थी। पिता का आरोप है रिश्तेदारों ने दवा लेने के बहाने जहरीला इंजेक्शन लगवा कर उसकी पुत्री की हत्या कर दी है। तीन वर्ष पहले ही उसने अपनी पुत्री शोभा की शादी आकाश सिंह के साथ की थी। थाने में दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में पुलिस का कहना है मायके व ससुराल पक्ष से तहरीरें मिली हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो सकेगा कि मौत का कारण क्या है। इसके बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

### श्मशान घाट पर एक घंटे तक अंतिम संस्कार रोके रही पुलिस

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में एक महिला की बीमारी से मौत हो गई। मायके वालों ने पुलिस से कहकर शमशान घाट पर अंतिम संस्कार रुकवा दिया। पुलिस के सामने थाना पर दोनों पक्षों ने अपनी बात रखी। आखिर में मायके वालों ने कह दिया कि कोई आरोप नहीं है और बीमारी से मरी है। पुलिस एक घंटे तक अंतिम संस्कार को रोके रही। आखिर में उसका अंतिम संस्कार किया गया। सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी राजेश की शादी कई साल पहले 30 वर्षीय प्रीति निवासी सिकंदरपुर थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। उसके पति कहना है कि उसकी पत्नी दो माह से बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। वह चार दिन से मेडिकल कॉलेज में भर्ती थी और उसकी छुट्टी कराके घर ले आए थे। शुक्रवार की सुबह सात बजे प्रीति की मौत हो गई। इधर मृतका के भाई सोबरन निवासी हरदोई का आरोप था कि उसकी बहन की मरने की सूचना ससुराल वालों ने नहीं दी थी। उसे रिश्तेदारों ने फोन से बताया कि प्रीति की मौत हो गई है। वह परिवार वालों के साथ बहन की ससुराल दोपहर को पहुंचा और उसे पता चला कि उसकी बहन का अंतिम संस्कार के लिए खन्नौत श्मशान घाट पर ले गए है। वह दोपहर को थाना सदर बाजार पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। दरोगा और सिपाही सोबरन को साथ लेकर श्मशान घाट पर ले गए। पुलिस मोक्षधाम के गेट से पहले शव को रोक लिया और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। दो सिपाही अर्थी के पास रुक गए। दरोगा दोनों पक्षों को लेकर थाना पर आया। दोनों पक्षों ने प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह के सामने अपनी बात रखी। मृतका के भाई सोबरन ने लिखकर दे दिया कि वह कोई कार्रवाई नहीं चाहता और अंतिम संस्कार कर दिया जाए। एक घंटे तक पुलिस को हैरान किया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि पहले मायके वाले ससुराल वालों आरोप लगा रहे थे। फिर लिखकर दे दिया कि उसका अंतिम संस्कार कर दिया जाए।


ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

**Administrative officer**
Qualification : MBA/MHA with computer knowledge (Exp. 2 Years)

**Warden**
Qualification: - Graduation Exp. 1 Year

**Accountant**
Qualification :- M.Com, B.com Exp. 1 Year

**Sr. Lab Technician (Blood Bank)**
Qualification:- BMLT /DMLT Exp. 3 Years

**Lab Technician**
Qualification:- BMLT /DMLT

**Computer Operators**
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

**Salesman (For Medical Stores)**
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

**Receptionist-2**
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

**PRO (For Field Work)**
Qualification: Graduation

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286


# गुरुद्वारे आई महिला से लूट और बालिका के अपहरण का प्रयास

संवाददाता, मकसूदापुर/शाहजहांपुर

- तीसरे दिन पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बरसी कार्यक्रम में गुरुद्वारा आई महिला के कान से सोने की बाली लूटने और साथ में आई गांव की ही एक बालिका के अपहरण का प्रयास किया गया। शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता और बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया। तीसरे दिन लूट व अपहरण की धाराओं में पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नटिउरा गांव की रहने वाली मंगल सिंह की पुत्री रमनदीप कौर ने पुलिस को बताया कि 18 सितंबर दोपहर 12:30 बजे के करीब गुरुद्वारा नानकपुरी में बरसी के कार्यक्रम में गई थी। उसके साथ गांव के ही रहने वाले दिलबाग सिंह की 10 वर्षीया पुत्री सुखप्रीत कौर भी गई थी। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारे में ही दो महिलाओं समेत कुल पांच लोग अचानक हमलावर हो गए और उसके साथ जा रही सुखप्रीत के अपहरण का प्रयास किया। विरोध करने पर पीड़िता के कान में पहनी हुई सोने की बाली लूट ली। शोर मचाने पर अन्य लोग दौड़ कर आए तभी आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस को शिकायत दिए जाने पर पीड़िता और बालिका का मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट व अपहरण जैसी गंभीर धाराओं में हरजीत कौर, राज कौर ,गुरुदत्त सिंह, दिलबाग सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### जेब काटकर दो हजार रुपये निकाले

**शाहजहांपुर।** परौर कस्बा निवासी मनोज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 सितंबर की दिन में वह ऑटो से कलान जा रहा था। पड़ोस में दो अंजान लोग बैठे थे। आरोप है कि एक व्यक्ति ने उसकी जेब काटकर दो हजार रुपये निकाल लिए और ऑटो रुकवाकर पड़ोस में बाइक लिए खड़े एक युवक की बाइक पर बैठकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कमरे से दो मोबाइल चोरी

**शाहजहांपुर।** रोजा के मोहल्ला लोक बिहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद शाहरुख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह एक कंपनी में काम करता है। रात में चोर उसके कमरे में घुस आए और दो मोबाइल चुराकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीलीभीत के लिए आज से एक और ट्रेन का संचालन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से शाहजहांपुर से पीलीभीत के लिए आज से एक और ट्रेन का संचालन शुरू हो गया है। इस ट्रेन के संचालन से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। बता दे कि पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन से शाहजहांपुर से पीलीभीत के लिए तीन ट्रेनों का संचालन होता है। पहली ट्रेन सुबह पौने सात बजे दूसरी ट्रेन दिन में साढ़े 11 बजे और तीसरी ट्रेन शाम पांच बजे जाती है। रेल प्रशासन ने पीलीभीत के लिए एक ट्रेन का संचालन 20 सितंबर से कर रही है। यह ट्रेन 21 सितंबर से 31 दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन अभी ट्रायल के रूप में चलेगी। यदि रेल की आय सही रही तो इस ट्रेन को लगातार संचालित की जाएगी। पीलीभीत से 12 बजकर 10 मिनट पर चलेगी और शाहजहांपुर एक बजकर 55 मिनट पर पहूंचेगी। यही ट्रेन शाहजहांपुर से पीलीभीत के लिए दो बजकर 40 मिनट पर छूटेगी और पीलीभीत चार बजकर 30 मिनट पर पहुंचेगी। इस ट्रेन में साधारण श्रेणी के 10 एवं एसएलआर के दो कोच सहित 12 कोच होंगे। इस ट्रेन के संचालन से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### छोटा हाथी के वायरिंग में स्पार्किंग, हादसा बचा



**खुटार, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे थाने गेट के सामने चलते समय छोटा हाथी वाहन के तारों में स्पार्किंग हो गई और तेजी से धुआं निकलने लगा। चालक ने वाहन को रोक दिया। वाहन से धुआं देख अनहोनी की आशंका से सड़क के दोनों और आने जाने वाले वाहन रुक गए और काफी भीड़ जमा हो गई। लेकिन कुछ देर बाद धुआं धीरे धीरे निकलना बंद हो गया। वाहन में आग लगने से बच गई। इस बीच लोगों ने मोबाइल में वीडियो बना ली और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। बताया जा रहा है कि चालक ने तिकुनियां पर वाहन खराब होने के चलते ठीक कराया था। इसके बाद चालक वाहन लेकर तिकुनियां से खुटार बंडा चौराहा की तरफ जा रहा था। उसी समय थाने गेट के पास यह घटना हो गई। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ से वाहन की मेन नली निकाल दी थी। इससे आग लगने से बच गई और बड़ा हादसा टल गया।

### घर के बाहर से कुत्ते को उठा ले गया तेंदुआ, दहशत

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार-मैलानी हाइवे किनारे गांव हीरपुर निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब दस बजे भोजन करने के बाद वह और परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए थे। उनका कुत्ता दरवाजे के बाहर घूम रहा था। अचानक उनके पालतू कुत्ते ने जोर से भौंकना शुरू कर दिया। उसने बाहर देखा तो अंधेरा होने के चलते उसने टॉर्च से रोशनी डाली। जहां तेंदुआ कुत्ता को उठाकर रोड पार कर खेतों में जा चुका था। शोर मचाने पर घर के सभी लोग उठ गए। लेकिन तेंदुआ कुत्ते को गन्ना के खेत में लेकर चला गया था। शोर मचाने के बाद आसपड़ोस में रहने वाले लोग एकत्र हो गए। लेकिन दहशत के कारण खेतों में जाकर देखने की हिम्मत किसी की नहीं हुई। रात को ही उसने सूचना वन विभाग को दी। शुक्रवार सुबह वनकर्मियों ने गांव पहुंच कर जांच की। जहां पगचिन्हों को ट्रेस किया। साथ ही लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। लोगों का कहना है कि तेंदुआ रातों रात खुटार के गांव में घूमता रहता है। जिससे उसकी लगातार चहलकदमी देखी जा रही है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि इस संबंध में जानकारी मिली थी। वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया और पगचिन्ह ट्रेस किए। इसके साथ ही कांबिंग कर तेंदुआ को जंगल में खदेड़ा जाएगा। उधर, कुछ दिन पूर्व गांव दियूरिया झदिया में भी फार्म हाउस पर बंधे कुत्ते पर हमला कर मार डाला था।

### पुरानी रंजिश में अधिवक्ता पर धारदार हथियार से हमला

**खुटार, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने भाई के साथ मिलकर मोहल्ला रायटोला निवासी अधिवक्ता नीरज शर्मा के साथ ही परिजनों पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। डॉक्टर ने सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष से तीन लोग घायल है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन गिरफ्तारी नहीं की गई। उसी रंजिश को लेकर फिर से गुगरुवार रात को आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। उधर, दूसरे पक्ष से उमा रानी पत्नी राकेश शर्मा, करन उर्फ गुलशन, अंकुश घायल हो गए है। इधर, देर रात तक परिजन कार्रवाई की बात पर अड़े रहे।

### प्रधान पुत्रों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव महमूदपुर सहजनिया निवासी मनीष कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह झोपड़ी में रहकर अपना गुजर बसर कर रहा है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी लेने के लिए वह प्रधान ब्रजनाथ के घर पहुंचा। आरोप है कि तभी प्रधान पुत्र रोशन व गोल्डी ने जानकारी देने से मना करते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर दोनों प्रधान पुत्रों ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिस पर हो हल्ला मचने पर मोहल्लों वासियों ने बीच बचाव किया। पुलिस ने मनीष कुमार की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती को किया अगवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 13 सितंबर को दिन में एक बजे उसकी 21 वर्षीया पुत्री किसी काम से गयी थी। वह घर वापस लौटकर नहीं आई। उसे अगले दिन पता चला कि गांव का कन्हैया उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर. पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
Dr.M. Nadeem® (BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरूषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग
जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306


# जिला अस्पताल में गोवंश के हमले से तीमारदार घायल

## सुरक्षा गार्ड की तैनाती फिर भी मरीजों पर हमला कर रहे गोवंश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार की सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की तैनती की गई है। लेकिन मरीज और तीमारदारों की परेशानी कम नहीं हो रही है। गुरुवार की रात एक मरीज को खाना देकर लौट रहे तीमारदार को सांड़ ने पीछे से हमला कर दिया इससे वह गिरकर घायल हो गया। आसपास खड़े लोगों ने सांड़ को भगाया। शुक्रवार को सुबह फिर परिसर में सांड़ घुस आया जिसे डरकर लोग बचकर इधर उधर भागते रहे।

जिला अस्पताल गोवंशों की शरणस्थली बन गया है। इसकी रोकथाम अस्पताल प्रशासन नहीं कर पा रहा है। इसका असर मरीजों और तीमारदारों पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल में सुरक्षा के लिए 21 पूर्व सैनिक भेजे गए हैं जो यहां पर पिछले दस दिन से ड्यूटी कर रहे हैं। अस्पताल में दस से ज्यादा सुरक्षा कर्मी वार्ड के बाहर घूमते हैं। यह सुरक्षा कर्मचारी सभी पर नजर रखते हैं संदिग्धों से पूछताछ करते हैं। लेकिन अस्पताल प्रांगण में घूम रहे छुट्टा गोवंश उन्हें दिखाई नहीं देते। गुरुवार की रात को शहर के मोहल्ला नई जालंधरी सराय निवासी सुरेश अपने रिश्तेदार को जिला अस्पताल में खाना देने पहुंचा। वार्ड से बाहर निकलते ही एक सांड़ ने उस पर पीछे से हमला कर दिया जिससे सुरेश गिर गया और चोटिल हो गया। शोर शराबा होने पर सुरक्षा कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा कर्मियों ने सांड़ को किसी तरह बाहर भगाया। शुक्रवार को एक सांड अस्पताल प्रांगण में फिर घुस आया। सांड को देख लोग इधर उधर को भागने लगे। भय के कारण बाइक चालक भी इधर उधर हो गए। सुरक्षाकर्मियों ने सांड को नहीं हटाया। कई अन्य गोवंश भी अस्पताल के अंदर घूमते रहे। हड्डी वार्ड के बराबर में पड़े खाली मैदान पर तीमारदार बैठते हैं यहां पर हरी घास होने से गोवंश यहां जमे रहते हैं जिससे मरीजों और तीमारदारों को परेशानी होती है। मुख्य द्वार पर तैनात होमगार्ड भी आटो चालकों को ही गेट के सामने से हटाते हैं लेकिन गोवंश अस्पताल के अंदर आने पर होमगार्ड भी उनके लिए रास्ता खाली कर देते हैं।



जिला अस्पताल में सांड के डर से दूर हटते लोग। • अमृत विचार

- **जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदारों की कम नहीं हो रही हैं परेशानी**

जिला अस्पताल हर समय खुला रहता है। रात को होमगार्ड नहीं होते हैं इसलिए गोवंश अंदर पहुंच जाते हैं। अब इनकी रोकथाम के लिए सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा। हिंसक प्रवृति के गोवंश लोगों पर हमला करते हैं। यह एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। अब इन्हें अस्पताल के अंदर नहीं घुसने दिया जाएगा। **- डा. कप्तान सिंह,** सीएमएस

## परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण को 25 तक सूचनाएं अपलोड करें

**बदायूं, अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। स्कूलों को 25 सितंबर तक विद्यालयों की भौतिक संसाधनों की आधारभूत सूचनाएं अपलोड करनी होंगी। इसके बाद अधिकारी इसका सत्यापन करेंगे। जिले के 304 माध्यमिक स्कूलों में करीब सवा लाख से अधिक छात्र छात्राओं की परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड द्वारा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि स्कूलों को जरूरी सूचनाएं वेबसाइट पर 25 सितंबर तक अपलोड करनी होंगी। इसके बाद जनपद स्तरीय केंद्र निर्धारण समिति द्वारा 28 नवंबर तक केंद्रों का निर्धारण कर बोर्ड को रिपोर्ट भेजी जाएगी। पिछली बार की तरह इस बार भी हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

# आरटीई के आवेदन एक दिसंबर से शुरू

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **चार चरणों में पूरी की जाएगी आवेदन की प्रक्रिया**
- **लॉटरी सिस्टम के द्वारा बच्चों को आवंटित किए जाएंगे स्कूल**

**अमृत विचारः** अगले वर्ष शैक्षिक सत्र में गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में आरटीई के तहत समय से प्रवेश मिल जाएगा। एक दिसंबर से आरटीई में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चार चरणों में प्रक्रिया को पूरा कर लॉटरी सिस्टम से स्कूल आवंटित होंगे। अब तक आरटीई के लिए आवेदन की प्रक्रिया जनवरी के अंत में शुरू होती थी जो कि जून माह तक चलती थी।

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को कक्षा एक में निशुल्क प्रवेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। मौजूदा सत्र में प्रवेश प्रक्रिया फरवरी में शुरु हुई और आधा सत्र निकलने के बाद तक जारी रही। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक द्वारा आरटीई की प्रक्रिया में बदलाव किया है। समय से बच्चों को स्कूल में प्रवेश मिले इसके लिए इस बार एक दिसंबर से आवेदन मांगे जाएंगे। सभी चरणों को पूरा कर शिक्षा विभाग को 27 मार्च तक चयनित छात्रों को प्रवेश दिलाना ही होगा।

### इन तिथियों में होंगे आवेदन

आरटीई के तहत प्रथम चरण के लिए आवेदन एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होंगे, 23 दिसंबर तक आवेदन पत्रों का सत्यापन, 24 दिसंबर को लॉटरी और 27 दिसंबर तक विद्यालय आवंटित किए जाएंगे। दूसरा चरण एक जनवरी से 19 जनवरी तक चलेगा, 27 जनवरी तक छात्रों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा। तीसरे चरण में आवेदन एक फरवरी से 19 फरवरी और चौथे चरण में आवेदन एक मार्च से 19 मार्च तक होंगे। 27 मार्च तक स्कूलों में प्रवेश दिलाए जाएंगे।

आरटीई के आवेदनों के लिए आदेश मिला है। चार चरणों में प्रक्रिया को पूरा कर आरटीई में चयनित छात्रों को विद्यालय 29 मार्च तक आवंटित किए जाएंगे। **- वीरेद्र कुमार सिंह,** बीएसए।

# सुरक्षा के प्रति छात्राओं को किया जागरूक



छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते संचालक।

संवाददाता, उसावा

**अमृत विचार :** कस्बे के पुष्पकुंज भगवानदास कन्या इण्टर कालेज में काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान द्वारा बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल श्रम की रोकथाम हेतु सरकार द्वारा हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देते हुए बच्चों व शिक्षकों को शपथ दिलाई।

शुक्रवार को कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन यू एस नई दिल्ली के सहयोग से काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान द्वारा कस्बे के पुष्पकुंज भगवानदास कन्या इंटर कॉलेज में एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत के तहत संस्था के संयोजक सुनील कुमार ने कालेज के छात्र छात्राओं व शिक्षकों को बाल विवाह, बाल तस्करी, यौन शोषण व बाल श्रम के बारे में जानकारी देते हुए इसकी रोकथाम हेतु शपथ दिलाई, साथ ही सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नम्बरों की जानकारी देते हुए कहा कि जब भी इनमें से किसी बच्चे को मदद की जरूरत हो तो इन हेल्पलाइन नम्बरों पर फोन कर शिकायत दर्ज कराए, फोन कॉल करते ही तत्काल मदद आप तक पहुँचेगी, इस मौके पर कालेज की प्रधानाचार्या योगेश जौहरी उर्फ संगीता जौहरी ने भी बच्चों को जागरूक रहने और अपनी सुरक्षा करते रहने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## शिक्षकों ने अभिभावकों को दिखाई बच्चों की प्रगति रिपोर्ट

**उघैती, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव रियोनाई में स्थित कालसेन बाबा इंटर कॉलेज में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावक जनों को बच्चो की प्रगति रिपोर्ट दिखाई गई। कॉलेज के चेयरमैन महेश चंद्र सक्सेना ने बताया कि विद्यार्थी के समुचित विकास की दृष्टि से विद्यालय तथा घर के वातावरण में सामंजस्य होना अति आवश्यक है इस मौके पर कॉलेज के एमडी आशीष सक्सेना, प्रधानाचार्य शिल्पी सक्सेना, ओमकिशन शर्मा, दिनेश माथुर, कोमल एवं अंबिका चौहान, सोनम, हरिदर्शन, गुंजन शर्मा, स्वाति शर्मा, नीलम, सिद्धार्थ, कमल आदि मौजूद रहे।

## 53 सिपाहियों 2 निरीक्षक के कार्यक्षेत्र बदले

**बदायूं, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने दो निरीक्षक, दो उपनिरीक्षक 53 सिपाहियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। थाना मूसाझाग में तैनात निरीक्षक विजय बहादुर सिंह को अपराध शाखा और पुलिस लाइन के निरीक्षक विपिन कुमार को मूसाझाग का निरीक्षक अपराध बनाया गया है। थाना मुजरिया के उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह को पुलिस चौकी दबतोरी का प्रभारी बनाया गया। यहां तैनात रहे बृजपाल सिंह को मुजरिया भेजा है।

## पुसगवां का अस्पताल नेशनल सूची में होगा शामिल

**बदायूं, अमृत विचार** : चिकित्सा क्षेत्र में सभी कार्यों को मानक अनुसार पूरा करने के बाद जनपद के अस्पताल नजीर बनते जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों की बदहाल हालत को सुधारने के लिए कायाकल्प के तहत जिले के पुसगवां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ने नेशनल सूची में शामिल होने को पहले चरण की बाधा पार कर ली है। जबकि अभी दो चरणों का निरीक्षण किया जाना है। जिले में कायाकल्प के तहत जगत, समरेर, सैदपुर को अवार्ड मिल चुका है।

## शादी से इंकार, बाद में युवती की रिश्तेदार को ले गया युवक

**बदायूं,अमृत विचार** : बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी भतीजी की शादी थाना मुजिरया क्षेत्र के एक गांव निवासी असलम के साथ तय की थी। इसमें लगभग चार लाख रुपये खर्च किये। शादी तय करने के बाद ही असलम और उसके परिजन व रिश्तेदार अलीमन, उस्मान, अशफाक, नन्हें करिश्मा से संतुष्ट नहीं थे। दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न करने पर उन्होंने शादी करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सांसद ने किया सहसवान क्षेत्र का दौरा



**बदायूं, अमृत विचार** : सांसद आदित्य यादव ने शुक्रवार को सहसवान विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। सपा के करतार सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनका धन्यवाद दिया। जिसके बाद वह सपा के नगर अध्यक्ष शादाब अंसारी के आवास पर गए। जहां उनका स्वागत किया गया। फिर नवाब मियां, अजीम अंबानी, भूरे मेंबर, प्यारे मियां कुरैशी, वासित हुसैन, रूमाली सिंह, डॉ. केपी सिंह के यहां आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, सहसवान विधायक ब्रजेश यादव, नवाब सिंह यादव, नेम सिंह, राहुल यादव, राजेंद्र उपाध्याय, चंद्रकेश, अजीम, जीतेन्द्र यादव, सतीश यादव आदि उपस्थित रहे।

### अभिनेत्री व डायरेक्टर लीना हालदार ने म्यूजिक डायरेक्टर पति के साथ अमृत विचार कार्यालय आकर साझा किए अनुभव

# सीखने की रखो ललक, मन में होंगे सवाल तो आसानी से पा जाओगे मंजिल

**ऋषिदेव गंगवार, बदायूं**



अमृत विचार कार्यालय में पति के साथ अनुभव साझा करतीं अभिनेत्री लीना

- **तेरे इश्क में साथिया,मूवी की शूटिंग के लिए जगह देखने आई लीना हालदार बोस**

**अमृत विचार :** कहावत है मन से कुछ करने की ललक हो तो कठिन दौर में भी रास्ता निकल आता है। बस सीखने की ललक रखो। मन में सवाल पैदा करते रहो। उसके जवाब तलाशो फिर आसानी से मंजिल पा जाओगे। यह कहना है दैनिक समाचार पत्र अमृत विचार के बदायूं कार्यालय पर आईं विभिन्न फिल्म और धारावाहिक में काम कर चुकीं और वर्तमान में फिल्म डायरेक्टर लीना हालदार बोस का। वह म्यूजिक डायरेक्टर पति सिद्धार्थ बोस के साथ कार्यालय पर आईं थीं। उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभव शेयर किए। कहा कि हिम्मत कभी नहीं हरना चाहिए। बस उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहें।

मूल रूप से कोलकाता की रहने वाली फिल्म डायरेक्टर लीना हालदार बोस ने एक्टिंग कोर्स किया। वह और उनके पति सिद्धार्थ बोस मुंबई में बोस स्टूडियो चलाते हैं। लीना ने लगभग 15 साल पहले करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने देशभक्ति पर बनीं फिल्म साइमन गो बैक में काम किया था। इसके अलावा 150 से ज्यादा शॉर्ट फिल्म कर चुकी हैं। उन्होंने सीआईडी, सावधान इंडिया, क्राइम पेट्रोल, काव्या, शपथ, सुपर कॉप, फॉर लाइफ ओके, झांसी की रानी आदि सीरियल में अभिनय किया है। उनके मन में सवाल कौंधते थे। वह अभिनय के बाद वेनिटी वैन में बैठने की बजाय फिल्म व सीरियल के सेट पर घंटों खड़ी रहती थीं। हर काम को बारीकी से देखती, सीखतीं और पूछती थीं। लीना बताती हैं कि उन्होंने कई बड़े विज्ञापन में भी काम किया। धीरे-धीरे काम सीखने के बाद उन्होंने साल 2015 से फिल्म डायरेक्शन शुरू किया था। वर्तमान में वह तेरे इश्क में साथिया फिल्म पर काम कर रही हैं। शूटिंग का स्थान देखने के लिए वह बदायूं आई थीं। यहां उन्होंने ऑडिशन भी लिए। उनका कहना है कि फिल्म लाइन कठिन जरूर है लेकिन हर काम आएगा तो कहीं मात नहीं खाएंगे। उनके पति सिद्धार्थ बोस म्यूजिक डायरेक्ट हैं। उन्हें फिल्म लाइन का लगभग 25 साल का अनुभव है। सिद्वार्थ ने कक्षा पांच में पढ़ने के दौरान ही उन्होंने स्कूल में अपना बैंड बनाया था। उन्होंने साउंड इंजीनियरिंग का कोर्स किया। वह जावेद अली, कुमार शानू, साधना सरगम, उदित नारायण, अनुराधा पोडवाल, सोनू कक्कड़, महालक्ष्मी आदि के गानों पर म्यूजिक दे चुके हैं। इसके अलावा वह अपने स्टूडियो में फिल्म डबिंग का काम करते हैं। अब तक 1100 से ज्यादा फिल्म व शॉर्ट फिल्मों को अन्य भाषाओं में डब किया है। सिद्धार्थ कहते है कि जो भी काम करो उसमें पूरी तरह से परिपक्व हो जाओ। हर काम आता हो। नौकरी या सामान्य काम समझकर कोई काम न करें।

# घर पर होता था झगड़ा, महिला ने कीटनाशक पीकर दे दी जान

### इलाज को मुरादाबाद ले जा रहे थे परिजन रास्ते में तोड़ा दम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **आठ साल पहले हुई शादी, दोनों में अक्सर होता था विवाद**



मृतक मोरवती।

**अमृत विचार :** घर पर बार-बार रहे रहे क्लेश से एक महिला ने कीटनाशक पी लिया। कुछ देर के बाद महिला की हालत खराब हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए मुरादाबाद ले जा रहे थे लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिवार में कोहराम मच गया। परिजन महिला को वापस ले आए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव खंडुआ निवासी पीतांबर की बेटी मोरवती (27) की शादी थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव विक्रमपुर चरसोरा निवासी जसविंदर पुत्र राजपाल के साथ लगभग आठ साल पहले हुई थी। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही पति-पत्नी में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। लोगों के समझाने के बाद घर में सबकुछ सही चलता था लेकिन बाद में फिर से झगड़ा शुरू हो जाता था। गुरुवार शाम भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद मोरवती कमरे में गईं और गेंहू को घुन से बचाने वाली कीटनाशक पी लिया। कुछ ही देर के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उल्टी होने लगी। परिजन महिला को रुदायन के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन महिला को चंदौसी ले गए।

वहां से से मुरादाबाद के अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन महिला की रास्ते में मौत हो गई। परिजन शव वापस ले गए। पुलिस गांव पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रर्वार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## आज सदस्यता अभियान में शामिल होंगे गुजरात के पूर्व सीएम



विजय रूपाणी, पूर्व मुख्यमंत्री।

**बदायूं,अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी 21 सितंबर बदायूं आएंगे। बताया कि पूर्व सीएम बरेली से कार से सुबह साढ़े 9 बजे बदायूं आएंगे। साढ़े 10 बजे बदायूं क्लब में नमो प्रदर्शनी का अवलोकन व उद्घाटन करेंगे। दोपहर डेढ़ बजे एमएलसी वागीश पाठक के आवास पर भोजन करेंगे। 2 बजकर 40 मिनट पर सिविल लाइंस में घर-घर सदस्यता अभियान में शामिल होंगे। जिसके बाद साढ़े 3 बजे भाजपा कार्यालय पर आयोजित सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

## फंदे पर मिला युवक का शव मां और प्रेमी पर हत्या का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का फंदे पर मिला था शव**
- **मृतक के बेटे के अनुसार, उसकी मां को एक साल पहले ले गया था बिल्सी क्षेत्र निवासी युवक**

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में एक गांव के पास फंदे पर युवक का शव लटका मिला। मृतक के बेटे ने अपनी मां और उसके प्रेमी पर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के बेटे ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार को एक गांव के पास पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। ग्रामीणों ने पहचान करके युवक के परिजनों को सूचना दी। मृतक का बेटा मौके पर पहुंचा। सूचना मिलने पर सीओ सिटी संजीव कुमार सिंह पहुंचे। परिजन और ग्रामीणों से पूछताछ की। लोगों ने बताया कि युवक की पत्नी कुछ दिन पहले अपने बच्चों को छोड़कर एक साल पहले कोतवाली बिल्सी क्षेत्र एक गांव निवासी युवक के साथ चली गई थी और उसके साथ ही रह रही थी। जिसकी वजह से युवक अवसाद में आ गया था। उसने फंदा लगाकर जान दे दी। वहीं मृतक के बेटे ने आरोप लगाया कि उसकी मां और मां का प्रेमी गांव आया था। उसके पिता से दोनों का विवाद हुआ था। वह लोग पिता को जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। गुरुवार रात वह लोग पिता को साथ ले गए और हत्या करके शव फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत की वजह हैंगिंग आई है।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि युवक का शव फंदे पर मिला था। प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## स्कूल गेट पर लटका रहा ताला, वापस लौटे बच्चे

**कछला ,अमृत विचार :** कछला नगर के वार्ड एक में स्थित प्राथमिक विद्यालय गेट पर सुबह नौ बजे तक ताला लटका रहा। जिससे विद्यालय आए छात्र छात्राएं वापस लौट गए। अभिभावकों ने लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

नगर के वार्ड एक में प्राथमिक विद्यालय है। यह विद्यालय हर दिन सुबह नौ बजे के बाद खुलता है। शुक्रवार को भी स्कूल नौ बजे तक बंद रहा। इससे पहले स्कूल पहुंचे बच्चे स्कूल गेट पर ताला लटका देख कर काफी देर तक वहीं खड़े रहे और शिक्षकों के आने का इंतजार करते रहे। लेकिन नौ बजे तक शिक्षक नहीं पहुंचे तो बच्चे अपने घरों को वापस लौट गए। स्कूल के आस पास रहने वाले लोगों ने बताया कि शिक्षक हर दिन नौ बजे के बाद ही आते हैं। कई शिक्षक तो स्कूल आते ही नही है। यहां पर शिक्षा मित्र पूनम स्कूल खोलती हैं उसके बाद प्रधानाचार्य आते हैं। मोहल्ले के राजकुमार, कल्लूनाथ, रीतपाल एवं सभासद सुनील कुमार ने बताया कि कई शिक्षक तो स्कूल आते ही नहीं है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

# सोशल ऑडिट से हो रही ग्रामीण आवासों की जांच

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **प्रथम चरण में पांच विकास खंडों की 282 गांवों में किया जा रहा ऑडिट**
- **सोशल ऑडिट का काम कर रहे 28 कर्मचारी, परख रहे आवास और मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता**

**अमृत विचारः** मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत कराए गए कार्यों की गुणवत्ता को परखने के लिए सोशल आडिट किया जा रहा है। जिले की 1036 ग्राम पंचायतों में यह कार्य चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। प्रथम चरण में 282 ग्राम पंचायतों में टीमें ऑडिट का काम कर रहीं हैं। जिन ग्राम पंचायतों में कमियां मिल रही हैं। वहां के प्रधान और सचिव को नोटिस जारी किया जा रहा है।

जिले के 15 विकास खंडों की 1036 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के कराए गए कार्यों की सोशल आडिट के लिए डीएम निधि श्रीवास्तव ने जिला स्तरीय अधिकारियों को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। डीएम के आदेश पर जिला विकास अधिकारी ने 28 सोशल ऑडिटर को अलग अलग टीमों में बांटकर ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध ऑडिट करने के आदेश जारी किए थे। इनके द्वारा सोशल ऑडिट ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में पांच ब्लॉक दहगवां, अंबियापुर, बिसौली, आसफपुर और कादरचौक की 282 ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट किया जा रहा है। इन ग्राम पंचायतों में ऑडिटरों को कमियां मिल रही हैं। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि आवास पात्र को मिले है या नहीं। अधिकांश ग्राम पंचायतों में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का साइन बोर्ड नहीं लगा मिल रहा है। गांव में कितने जॉब कार्ड धारक हैं उनके नाम की पट्टिका दीवार पर अंकित नहीं है। कई ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां लाभार्थियों ने धनराशि मिलने के बाद पीएम आवासों को पूर्ण नहीं किया है। जिन गांवों में कमियां मिल रहीं हैं वहां के प्रधान और सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है।

### दूसरे चरण में इन ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में किया जाएगा सोशल ऑडिट

प्रथम चरण में सोशल ऑडिट काम 31 सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में सहसवान, इस्लामनगर, सालारपुर, जगत और म्याऊं की करीब तीन ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट के लिए टीमें पहुंचेंगी।

निर्धारित तिथियों के अनुसार सोशल ऑडिट शुरू करा दिया गया है। सोशल ऑडिटर की कमी के कारण चरणबद्ध तरीके से काम कराया जा रहा है। तीन चरणों में काम पूरा होना है। प्रथम चरण में 282 ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट का काम पूरा होने वाला है। इसके बाद दूसरे चरण का ऑडिट शुरू करा दिया जाएगा।
**-बलराम कुमार, प्रभारी डीडीओ**

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

# चार घंटे बत्ती गुल, अस्पताल में मशीनें ठप

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **सुबह के बाद दोपहर में दी गई बिजली आपूर्ति, नहीं चली एक्सरे और लैब की अन्य मशीन**
- **दोपहर तक लगी मरीजों की लंबी कतार, जांच न होने की वजह से वापस लौटे मरीज**



जिला अस्पताल में ब्लड रिपोर्ट लेने को लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शुक्रवार को आधे शहर में चार घंटे तक बिजली गुल रही। जिला अस्पताल में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक्सरे मशीन और पैथोलॉजी लैब में ब्लड रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी जिससे मरीजों की लाइन लगी रही। दोपहर दो बजे जब सप्लाई शुरू हुई तो मरीज और अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

शुक्रवार को शहर के बीचोबीच स्थित पनबड़िया बिजली घर से जाने वाली लाइनों पर मरम्मत का कार्य किया गया। इसलिए विभाग ने सुबह नौ से दोपहर एक एक बजे तक आधे शहर की सप्लाई बंद कर दी। चार घंटे तक आधे शहर की सप्लाई ठप रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला अस्पताल में सुबह नौ बजे जैसे ही ओपीडी शुरू हुई तो बिजली गुल हो गयी। घंटों मरीज लाइन में लगे रहे। बिजली न होने से ओपीडी में डॉक्टरों का बैठना भी मुश्किल हो गया। कई डॉक्टर ओपीडी से बाहर ही मरीजों को दवा लिखते रहे। एक्सरे कराने आए मरीजों की भारी भीड़ होने से कई बार हंगामा भी हुआ। उधर पैथोलॉजी लैब के बाहर मरीजों की धूप में लाइन लगी रही। ब्लड रिपोर्ट तैयार न होने से रिपोर्ट नहीं मिल सकी। मलेरिया वार्ड में भर्ती मरीज गर्मी के कारण परेशान रहे। मरीजों से सभी वार्ड फुल हैं इसलिए गर्मी में तीमारदार और मरीज खासे परेशान दिखे।

### डायलिसिस यूनिट भी बंद

जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट भी बंद रहा। डायलिसिस कराने आए मरीज घंटो इंतजार करने के बाद वापस लौट गए। बिजली की अघोषित कटौती से यहां एक मरीज को तीन से चार घंटे का समय देना पड़ता है। शुक्रवार को सुबह से दो बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहने से यूनिट भी बंद रहा।

शुक्रवार को बिजली विभाग ने चार घंटे की कटौती करने की पहले से सूचना दे दी थी। सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बिजली की लाइन पर मरम्मत का कार्य किया गया। इसलिए बिजली सप्लाई रोकी गयी थी। लेकिन दो बजे सप्लाई शुरू होने के बाद सभी कार्य कराए गए। कुछ समय के लिए जनरेटर भी चलाया गया। सीटी स्कैन सेंटर जनरेटर से चलाया गया जबकि एक्सरे और लैब में काम बाधित रहा। **-डा. कप्तान सिंह, सीएमएस**

## नई परंपरा डालने की कोशिश, पुलिस ने रुकवाया काम

**विजय नगला,अमृत विचार** : थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव हसननगर निवासी धर्मपाल, जानकी प्रसाद, सुरेंद्र, वीरेंद्र, राजकुमार, गांव के प्रधान सुधीर पाठक समेत दर्जनों लोगों ने थाना प्रभारी समेत उच्च अधिकारियों से शिकायत की। जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले विवादों के चलते उनका गांव पुलिस की रिकार्ड में अतिसंवेदनशील की श्रेणी में है। फिर भी एक समुदाय के लोग गांव के कब्रिस्तान पर जलसा का कार्यक्रम करना चाहते हैं। वह लोग जलसा के लिए चंदा एकत्र कर रहे हैं। लोगों ने नई परंपरा रुकवाने की मांग की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने अपना नाम मो. आसिफ पुत्र नसीब खान से बदलकर आसिफ खान (Asif Khan & Naseeb Khan) कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये (Asif Khan & Naseeb Khan) नि. परसू नगला पो. धौरा थाना भोजीपुरा तह. जिला बरेली।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र अनुक्रमांक 1053837 व सनद क्रमांक 1053837 वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **नीतू सिंह चौहान पुत्री सत्यपाल सिंह चौहान निवासी मोहल्ला शान्तिनगर तहसील व कस्बा फरीदपुर जिला बरेली।**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2002 अनु. 0564908, इण्टरमीडएट वर्ष 2005 अनु. 0322011, GTI डिप्लोमा MOM वर्ष 2007 अनु. 217215227, बी.ए. प्रथम वर्ष 2008 अनु. 91109, बी.ए. द्वितीय वर्ष अनु. 73056, बी.ए. तृतीय वर्ष 2010 अनु. 990897, NTT सर्टिफिकेट प्रथम वर्ष 2018 अनु. 155018 NTT सर्टिफिकेट द्वितीय वर्ष 2019 अनु. 156508 के प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **ऊषा कुमारी पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी 13/5, लेबर कालोनी, सी.बी. गंज, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गंगा में घटा पानी, अब कटान का खतरा

## घरों में पानी भरने से छतों पर बनाया है आशियाना, सड़क किनारे तानी पन्नी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गंगा और रामगंगा में पांचवे दिन पानी कम होने के साथ ही कटान का खतरा मंडराने लगा है। कटान के साथ ही संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। कई गांवों में पानी भरा होने से ग्रामीण छतों पर रातें गुजार रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से अब तक दस हजार से अधिक राहत पैकेट बांटे जा चुके हैं।



गांव में भरा पानी पंप सेट से निकालने की तैयारी करते ग्रामीण।

शुक्रवार को एक लाख 12 हजार क्यूसेक पानी गंगा में डिस्चार्ज किया गया है। आज पांचवे दिन पानी कम होने के साथ ही कटान का खतरा बढ़ गया है। गंगा में उफान कम होने से लोगों को अब कटान होने का भय सता रहा है। उसहैत क्षेत्र के ग्राम प्रेमी नगला, जटा, जसवंत नगर, सहित करीब दर्जन भर गांवों में बाढ़ का पानी भरा खड़ा है। घरों में पानी घुस जाने से अधिकांश लोग अपने घर मकान छोड़ कर ऊपरी स्थानों पर शरण ले चुके हैं और जो लोग गांव में हैं वह अपने मकान की छतों पर रात गुजार रहे हैं। लेकिन सबसे अधिक समस्या पशुओं को चारे की पैदा हो गयी है। खेत खलिहानों में पानी भरा होने से सभी फसलें नष्ट हो चुकी हैं। उसहैत क्षेत्र में ही करीब दो सौ एकड़ फसल पानी में डूब गयी है जो पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। घरों में घुसे पानी को लोग पम्पसेट चला कर बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। दातागंज के हजरतपुर क्षेत्र में गंगा की धार पूरे बेग से आगे बढ़ रही है। पानी कम होने के साथ ही परेशानियां पैदा होने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन गांवों में पानी भरा है वहां पर गंदगी और कीचड़ के चलते मच्छर फैल रहे हैं जिससे सैकड़ों लोग बीमार हैं। इस क्षेत्र में चार गांवों को जोड़ने वाली नगरिया खनु की सड़क पर पानी भरा होने से आवागमन पूरी तरह ठप है।

- कटान के अलावा बीमारियों का बढ़ने लगा खतरा, प्रशासन ने लगाए शिविर

नरौरा से शुक्रवार को कुछ कम पानी छोड़ा गया है जिससे पानी कम होने लगा है। कछला गंगा का जलस्तर भी खतरे के निशान से नीचे आया है। पानी कम होने के साथ ही अब कटान का भय बना हुआ है। अब गंगा भी शांत होने वाली है। **–नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

हर्रामपुर को जाने वाली सड़क कई जगह कट गयी है। उस पर पानी भरा है। रामगंगा का जलस्तर आज कुछ नीचे रहा । सहसवान क्षेत्र के ग्राम वीर सहाय नगला के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। खादी नगला निवासी रामशरण ने बताया कि गांव में पानी और कीचड़ होने से लोगों को परेशानी हो रही है। कई लोग बुखार से पीड़ित हैं।

## एक नजर

### शपथ पत्र न देने पर उप निरीक्षक निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर में तैनात उप निरीक्षक जगमेंद्र सिंह को उच्च न्यायालय में नीयत समय में शपथ पत्र दाखिल न करने पर गुरुवार देर रात एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया है। उप निरीक्षक ने कई बार सूचना देने के बाद भी लापरवाही की थी उच्च अधिकारियों के आदेश का अनुपालन नहीं किया था।

### मंदिर पर मिले बिल्सी क्षेत्र से लापता हुए दो किशोर

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के मोहल्ला पांच निवासी दो किशोर बुधवार शाम लापता हो गए थे। परिजनों ने इधर-उधर तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों की शिकायत पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज की। पुलिस ने गुरुवार सुबह पांच बजे दोनों किशोर को कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक मंदिर से बरामद करके उनके परिजनो के सुपुर्द कर दिया। किशोरों ने बताया कि वह खेलते समय बाहर आ गए। फिर घर जाने का रास्ता भूल गए थे। रात ज्यादा होने की वजह से उझानी

### बिल में संशोधन न करने पर कर्मचारी से मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार:** बिजली बिल कम न करने से नाराज एक व्यक्ति ने उपखंड अधिकारी और टीजी 2 कर्मचारी से मारपीट करने के साथ ही उपकेंद्र पर तोड़फोड़ की और रजिस्टर फाड़ दिया। कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नवादा विद्युत वितरण के उपखंड अधिकारी पूरन चंद्र सिंह की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार शुक्रवार को गांव निरंजनपुर निवासी बिजली उपभोक्ता रेशमा ने गुरुवार को बिजली के बिल के संशोधन के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। संशोधन कराने के बाद उनका 29105 रुपये का बिल बना था। वह अधिशासी अभियंता से मिली तो वहां 600 रुपये और कम हो गए। उपभोक्ता ने 28505 रुपये जमा कर दिया। 600 रुपये कम कराने को उपभोक्ता का पति व बेटा कार्यालय आए थे। यहां पोर्टल नहीं चलने की बात कहकर शनिववार को बुलाया गया तो वह भड़क गये और टीजी टू प्रमोद कुमार के साथ हाथापाई शुरू कर दी। कर्मचारियों ने बीच बचाव कराया।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों को नवाचार से शिक्षित करें : प्राचार्य



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में टीएलएम प्रदर्शनी एवं नवाचार मेला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय नवाचार मेला का शुभारंभ डायट प्राचार्य गिरजेश कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए नवाचार के माध्यम से शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया। टी एल एम प्रदर्शनी में माध्यमिक, प्राथमिक, जूनियर विद्यालयों के शिक्षकों के साथ ही केजीबीवी स्कूलों की ओर से स्टॉल लगाए थे। प्रदर्शनी में समेकित शिक्षा के द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री का भी स्टॉल लगाया गया । शिक्षक राजेश मौर्य ने दिव्यांग बच्चों हेतु शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। दिव्यांग बच्चों को कैसे सिखाया जाए, कैसे आसानी से सीखना हो आदि सामग्री का प्रदर्शन किया गयाद्ध नवाचार मेला में लगे स्टाल का डायट और प्रवक्ता डॉ अमित शर्मा के साथ अन्य लोगों ने अवलोकन किया। इसके बाद उनके द्वारा शिक्षकों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष शिक्षक रज्जन सिंह, राजेश कुमार मौर्य, संदीप कुमार राय, दुर्गेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कारीगरों को मिलेगा पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ



**बदायूं, अमृत विचार :** पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत 2687 आवेदनों में से 549 पात्रों का चयन किया गया है। चयनित लाभार्थियों को प्रशिक्षित कर उन्हें टूल किट वितरित की जाएंगी। यह चयन उद्योग केन्द्र की ओर से किया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में हुई बैठक में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर से भी आवेदक लिए जाने को कहा। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने डीएम को बताया कि 1721 ब्लॉक स्तर व 966 नगरीय स्तर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में से 350 ब्लॉक स्तर से 199 नगरीय स्तर से पात्र पाए गये हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय समिति के अन्य सदस्य व अधिकारीगण मौजूद रहे।

### छात्राओं को सुरक्षा के लिए ताइक्वांडो सीखना जरूरी



**उझानी, अमृत विचार :** भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज में 1 घंटे की ताइक्वांडो क्लास शुक्रवार से प्रारम्भ की गई है। कॉलेज के अध्यक्ष राजन मेंदीरत्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। छात्राओं को अपनी सुरक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए इसलिए ताइक्वांडो रोज खेलना ज़रूरी है । उन्होने एक दर्जन खिलाड़ियों को ताइक्वांडो ड्रेस प्रदान की। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुजाता सक्सेना कोऑर्डिनेटर दीक्षा छाबड़ा, साक्षी मथुरिया, दीक्षा सागर, एवं कोच इकबाल अहमद सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कोतवाली पुलिस ने कस्बे में चलाया चैकिंग अभियान



**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने नगर में संघन चेकिंग अभियान चलाया। बैंकों के आसपास संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर वहां पर खड़े दो पहिया वाहनों को चेक किया। बगैर लॉक की खड़ी बाइकों को पुलिस ने कोतवाली पहुंचाया। उप निरीक्षक विष्णु दत्त पुलिस फोर्स के साथ बैंकों के पास चेकिंग अभियान चलाया। बैंकों के आसपास मंडरा रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। बैंकों के बाहर खड़ी बाइकों को चेक करने के दौरान कई बाइक बिना लॉक लगी मिलीं। इन्हें संदिग्ध मानते हुए कोतवाली पहुंचा दिया। इसके साथ ही पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का चालान काटा।

### बिल्सी के अंबेडकर पार्क में किया पौधरोपण



**बिल्सी, अमृत विचार :** मोहल्ला पांच स्थित डा.भीमराव आंबेडकर पार्क में तेजेंद्र सागर समेत कई लोगों ने पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे लगाने से हमारा पर्यावरण संतुलित होता है। वृक्षारोपण से तात्पर्य वृक्षों के विकास के लिए पौधों को लगाना और हरियाली को फैलाना है। इस मौके पर राजीव कुमार, मदनलाल, राजू सागर, ब्रजेश कुमार, गिरवर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मॉक ड्रिल में भूकंप एवं अग्नि से बचाव के सिखाए गुर



**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज में आपदा प्राधिकरण के द्वारा भूंपक और अग्नि से बचाव के लिए मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में बच्चों को अग्निशमन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अधिकारियों ने आपदा के दौरान कैसे बचाव किया जाए। इसकी जानकारी दी। मॉकड्रिल में कॉलेज के शिक्षकों द्वारा भी सहयोग किया गया।

### सीएचसी पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने लगाया पौधा



**उझानी, अमृत विचार :** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने पौधा रोपण किया। साथ ही उनके द्वारा अन्य लोगों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजकुमार गंगवार, अखिल अग्रवाल, राहुल शंखधार, मोहित शर्मा, डॉ हिना सफदर, डॉ अनिल गुप्ता, डॉ आकांक्षा, डॉ प्रभाकर मिश्रा, नथन सिंह आदि मौजूद रहे।

# गलत इंजेक्शन लगाने से युवक की हालत बिगड़ी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- वजीरगंज का जियाउर्रसूल बहन के घर गया था वहां बुखार आने पर झोलाछाप से कराया इलाज

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में दो माह पहले युवक की रीढ की हड्डी में इंजेक्शन लगाया था। अब युवक की रीढ की हड्डी में पस पड़ गया है। उसके परिजनों ने कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

जिला बदायूं के थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी जिया उर्रसूल पुत्र नवाज शाह दो माह पहले अपनी बहन शबनम पत्नी अनीस के घर गांव मई आया था। यहां बुखार आने पर उसने गांव में ही झोलाछाप से इलाज कराया। झोलाछाप ने युवक को जल्दी आराम मिलने की बात कहते हुए उसकी रीढ की हड्डी में इंजेक्शन लगा दिया।

तीन-चार दिन के बाद युवक की हालत बिगड़ने लगी। घटना की सूचना पर युवक के परिजन भी आ गए। जब झोलाछाप से शिकायत की तो वह अपनी दुकान बंद कर फरार हो गया। परिजन युवक को इलाज के लिए मुरादाबद, बदायूं, अलीगढ़ के निजी हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सक ने इलाज करने से मना कर दिया। अब युवक की रीढ की हड्डी में पस बन गया है। इससे इसे चलने, उठने व बैठने में परेशानी हो रही है। परिजनों ने बताया कि एक माह पहले झोलाछाप के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी थी। मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि झोलाछाप द्वारा युवक को गलत इंजेक्शन लगाने की जानकारी नहीं है। मुझे कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## आधार कार्ड संशोधन के नाम पर वसूली, प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार :** आधार कार्ड संशोधन को लेकर बिल्सी क्षेत्र के लोग पिछले कई माह से परेशान हो रहे है। आधार कार्ड संशोधन के नाम पर मनमाने तरीके से लोगों से वसूली की जा रही हैं। इससे आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को अंबियापुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। बीएसएनएल के नीचे एवं अंबियापुर में आधार संशोधन का कार्य चल रहा है। आधार कार्ड संशोधन के लिए एक निश्चित फीस तय कर रखी है लेकिन इन स्थानों पर संशोधन के नाम पर मनमानी रुपए लिए जाते हैं। परेशान लोगों ने अपने बच्चों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि आधार कार्ड संशोधन के नाम पर पांच सौ रुपए तक वसूले जा रहे हैं। प्रदर्शन करने वालों ने आरोपी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर सुरजीत सिंह, मुनेश कुमार, विशाल बाबू, रवि कुमार, रोहित, लोकेश शर्मा, सोमदत्त, किशनपाल देवराज, मीरावती नीतू, सत्यभान आदि, रहे।

# नफरत की राजनीति हो बंद, सब मिलें तो आगे बढ़ेगा मुल्क : सलीम शेरवानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमत विचार :** देश में लोगों को नफरत की राजनीति बंद कर देनी चाहिए। मुल्क तभी आगे बढ़ेगा जब सभी लोग मिलकर आगे बढ़ेंगे। यह बात पूर्व विदेश मंत्रीऔर सपा के राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने कही। वह दो दिनी दौरे पर बदायूं आए हैं।



सांसद आदित्य यादव व पूर्व विदेश मंत्री सलीम शेरवानी को सम्मानित करते पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा।

- दो दिवसीय दौरे पर बदायूं पहुंचे पूर्व विदेश मंत्री
- गोवंश की सेवा के लिए दिए दो लाख रुपये

नगर पालिका परिसर में शुक्रवार को सलीम शेरवानी और सांसद आदित्य यादव का सम्मान समारोह किया गया। आयोजित समारोह में सपा नेता ने कहा कि दो अक्टूबर तक स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है। सड़कों की सफाई के साथ हर धर्म के लोगों को अपने दिलों को साफ करना चाहिए। दिलों में नफरत की सफाई करके मोहब्बत पैदा करनी चाहिए। सांसद आदित्य यादव ने गोपालकों को गोवंश के खानपान की व्यवस्था के लिए दो लाख रुपये के 10 चेक दिए। सांसद ने कहा कि लोग परेशान न हों। वह बदायूं के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे । पूर्व मंत्री आबिद रजा और नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा ने नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व विदेश मंत्री को सोने का प्रतीक चिंह्न देकर सम्मानित किया गया। अपने दौरे के दौरान पूर्व विदेश मंत्री ने शेखुपुर विधानसभा, बिसौली, बदायूं, सहसवान व गुन्नौर में जनसंपर्क किया। चेयरमैन फात्मा रजा ने सभी का शुक्रिया अदा किया। सहसवान विधायक बृजेश यादव, पूर्व विधायक दातागंज प्रेमपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर योगेंद्र पाल सिंह तोमर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह, साजिद अली, नगर अध्यक्ष फरहत अली, गिरीश शुक्ला, अनवर खां, अनवर अंसारी, वाहिद अंसारी, छोटा भाई, नावेद खां, सुरजीत कुमार, अबरार आदि उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



बिल्सी नगर में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला संख्या पांच स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम की ओर से शुक्रवार को श्रीमदभागवत महापुराण कथा सप्ताह से पहले कथा व्यास स्वामी रामचन्द्राचार्य महाराज को बग्गी पर बैठाकर एवं पीले वस्त्र धारण कर महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसका जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर पुष्प वर्षा की। बालाजी धाम पर सबसे पहले कलश एवं पोथी पूजन कराया गया। साथ ही यहां विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएं गए। उसके बाद कलश यात्रा यहां से निकाली गई। यात्रा नगर के मोहल्ला संख्या पांच, बिजलीघर रोड, अटल चौक, सर्राफा बाजार होती हुई बालाजी चौक पहुंची। इसके बाद यात्रा आर्य समाज रोड, होती हुई कथा स्थल आई। कलश यात्रा को सफल बनाने में बालाजी धाम के महंत मटरूमल शर्मा महाराज, शांति देवी शर्मा, प्रदीप शर्मा, संजीव शर्मा, यश भारद्वाज, राजीव शर्मा, नरेंद्र गरल, दीपक माहेश्वरी, डा. राजाबाबू वार्ष्णेय, सुभाष वाहेती आदि का योगदान रहा ।

## कौल्हाई साप्ताहिक बाजार में पुलिस ने कराई पार्किंग व्यवस्था

**मुजरिया, अमृत विचार :** बाइक चोरी की घटना पर रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस ने कौलहाई के साप्ताहिक बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराई है।

कौल्हाई में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में ग्रामीणों को वाहनों की भीड़ भाड़ से खासी दिक्कतें होती थी। इधर उधर बाइक को खड़ा करने पर चोरी की घटनाएं घटित होती है। ऐसी स्थित से निपटने के लिए मुजरिया पुलिस ने बाजार में ही वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराई है। जिससे बाजार आने वाले लोगों की बाइक चोरी या अन्य घटनाओं को रोका जा सके। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वाहन पार्किंग में बाइक खड़ी होने के अतिरिक्त किसी का वाहन बाजार में खड़ा नही होगा। वाहन पार्किंग बनने से ग्रामीणों को राहत मिली है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में गिरा नीम का पेड़, कार हुई क्षतिग्रस्त



कलेक्ट्रेट परिसर में गिरा पेड। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया जब वर्षों पुराना नीम के पेड़ का आधा हिस्सा गिर गया। वहां खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। एडीएम प्रशासन ने नाजिर को पेड़ काटने के आदेश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में वर्षों पुराना नीम का पेड़ है। यह अंदर से खोखला हो गया। पिछले दिनों हुई बरसात से पेड़ की जड़ कमजोर हो गई। शुक्रवार की दोपहर बंदरों ने पेड़ की डाल को तेजी से हिलाया, जिससे पेड़ का आधा हिस्सा टूटकर गिर गया। जिसकी चपेट में आकर वहां खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ का हिस्सा गिरने से कचहरी में अफरातफरी मच गई। जिन लोगों के वाहन वहां पर खड़े थे। वह लपककर उस स्थान पर पहुंचे। अपने वाहन सुरक्षित देखकर राहत की सांस ली।

# एस के एल एम पब्लिक स्कूल में हुई राइटिंग प्रतियोगिता

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** सतेती वजीरगंज मार्ग पर स्थित एसकेएलएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, बच्चों ने सुंदर ढंग से राइटिंग प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र, नैंसी शाक्य, सपना, दिव्यांशी सिंह, परब सिंह, प्रियांशु राठौर, सृष्टि तोमर, अंजली राजपूत, सचिन पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सपना, तान्या, राधा राठौर, दिव्यांशी राजपूत, वंशिका चौहान, अंकित, अंजलि सोलंकी, आयुष चौहान, व निखिल द्वितीय स्थान पर रहे। किरण, जितेंद्र, अनीश सागर, प्रियांशी, प्रिंस राजपूत, सलोनी गुप्ता, हिमांशु मिश्रा, नैना चौहान, विशाल बाबू, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी पीडी सिंह ने स्थान पाने वाले बच्चों को राइटिंग के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि यदि एग्जाम में आप साफ-साफ सुंदर ढंग से उत्तर लिखते हैं तो आपको अच्छे मार्क्स मिलते हैं।

परीक्षा में अच्छे मार्क्स लाने के लिए सुंदर राइटिंग होना बहुत ही जरूरी है। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर उपदेश कुमार व कोऑर्डिनेटर अंजली सिंह कोऑर्डिनेटर कर्मेंद्र सिंह, कंचन सिंह, रंजीत सिंह, बीना सिंह, कमलेश कुमारी, वीना सिंह, प्रिया सिंह, वीना कुमारी, दीक्षा सिंह, सपना माहौर, अनामिका शर्मा, शशांक यादव, आदि मौजूद रहे।

# चीनी परता कम हुआ तो खांडसारी इकाई पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समय से पहले चीनी मिल संचालन शुरु करने से गन्ने का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। उससे चीनी कम निकल रही है। चीनी परता कम आने पर अब चीनी मिल और खांडसारी इकाइयों पर कार्रवाई की जाएगी। अब समय से पहले चीनी मिल और खांडसारी इकाइयों के शुरु करने पर रोक लगा दी गई है।



गन्ना विभाग अगेती गन्ना की फसल का हर साल सर्वे करता है। और एक खेत से कुछ हिस्सा नाप कर उसके गन्ने को काटता है। उस गन्ने का वजन और गुणवत्ता परखी जाती है। यदि वह गन्ना मानक में सही पाया जाता है तो वह पेराई लायक माना जाता है। गन्ने का वजन और गुणवत्ता मानक के अनुसार होने पर ही खांडसारी इकाइयों और चीनी मिलों को पेराई गन्ना पेराई शुरू करने की अनुमति दी जाती है। इसलिए गन्ना विभाग अब अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में अगेती गन्ना की गुणवत्ता परखेगा उसके बाद पेराई सत्र शुरू करने की तिथि निर्धारित की जाएगी।

चीनी मिल और खांडसारी इकाइयों के लिए नई गाइड लाइन जारी की गई है इसमे कहा गया है कि चीनी परता यदि नौ प्रतिशत से कम आता है तो उन इकाइयों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जहां चीनी का परता कम हा रहा है। अब गन्ना विभाग पहले चीनी परता देखेगा उसके बाद ही मिल चलाने की अनुमति दी जाएगी।

जिला गन्ना अधिकारी अशफीर् लाल ने शुक्रवार को बताया कि

- चीनी मिलों को भी दिए सख्त निर्देश, कड़ाई से हो पालन
- 9 प्रतिशत से कम चीनी उत्पादन करने पर होगी कार्रवाई

कुछ चीनी मिलें समय से पहले पेराई सत्र शुरू कर देते हैं, तब तक गन्ना पूरी तरह तैयार नहीं हो पाता है। किसान जल्दी पेमेंट के चक्कर में अधपके गन्ने की कटाई शुरु कर देते हैं। इससे गन्ना उत्पादन का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। यही हाल खांडसारी इकाइयां करती हैं। अब फसल का निरीक्षण करने के बाद ही चीनी मिले संचालित हो सकेंगी। कहा कि जब तक चीनी परता 9 प्रतिशत न हो जाए तब तक मिल को चालू नहीं करने दिया जाएगा। आदेश सख्ती से पालन कराने को जिला गन्ना विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## शहर में आज

- स्थानीय निकाय मजदूर संघ के तत्वावधान में ठेका कर्मचारियों की हड़ताल नदरई गेट गांधी मूर्ति पर सुबह 10 बजे से।
- भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना प्रदर्शन एवं डीएम को ज्ञापन कलेक्ट्रेट में 11 बजे से।
- रामलीला का मंचन अमांपुर के गांव कौंधा के भोले बाबा मंदिर पर रात आठ बजे से।
- श्रीराम बरात शोभा यात्रा का शुभारंभ कस्बा पटियाली के हनुमानगढ़ी मंदिर से शाम चार बजे से।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास के दो वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** पटियाली कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि वांछित आरोपी कामिल एवं अनस निवासी ग्राम मझौला थाना पटियाली को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपियों को के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना सिकंदरपुर वैश्य इंस्पेक्टर बृजपाल सिंह ने बताया कि पॉक्सो एक्ट में वांछित कन्हैया निवासी नगला सरदार थाना सिकंदराराऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

# हंगामे में बदली हड़ताल, सफाई कर्मी और चेयरमैन आमने-सामने

## सफाई कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन, चेयरमैन भी धरने पर बैठीं, चेयरमैन और सफाई कर्मियों ने एक-दूसरे के विरुद्ध दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **स्वच्छता मिशन के तहत झाड़ू लगा रहीं पालिका अध्यक्ष से हुई कहासुनी**

**अमृत विचार:** हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन शुक्रवार को हंगामे में तब्दील हो गया। गांधीमूर्ति पर धरना दे रहे सफाई कर्मी उस समय में बाजार में प्रदर्शन करने पहुंच गए जब स्वच्छता अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष झाड़ू लगा रही थीं। आरोप है कि सफाई कर्मियों ने पालिका अध्यक्ष, उनके पति और बेटे के साथ मारपीट की। दूसरी ओर सफाई कर्मियों ने भी थाने में हंगामा किया। बाल्मीकि समाज की महिलाओं ने पालिकाध्यक्ष, उनके पति और पुत्र के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिससे सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। शुक्रवार को सुबह से ही गांधीमूर्ति पर प्रदर्शन हो रहा था। मामला उस समय तूल पकड़ गया, जब सफाई कर्मी, पालिका अध्यक्ष मीना बौहरे, उनके पति पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, उनके पुत्र भोले आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे। पालिकाध्यक्ष झाड़ू लगा रही थीं। आरोप है कि सफाईकर्मियों ने उनके हाथ से झाड़ू छीन ली। चेयरमैन ने सफाई कर्मियों पर छेड़छाड़ और भरे बाजार कपड़े फाड़कर बेइज्जत करने का आरोप लगाया है।



मांगों को लेकर धरना देते सफाई कर्मचारी। • अमृत विचार

### बाल्मीकि समाज की महिला ने दी तहरीर

सफाई कर्मियों की ओर से मुहल्ला कोर्ट की अनीता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि वे स्थानीय निकाय के कार्य में शामिल होने जा रही थीं, तभी पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बौहरे अपने बेटे सोमेंद्र उर्फ भोला 25 गुंडों के साथ आए और रोक लिया। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं। धरना दे रहे लोगों को पता चला तो उन्हें बमुश्किल बचाया।



सफाई कर्मियों की अभद्रता के विरोध में धरने पर बैठीं चेयरमैन और उनके पति।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने दी तहरीर

अध्यक्ष मीना बौहरे ने पुलिस को तहरीर में कहा कि सफाई कर्मियों का नेतृत्व कर रहे सोनू भंडारी पुत्र बीरेंद्र, मोहित पुत्र अरबिंद व राजेश निवासी चर्च कंपाउंड और उनके साथी मुकेश पुत्र छोटेलाल, रामखिलाड़ी पुत्र बहोरी, राजकपूर बाल्मीकि पुत्र बन्ने एवं रमेश ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। 15 से 20 अन्य लोग भी शामिल थे जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं। जैन धर्मशाला के सामने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत किया जा रहा कार्य बाधित कर दिया। झाड़ू छीन कर गालियां देने लगे। सफाई कर्मियों ने उनके कपड़े फाड़ कर बेइज्जत किया। उनके पुत्र और पति पर भी जानलेवा हमला किया।

### पूर्व चेयरमैन का श्राद्ध है

गांधीमूर्ति पर धरना दे रहे सफाई कर्मी सुबह से ही कह रहे थे कि आज पूर्व चेयरमैन का श्राद्ध है। सभी लोग इसमें शामिल हो, और ईश्वर से उनके लिए प्रार्थना करें। हालांकि बाद में जब मामला तूल पकड़ गया, तो सफाई कर्मी श्राद्ध की बात भूलकर नई योजना में जुट गए।



पूर्व पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देते सफाई कर्मी। • अमृत विचार



सफाई कर्मियों के हंगामे की जानकारी के बाद मुस्तैद पुलिस। • अमृत विचार

## सफाई कर्मियों की मांगों पर दिया गया आश्वासन

**कासगंज।** समस्त ठेका कर्मचारियों को 410 प्रतिदिन भुगतान दिया जाए, सप्ताहिक अवकाश दिया जाए, ठेका सफाई कर्मियों को चार माह का वेतन दिलाया जाए। इस पर आश्वासन मिला कि श्रम विभाग के शासनादेश के अनुसार अकुशल श्रमिक को न्यूनतम मजदूरी 410 रुपए प्रतिदिन का प्रास्तव बोर्ड बैठक में रखा गया है। स्वीकृति उपरांत कार्रवाई होगी। स्थाई एवं संविदा कर्मियों को एरियर व सेवानिवृत कर्मिचारियों का बकाया भुगतान की मांग पर आश्वासन मिला कि सेवानिवृत कर्मचारियों का एरियर भुगतान कर दिया गया है। स्थाई सफाई कर्मियों के भुगतान के लिए बिल बनाए जा रहे हैं, दो दिन में भुगतान करा दिया जाएगा।

**47** स्थाई सफाई कर्मचारी हैं।

**152** आउट सोर्स कर्मचारी हैं।

बैकलॉक सफाई कर्मचारियों को उनके मूल पद पर भेजने और ट्रैक्टर सफाई कर्मचारियों को दिन में एक बार कार्य पर बुलाने की मांग पर कहा गया कि आवश्कता के अनुसार कार्य निर्धारित किए जाते हैं। शासन के निर्देश के क्रम में किसी भी कार्मिक से 8 घंटे कार्य लेने का प्रावधान है। इसका अनुपालन कराया जाएगा। हाथ गाड़ी से कूडा, कचरा, न डलवाने और बिना सुरक्षा के कोई कार्य न कराने की मांग पर कहा गया कि ई रिक्शा के क्रय का प्रस्ताव सदन में रखा जाएगा। कर्मचारियों को सफाई कार्य के लिए गरम व ठंडी वर्दी उपलब्ध कराने की

> दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिल चुकी है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> – **लोकेश भाटी**, कोतवाली प्रभारी।

मांग पर आश्वासन मिला कि कर्मचारियों को उपकरण व वर्दी बजट की उपलब्धता के आधार पर कराई जाएगी। कर्मचारियों का स्थानातंरण बिना शिकायत न करने की मांग पर का गया कि कार्य को देखते हुए स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया जाता है। ठेका कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने, त्योहारों पर अतिरिक्त सफाई कराने के लिए प्रत्येक वार्ड से एक-एक सफाई कर्मचारी की टीम बनाने, कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड बनवाने, सफाई मजदूर संघ को परिसर में कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग पर भी उचित आश्वासन दिए गए।




हड़ताली कर्मियों से बात करते कांग्रेस विधि विभाग के जिलाअध्यक्ष। • अमृत विचार

### हड़ताल को लेकर गर्माने लगी राजनीति

**कासगंज :** सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर राजनीति गर्माने लगी है। विधि विभाग कांग्रेस कमेटी के जिला चेयरमैन सतेंद्र पाल सिंह वैस, भारतीय किसान यूनियन स्वराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप पांडे धरना स्थल पर पहुंचे। दोनों ने कहा कि उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। चाहें इसके लिए कितनी भी लंबी लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।

# जलस्तर घटने से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **सिंचाई विभाग बरत रहा सतर्कता, लगातार हो रहे कटानरोधी कार्य**

**अमृत विचार :** गंगा के जलस्तर में 25 सेंटीमीटर कमी ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सिंचाई विभाग कच्चे बांध की मरम्मत के साथ साथ लगातार निगरानी कर रहा है।

शुक्रवार को कछला गंगा घाट पर गंगा का जलस्तर कासगंज की तरफ 163.45 मापा गया। जो कि पिछले दिन से 25 सेंटीमीटर कम रहा। कम होते जलस्तर से कटान की संभावना बढ जाने से सिंचाई विभाग लगातार तटबंधों की निगरानी कर रहा है।

विगत दिनों गंगा नरदोली क्षेत्र में काफी अंदर तक पहुंच गई जिससे कई गांव की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई। नगला दुर्जन, मुजखेड़ा नगला दीप नगला जयकिशन में गंगा अभी भी तेज धार बह रही है। तटवर्ती गांव के ग्रामीणों की माने तो यह समस्या प्रति वर्ष की है इसका कोई उचित समाधान होना चाहिए।

एसडीओ खूब सिंह ने कहा कि गंगा के जलस्तर में कमी आई है। अभी हालात सामान्य है। लगातार तटबंध की जांच कराई जा रही है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर की बिगड़ी सूरत



सड़क किनारे लगा कूड़े का ढेर। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी हड़ताल रखी। लगातार दो दिन सफाई न होने से शहर गंदगी से अट गया। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए, नालियां चोक हो गईं।

गली, मुहल्ले, चौराहों और मुख्य बाजारों में जगह-जगह कूड़े के ढेर से दुर्गंध उठने लगी। नाले-नालियों की सफाई न होने से चौक हो गए। लोग परेशान हो गए। इधर तेज धूप के चलते मौसम में गर्मी बढ़ गई। शहर में जगह-जगह बिखरे पड़े कूड़े को लेकर संक्रामक रोगों के फैलने की लोगों के मन में दहशत पैदा हो गई है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते गली, मुहल्ले और मुख्य बाजार में सफाई व्यवस्था न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। दो दिन से घरों से निकला कूड़ा भी सड़कों पर फैला हुआ है। जगह-जगह बंदरों की टोलियां थैली या थैलों में बंधे कूड़े को खाने-पीने की वस्तु समझकर फैला रहे हैं। बंदरों के अलावा अन्य बेसहारा जानवर, कुत्ता, सूअर सहित अन्य ने शहर में कूड़े को लेकर दुर्गति कर दी है।

### सफाई कर्मचारियों को भड़का रहे बाहर के लोग: अध्यक्ष



पालिका अध्यक्ष मीना बौहरे ने कहा कि बाहर के लोग सफाई कर्मियों को भड़का रहे हैं। जिससे सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। सफाई कर्मियों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। सोनू भंडारी, मुकेश, रामखिलाडी, मोहित, राजेश और कुछ कर्मचारी नेता पालिका कर्मचारी ही नहीं हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बौहरे ने कहा कि समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। वर्ष 2017 में नियम विरुद्ध सफाई कर्मियों ने वेतन लगवाया जिससे पालिका को घाटा हुआ। अब नियमानुसार उनके वेतन से कटौती की जा रही है, जो कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके हैं। उनका भुगतान हो चुका है। उन्होंने अपील की है कि सभी कर्मचारी काम पर लौटें और शहर को स्वच्छ बनाएं।

# प्रदर्शन कर नीतियों को बताया शिक्षक विरोधी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स संगठन के आह्वान पर शुक्रवार को शिक्षकों ने केए कॉलेज में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने नई शिक्षा नीति का पुरजोर विरोध किया। शिक्षकों के अधिकारों को कूचलने का सरकार पर आरोप लगाया।

शिक्षकों ने कहा कि कहा कि कि सरकार द्वारा बनाई गई नीतियां न केवल शिक्षकों के अधिकारों को कुचलरही हैं, बल्कि शिक्षा का स्तर भी गिरा रही हैं। सरकार की शिक्षा नीति निजीकरण और व्यापारीकरण की ओर इशारा करती है। शिक्षा की



केए कॉलेज में नई शिक्षा नीति का विरोध करते शिक्षक। • अमृत विचार

- **कॉलेज में शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए नई शिक्षा नीति का किया पुरजोर विरोध**

गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। इसके साथ ही, शिक्षकों की सेवा शर्तों में लगातार कटौती हो रही है। उनके वेतन एवं सुविधाओं में भी कमी की जा रही है। धरना देने वालों में डा.एपी गुप्ता, डा. मिथिलेश वर्मा, डा. बृजेंद्र यादव, डा. केके सिंह, डा.उमेश यादव, डा.संतोष कुमार, डा.पवन कुमार दुबे, डा.अनुपम पाठक, डा. सबिस्ता अंजुम, डा.अभिषेक, डा.कुशहर साहनी, डा. अंकित कौशल, डा.अजीत यादव, डा. हर्ष मिश्रा, डा.प्रवीण सिंह जादौन आदि शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं को बताए यातायात के नियम

संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार :** अमांपुर विकास खंड के मीरा देवी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को यातायात के नियमों के पालन एवं जागरूकता के लिए शिविर लगाया गया। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने यातायात नियमो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। लोग गंभीर घायल होकर जीवन गंवा देते हैं। इसलिए नियमों का पालन करना चाहिए। पैदल, साइकिल चालकों को सदैव बायीं तरफ चलना चाहिए। मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। दो पहिया वाहन पर हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना व वाहन का पंजीकरण रद्द किए जाने का प्रावधान है। अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

### राजीव कैलानी सभापति विजय मिश्रा उपसभापति बने

**एटा अमृत विचार :** पुरुषार्थी सहकारी आवासीय समिति इंद्रपुरी के त्रिवार्षिक चुनाव में राजीव कैलानी सभापति, विजय मिश्र को उपसभापति एवं रणदीप सिंह मोनू को निर्विरोध सचिव चुना गया।चुनाव अधिकारी बलवीर सिंह की निगरानी में गत 9 सितम्बर को मतदाता सूची जारी कर चुनाव प्रक्रिया शुरु की। नौ वार्ड वाली आवासीय समिति के डेलिगेट के रूप में राकेश वार्ष्णेय, राजीव कैलानी, विजय मिश्र, सत्य भान यादव, प्रसून वार्ष्णेय, चरणजीत सिंह गोल्डी के साथ सुषमा सभारवाल व संगीता सेठ को महिला सदस्य के रूप में चुना गया। आलोक जैन विशेष आमंत्रित, आशीष कोहली व विकास मिनोचा को सदस्य नामित किया गया।

## सार-संक्षेप

### पर्यूषण पर्व के समापन पर निकाली शोभा यात्रा



**कासगंज**, अमृत विचार : जैन समाज के पर्यूषण पर्व के समापन पर शुक्रवार को श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व सुबह जैन बंधुओं ने प्रभात फेरी निकालकर जनजागरण किया। श्रीजी के जयकारों की गूंज रही। जैन समाज के लोगों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख नदरई गेट, लक्ष्मीगंज, घंटाघर, नावल्टी रोड, बारहद्वारी आदि मार्गो से होती हुई बिलराम गेट स्थित जैन मंदिर पर संपन्न हुई। जैन रथ मेला कमेटी के संरक्षक संत कुमार जैन, विजय सिंह जैन, कुलदीप जैन, श्री शिशांक जैन, अध्यक्ष नवीन चंद्र जैन, महामंत्री शेखर जैन, कोषाध्यक्ष अक्षित जैन, हर्षित जैन, आकाश जैन, मोहित जैन, मयंक जैन, प्रमोद चंद्र जैन, सचिन जैन, धीरज जैन, नीरज जैन के अलावा महिला मंडल में राखी जैन, अर्चना जैन, गर्विता जैन, मीना जैन, कीर्ति जैन, अरुणा जैन, विनीता जैन, रीना जैन, सोनम जैन व अन्य मौजूद रहे।

### अमांपुर में जर्जर भवन दे रहे हादसों को निमंत्रण



**अमांपुर, अमृत विचार :** कस्बे में कई इमारतें गिरताऊ हालत में हैं। नगर पंचायत द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भवनों के आस पास से गुजरते समय लोगों में दहशत बनी हुई है। कस्बा वासियों ने भवनों को गिराने की मांग की है। कस्बा के सराफा बाजार, पुराने थाने के पास और शास्त्री नगर में कई भवन गिरताऊ हालत में है। हादसे की आशंका बनी रहती है। बारिश के बीच जर्जर भवनों से हादसों का खतरा है। कई जर्जर भवनों में परिवार रहते हैं। घटना के बाद ही सरकारी तंत्र सतर्कता दिखाता है। लोगों को मकान खाली करने या ठीक कराने को नोटिस दिया जाता है। ऐसी लापरवाही कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती है।

**बदहाली** — जलभराव और कीचड़ से लोगों को आवागमन में होती है परेशानी

# जलभराव व गड्ढे बन गए एटा रोड की पहचान

## आवागमन में मुसीबत झेल रहे वाहन सवार, सड़क की मरम्मत को नहीं ली जा रही सुधि

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार :** कस्बा का एटा रोड आज भी जीर्णोद्धार की राह देख रहा हैं। विकास की आस में अरसा बीत गया। टूटा मार्ग और जलभराव से लोग परेशान हैं। गड्ढों में जलभराव होने से दो पहिया वाहन चालक और राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

एटा रोड पर जलभराव और कीचड़ से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना होता है। स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओ और राहगीरों को गंदगी और जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। जगह-जगह पर गड्ढे होने के कारण जलनिकासी संभव नहीं हो पा रही है। इस वजह से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के गुजरने पर



जर्जर अमांपुर- एटा रोड पर गड्ढों में भरा पानी। • अमृत विचार

दुर्घटनाएं भी होती है। लोग फिसल कर गिर रहे है। राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों को यहां से गुजरने में परेशानी होती है। सड़क पर गड्ढों में पानी भरे होने के कारण उन्हें उसकी गहराई का पता नहीं लग पता है। और दो पहिया वाहन चालक इनमें फंसकर गिर जाते है। और चोटिल होते है। यह रास्ता जाटऊ, इसेपुर, अल्लीपुर, पूरनपुर, अभयपुरा, मझौला,फाकौता, नादरमई, शेरपुर आदि गांवों को जाता हैं। ग्रामीणों की मानें तो कई बार जिला

- **इस सड़क से जुड़े दर्जनों गांवों के लोग उठा रहे मुसीबत**

प्रशासन को भी अवगत कराने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नही हुई है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियां हो रही हैं।

बिजेश वर्मा, डॉ भगवान सिंह राजपूत, नरेश राजपूत, सत्यप्रकाश सोलंकी, सभासद राजकुमार, सुधीर यादव, विजय सिंह, भंवर पाल शाक्य, अनुज सोलंकी, आकाश शाक्य, मुन्नालाल जाटव, कैलाश शाक्य, राजेन्द्र वर्मा, रामदास, घनश्याम बघेल, अकित, रामसिंह शाक्य, विकास यादव, सजीव यादव, दिनेश कुमार, नाथूराम आदि ने प्डीएम से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

# प्रसूता की मौत मामला: दोषी दो स्टाफ नर्स की सेवा समाप्त

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **डीएम के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम कर रही थी जांच**
- **स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी जांच में थे शामिल**

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले दिनों हुई प्रसूता की मौत के मामले में चल रही जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दो स्टाफ नर्स की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। जबकि चिकित्सक के विरुद्ध अभी भी जांच जारी है।

10 अगस्त को गांव गजौरा निवासी ममता पत्नी मोहन सिंह ने सामान्य प्रसव से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गंजडुण्डवारा में पुत्र को जन्म दिया था। प्रसव उपरान्त ममता का लगातार रक्तस्राव बना रहा। स्थिति अनियन्त्रित होने के कारण स्टाफ द्वारा ममता को जिला अस्पताल कासगंज रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी थी। परिजनों द्वारा सीएचसी अधीक्षक मुकेश यादव एवं तीन स्टाफ नर्स

> प्रसूता की मृत्यु के मामले में दो स्टाफ नर्स बेवी कुमारी व अर्चना यादव दोषी पाई गई हैं। जिलाधिकारी की संस्तुति के बाद सेवा पूर्ण रूप से समाप्त कर दी गई। अन्य जांच जारी है।
> – **डॉ .राजीव अग्रवाल**, सीएमओ

अलीश, बेवी व अर्चना यादव पर लापरवाही सहित गंभीर आरोप लगाए। सीएचसी पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया था। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट मेधा रुपम द्वारा जांच के आदेश दिए गए थे। जांच के लिए एसडीएम अंजली गंगवार की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया। जांच में स्टाफ नर्स बेवी कुमारी व अर्चना यादव दोषी पायी गई हैं। दोनों की सेवा समाप्त कर दी गई है।

सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम्॥

सभी प्रकार के संग्रह का अंत क्षय है। बहुत ऊंचे चढ़ने का अंत नीचे गिरना है। संयोग का अंत वियोग है और जीवन का अंत मरण है।

## संपादकीय

# जलवायु संकट का समाधान

दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रकृति और जैव विविधता की हानि, प्रदूषण और कचरे के संकट का सामना कर रही है। ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता से तापमान वृद्धि तेज होगी। असामान्य मौसम हमारे जीवन एवं अर्थव्यवस्था पर कहर बरपा रहा है। जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए केवल प्रौद्योगिकी का उपयोग पर्याप्त नहीं होगा। जलवायु संकट से निपटने के लिए उपग्रहों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहारा लेना होगा। संयुक्त राष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन ने यह बात इस सदी में वैश्विक तापमान के पूर्व-औद्योगिक स्तर से तीन सेंटीग्रेड ऊपर पहुंचने की प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की नवीन चेतावनियों के बीच कही है। एआई पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में भूमिका निभा सकता है, जिसमें अधिक ऊर्जा कुशल इमारतों के डिजाइन से लेकर वनों की कटाई की निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के डेविड जेन्सन कहते हैं कि एआई से तात्पर्य उन प्रणालियों या मशीनों से है, जो ऐसे कार्य करते हैं जिनके लिए आमतौर पर मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है। एआई का उपयोग जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में योगदान दे सकता है। एआई और मशीन लर्निंग के जरिए, पहले से ही मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान में तेज, किफ़ायती व सुलभ क्रांति आ रही है। मौजूदा एआई प्रणालियों में ऐसे उपकरण शामिल हैं जो मौसम की भविष्यवाणी करते हैं। हिमखंडों पर नजर रखते हैं और प्रदूषण की पहचान करते हैं। विश्व आर्थिक मंच का कहना है कि एआई का उपयोग कृषि को बेहतर बनाने और इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए भी किया जा सकता है। एआई जलवायु परिवर्तन से लड़ने में प्रणालियों में मदद कर रहा है, जिनमें समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण की पहचान करने वाली प्रणालियां भी शामिल हैं।

दुनिया की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन से निपटना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 4 अरब लोग पहले ही जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। उपग्रहों से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल जलवायु मॉडल को बेहतर बनाने, चरम मौसम की घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने में किया जाता है। डेटा से पता चलता है कि समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। पृथ्वी पर बर्फ़ की चादरों में तेज़ बदलाव हो रहे हैं। सतत विकास, जलवायु कार्रवाई व आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए आज लिए गए निर्णय बेहतर विश्व के निर्माण का मार्ग तय करेंगे। इसलिए जरूरी है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लाभ सभी को सुलभ हों।

# इंदिरा गांधी ने नकार दिया था वन नेशन वन इलेक्शन



महेश शर्मा
कानपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के बसंत साठे ने अध्यक्षीय शासन प्रणाली की बात अपने एक लेख में उठाई थी, जो इंदिरा गांधी को नागवार गुजरी। साठे का कांग्रेस की राजनीति में कद इतना बौना कर दिया गया था कि वह फिर उठ नहीं सके थे।

वन नेशन, वन इलेक्शन पर बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। चुनाव सुधार की दिशा में इसे क्रांतिकारी कदम के रूप में बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसे क्रियान्वित करने के लिए संविधान में दो बड़े संशोधनों की जरूरत पड़ेगी। अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन करना होगा।

यहां पर पहली दिक्कत तो यह आएगी कि मोदी सरकार की बैसाखी बनी जनता दल (यू) और तेलगू देशम को भी विश्वास में लेना पड़ेगा। लोकसभा में भाजपा के पास 240 सदस्य हैं। क्षेत्रीय दल अपना नफा-नुकसान देखकर निर्णय लेंगे। कहा जाता है कि मोदी सरकार को इस मुद्दे पर सहयोगी दलों का समर्थन हासिल है, लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ ही कई विपक्षी दल विरोध में हैं। भाजपा 2014 में वन नेशन, वन इलेक्शन को अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया था। साल 2014 में स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाषण में इसका जिक्र किया था।

विधि विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि संविधान संशोधन पारित भी हो जाता है तो इसे सुप्रीमकोर्ट में चुनौती भी दी जा सकती है। इसकी खास वजह यह है कि संविधान के मूलभूत ढांचे में परिवर्तन किया जा रहा है। वन नेशन, वन इलेक्शन से चुनाव खर्चा कम होने, काला धन का उपयोग कम होने की बड़ी बात कही जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि इससे इससे लोकतंत्र शासन का अध्यक्षीय स्वरूप सामने आ सकता है। विधि विशेषज्ञ एक बड़ी अड़चन और बताते हैं कि राज्य विधानसभा का चुनाव संविधान की सातवीं अनुसूची में स्टेट लिस्ट में आता है। राज्य विधानसभा को भंग करने का अधिकार राज्य सरकार के पास होता है। वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर राज्यों से यह अधिकार छिन जाएगा। केंद्र व राज्यों में एक साथ चुनाव कराना है तो उन सरकारों को भी भंग कर दिया जाएगा, जिनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ है। यह संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध कहा जा रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय दलों को घोर आपत्ति हो सकती है, पर कोविंद की सिफारिशों में यह स्पष्ट है कि अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन के लिए राज्यों के समर्थन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा कोई नई नहीं है। इस पर चर्चा इंदिरा गांधी के शासनकाल में 1983 में हुई थी, पर श्रीमती गांधी ने अस्वीकार कर दिया था।



आचार संहिता को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह दलील दी जा रही है कि चुनाव खर्च कम होने के साथ सरकारी कर्मचारियों को बार-बार ड्यूटी पर लगाने की जहमत से भी बचा जा सकता है। सौ करोड़ मतदाता हैं, जिन पर 84 रुपया प्रति मतदाता खर्चा आता है। दुनिया के बाकी देशों से यह सस्ता है। एक ईवीएम और एक वीवीपैट की कीमत लगभग 35 हजार है, ऐसे में लोकल बॉडीज के चुनाव भी साथ कराए गए तो वर्तमान संख्या से तीन गुना वोटिंग मशीन की जरूरत पड़ेगी। इस प्रकार वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर 15 लाख नई मशीनें खरीदनी पड़ सकती है। यह मामला अब मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। वन नेशन वन इलेक्शन पर राष्ट्रीय बहस फिलहाल शुरू हो चुकी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के बसंत साठे ने अध्यक्षीय शासन प्रणाली की बात अपने एक लेख में उठाई थी, जो इंदिरा गांधी को नागवार गुजरी। साठे का कांग्रेस की राजनीति में कद इतना बौना कर दिया गया था कि वह फिर उठ नहीं सके थे। देश के संविधान की सातवीं अनुसूची पृथक मुद्दों पर राज्य और केंद्र के बीच अधिकार के बंटवारे की बात करता है। इसमें केंद्रीय सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र के पास है। राज्य सूची शामिल विषय राज्य के पास हैं। समवर्ती सूची के विषयों पर केंद्र और राज्य दोनों को अधिकार दिए गए हैं। विधि विशेषज्ञ कहते हैं कि केशवानंद भारती के प्रकरण में सुप्रीमकोर्ट ने साफ कहा था कि संविधान में कोई भी संशोधन तो किया जा सकता है, पर इसके मूलभूत ढांचे में फेरबदल नहीं किया जा सकता है। देश में विधायिका और कार्यपालिका के बाद न्यायपालिका का नंबर आता है।

पूर्व चीफ इलेक्शन कमिश्नर एसवाई कुरैशी के हवाले से कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति को 47 राजनीतिक पार्टियों ने अपनी प्रतिक्रिया भेजी थी, जिनमें 15 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन को लोकतंत्र और संविधान के ढांचे के विपरीत बताया था। एख और दिक्कत लोकल बॉडीज के इलेक्शन से जुड़ी है। कैबिनेट ने जिन प्रस्तावों को स्वीकृति दी है, उनमें ग्राम पंचायत और नगर पंचायत के चुनाव लोकसभा, विधानसभा चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराने की बात कही गई है। इसके अलावा जिस राज्य की सरकार कार्यकाल की अवधि पूरी करने से पहले ही गिर जाती है तो वहां पर बचे हुए कार्यकाल के लिए विधानसभा चुनाव होंगे।

देश में संविधान लागू होने के बाद पहले चुनाव 1951-52 में हुआ था। तब केंद्र व 22 राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। यह भी तथ्य है कि तब भी 1955 में आंध्र राष्ट्रम (जो बाद में आंध्र प्रदेश बना), 1960-65 में केरल और 1961 में ओडिशा में अलग से चुनाव हुए थे। 1967 में कुछ राज्यों की विधानसभा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग हो गई थी। वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। यही नहीं 1972 में होने वाले चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। इसके बाद 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार को दिया था, जो कि खारिज कर दिया गया था।

आचार संहिता को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह दलील दी जा रही है कि चुनाव खर्च कम होने के साथ सरकारी कर्मचारियों को बार-बार ड्यूटी पर लगाने की जहमत से भी बचा जा सकता है। सौ करोड़ मतदाता हैं, जिन पर 84 रुपया प्रति मतदाता खर्चा आता है। दुनिया के बाकी देशों से यह सस्ता है। एक ईवीएम और एक वीवीपैट की कीमत लगभग 35 हजार है, ऐसे में लोकल बॉडीज के चुनाव भी साथ कराए गए तो वर्तमान संख्या से तीन गुना वोटिंग मशीन की जरूरत पड़ेगी। इस प्रकार वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर 15 लाख नई मशीनें खरीदनी पड़ सकती है। यह मामला अब मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। वन नेशन वन इलेक्शन पर राष्ट्रीय बहस फिलहाल शुरू हो चुकी है।

## प्रसंगवश

# स्वीकृति के पूर्व त्यागपत्र



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सेवा में रहते हुए ऐसी भी विपरीत परिस्थिति बनती है जब कर्मचारी त्यागपत्र का विकल्प चुन लेता है, लेकिन बाद में क्षणिक आवेश में त्यागपत्र का निर्णय खटकता है, उस पर पछतावा होता है। न्यायिक व्यवस्था से ऐसे कार्मिकों को त्यागपत्र वापस लेने के लिए एक 'कूलिंग पीरियड' मिल जाता है। सुप्रीम कोर्ट का सुविचारित मंतव्य है कि स्वीकृति की सूचना से पूर्व कार्मिक त्यागपत्र वापस ले सकता है। कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कमर्चारी एसडी मनोहर ने 5 दिसंबर 2013 को नियोक्ता को त्यागपत्र दे दिया और अनुरोध किया कि इसे एक माह की अवधि के बाद प्रभावी माना जाए। वह अपनी ड्यूटी करता रहा। उसने 26 मई 2014 को त्यागपत्र वापस लेने का पत्र लिखा। नियोक्ता कोंकण रेलवे ने त्यागपत्र वापस करने के बजाय एसडी मनोहर को एक जुलाई 2014 को कार्यमुक्त कर दिया। अभिलेखों में 15 अप्रैल 2014 की तिथि में सात अप्रैल 2014 से त्याग पत्र स्वीकार कर लिया। एसडी मनोहर ने सेवामुक्त आदेश को कर्नाटक उच्च न्यायालय में चुनौती दी और तर्क दिया कि उसके त्यागपत्र दिनांक पांच दिसंबर 2013 पर कभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, इसलिए उसे सेवामुक्त नहीं किया जा सकता। उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने कार्मिक एसडी मनोहर के पक्ष में निर्णय दिया। नियोक्ता की अपील पर खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को उलट दिया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याची कार्मिक मनोहर के तर्कों के साथ-साथ सुमन जैन बनाम मारवाड़ी सम्मेलन, 2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 161 और एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड बनाम कैप्टन गुरु दर्शन कौर संधू (2019) 17 एससीसी 129 व कई अन्य निर्णयों में शीर्ष न्यायालय के विनिश्चय पर भी विचार किया। कानून का यह स्थापित सिद्धांत है कि स्वीकृति के पूर्व त्यागपत्र वापस लिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता ड्यूटी पर रहकर लगातार नियोक्ता के संपर्क में था, उसे त्यागपत्र स्वीकृति की कोई सूचना नहीं दी गई। कोर्ट ने प्रश्नगत मामले में पाया कि त्यागपत्र स्वीकृत होने के पूर्व वापस लेने का अनुरोध हुआ है, इसलिए त्यागपत्र स्वीकार किया जाना कानूनी दृष्टि से सही नहीं है।

# चुनाव का वर्ष जो है



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

मैंने अपने सेवाकाल के दौरान यह भी देखा है कि सेवा के पायदान में जैसे-जैसे पद उच्चतर होता जाता है, अनुचित कार्य का विरोध उतना ही कठिन होता जाता है।

अंग्रेजी में कहावत है कि प्रेम और युद्ध में सब जायज है। अगर यह कहावत आज के हिंदुस्तान में बनी होती तो इस तरह न होकर ऐसी होती 'चुनाव में घूस और अपराध दोनों जायज हैं'। हमारे देश में प्रेम में तो सब जायज हो ही नहीं सकता, क्योंकि प्रेम तो स्वयं ही नाजायज समझा जाता है और प्रेमियों का प्रेमिका के भाई, बाप, पति या गांव की पंचायत द्वारा सरेआम कत्ल कर देने में बड़ी शान समझी जाती है, जहां तक युद्ध की बात है सो हम सदैव 'धर्मयुद्ध' लड़ते रहे हैं।

हमने युद्ध में कभी नाजायज तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया है, जिसके कारण विदेशी आक्रमणकारियों से सदैव वीरता से लड़ते हुए हारते रहे हैं। अब पृथ्वीराज चौहान को ही ले लें, जिन्होंने मोहम्मद गौरी को 16 बार हराकर मुक्त कर दिया था। 'वीर' पृथ्वीराज चौहान तब तक मोहम्मद गौरी की हत्या की कैसे सोच सकता था, जब तक मोहम्मद गौरी उसे बंदी बनाकर उसकी आंखें न फोड़ देता? हां, जहां तक चुनाव का सवाल है, हमारे नेताओं की बात ही अलग है। उन पर यह आक्षेप कोई नहीं लगा सकता है कि वे चुनाव लड़ते वक्त जायज-नाजायज के प्रति कोई भेदभाव रखते हैं।

पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों की पसंदीदा पोस्टिंग कराने, वोटरों को नोटों से जीतने, उन्हें गंगा में डुबकियां लगवाकर अपने पक्ष में वोट डालने की कसम दिलवाने, गुंडों को प्रश्रय देने और फिर डंडे के बल पर बूथ कैप्चरिंग कराने, वोटों की पेटी को लुटवाने और आश्यक हो तो प्रतिद्वंद्वी का काम तमाम कराने को नाजायज कितने नेता मानते हैं? स्वतंत्रता के पश्चात 20-25 वर्षों तक तो देश के अधिकतर नेता जायज और नाजायज का द्वंद्व उपस्थित होने पर जायज को ही तरजीह देते थे। अगर मन से नाजायज कार्य कराना भी चाहते थे तो भी अधिकारियों द्वारा तथ्य एवं नियम प्रस्तुत करने पर नाजायज कार्य करने हेतु दबाव डालने का साहस नहीं करते थे, पर धीरे-धीरे हर एक क्षेत्र में आंख का लिहाज समाप्त होने लगा और हमारे नेताओं ने भी सभी प्रकार की शर्म-लिहाज छोड़कर हर नाजायज काम के लिए खुला खेल फरक्काबादी खेलना आरंभ कर दिया। बस क्या था-भ्रष्ट नेताओं, भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों एवं बदमाशों की ऐसी तिकड़ी बन गई कि शरीफ आदमी अपने आप को हाशिए पर बनाए रखने में ही अपनी खैरियत समझने लगे।

आज किसी अधिकारी द्वारा सिद्धांत की अथवा जायज-नाजायज की बात कहने पर नेताओं के हाथ में एक हथियार आ गया है- 'क्या करें चुनाव का वर्ष जो है?', जिसका सीधा अर्थ होता है कि जायज-नाजायज का फर्क भूल जाओ और सीधी तरह जो हम कह रहे हैं वह करो। भारत में गणतंत्र व्यवस्था लागू होने के बाद आरंभिक वर्षों में केवल लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव का महत्व था और वह पांच वर्ष के अंतराल पर एक साथ होते थे। आज तो लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, नगर परिषद, पंचायत आदि सभी के चुनाव महत्वपूर्ण (कमाऊ) हो गए हैं और प्रत्येक वर्ष किसी न किसी के चुनाव का चुनावी वर्ष होता है। इस कारण 'बेचारे' नेता सदैव अनुचित नियुक्तियां कराने और जायज-नाजायज का फ़र्क भूलकर अधिकारियों से काम कराने को 'मजबूर' रहते हैं।

मैंने अपने सेवाकाल के दौरान यह भी देखा है कि सेवा के पायदान में जैसे-जैसे पद उच्चतर होता जाता है, अनुचित कार्य का विरोध उतना ही कठिन होता जाता है। उच्च स्तर पर आते-आते अधिकारियों की समझ में यह बात भी आ जाती है कि मुख्यमंत्री अथवा उनके निकटतम व्यक्तियों का बहुत विरोध कर स्वयं को महत्वहीन स्थान पर स्थानांतरित तो कराया जा सकता है, परंतु अनुचित कार्य होने से नहीं रोका जा सकता है। यदि कोई अधिकारी अनुचित कार्य नहीं करेगा तो आने वाला अधिकारी चुनकर ऐसा नियुक्त किया जाएगा कि वह कार्य और उस जैसे अन्य कार्य खुशी-खुशी करता रहे। "क्या करें, चुनाव का वर्ष जो है" नामक हथियार का दंश उच्च अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को स्वयं भी झेलना पड़ता है। अतः मैं समझता हूं कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' लागू हो जाए तो प्रशासन की शुचिता में वृद्धि हो सकती है। तब अनुचित कार्य कराने हेतु नेताओं का यह तर्क पांच वर्ष की अवधि में केवल एक वर्ष ही प्रभावी रहेगा।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत बेची नहीं जाती



हफीज किदवई
लेखक

एक दोस्त ने मुझसे कहा कि तुममें बिल्कुल भी मार्केटिंग स्किल नहीं है और जरा भी प्रोफेशनल नहीं हो। मैंने उसे घूरकर देखा और हंसी निकल गई, बताओ, इन्हें कितना पता है मेरे बारे में, मेरे स्किल के बारे में। मैं दुनिया का वह बंदा हूं, जो कुछ भी किसी को बेच नही सकता। जब मुझे कोई अपनी किताब, अपने प्रोडक्ट या अपने आपको ही बेचता हुआ दिखाई देता है तो मैं शर्म से गहरे गड्ढे में गड़ जाता हूं।

मुझे मार्केटिंग में उस्ताद इन बंदों को देखकर बेहद खुशी होती है। यह तो छोड़ों, कबाड़ी वाला हमें देख चहक उठता है। उसे पता है कि जो मैं बेचूंगा, वह ही खरीदेगा। मैं होशियारी दिखाता हूं कि इस बार खूब मोल भाव करना है, फिर वह सलाम करके बातें छेड़ देता है और मैं उकता के कहता हूं, अच्छा बिना तौले ही भर लो, जो समझ आए, उधर रख जाओ। यह होता है स्किल, उन दोस्त को क्या पता इसके लिए कितना बड़ा उल्लू बनना पड़ता है। मार्केटिंग, इसकी जय बोलो, जिसे न आई, उसे कौन जाना, जिसे आई, उसके सिवा भला किसे जाना गया। मैं एक यह गुर सीखना तो चाहता हूं, मगर अपनी कंचे से भी छोटी बुद्धि देख रुक जाता हूं, एक गुरु का इंतेजार है, जो हमे बेचना सिखा दे। वरना हम बांटते ही रहेंगे, क्योंकि बांटना ही आया है। रेवड़ी, खुटिया, जलेबी और विचार सब बांट देंगे, बिना झगड़े और पक्षपात के, बस बेच नहीं पाते, न खुद को, न खुद को।

बेचना एक महत्वपूर्ण, महान गुण है, जिस दिन आ गया, उस दिन हम हम नही रहेंगे। बेचना और बांटना में मेरी सुई बांटने पर अटक जाती है। बचपन में पढ़ा था कि गुरु नानक भी बाजार में कुछ खाने-पीने की चीजें बेचने गए थे, व्यापार करने और बेचने की जगह सब बांट आए। कोई दोस्त उन्हें भी मिल गया होता और कह देते गुरु मार्केटिंग और प्रोफेशनलिज्म सीख लो, वरना पिछड़ जाओगे। तब गुरु उसके कंधे पर हाथ धरकर कहते, दोस्त, यहां दौड़ ही कौन रहा है, जिसे जीतना या पिछड़ना है। मोहब्बत बांटी जाती है, बेची नहीं, बेची जाने वाली मोहब्बत बड़ी फूहड़ लगती है।

**-फेसबुक वॉल से**

# धर्म, ईश्वर और संस्कृति



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

इस विषय पर हमारे शास्त्रों की, हमारे ऋषियों और चिंतकों की राय क्या है? वेदों में हमें ईश्वरीय धारणा के विविध रूप बहुदेववाद, एकाधिदेववाद, एकेश्वरवाद एवं अद्वैतवाद मिलते हैं। वैदिक मंत्रों में विभिन्न देवताओं की स्तुति की गई है।

दार्शनिक/चिंतक केवल ईश्वर पर आस्था या विश्वास पर नहीं चलता। वह इसके लिए तार्किक आधार चाहता है। तमाम दार्शनिक चिंतक मानते हैं कि सृष्टि का अस्तित्व स्वशासित है। न कोई आज्ञा देता है, न कोई अनुकरण करता। यह महानतम रहस्य है। सृष्टि के आंतरिक कारणों से मौसम बदलता है और बादल वर्षा करने आ जाते हैं। यह अनादि काल से चला आ रहा है। सृष्टि अपने भीतर से संचालित है और ईश्वर एक कल्पना है। दुनिया के तमाम चिंतक मानते हैं कि सृष्टि की प्रत्येक चीज अन्य हर चीज से जुड़ी है, जैसा कि फिराक ने कहा है-विश्व एक है, ये नियम ऐ मन कभी न भूल/एक तारा थर्रा उठा, जब तोड़ा इक।

इस विषय पर हमारे शास्त्रों की, हमारे ऋषियों और चिंतकों की राय क्या है? वेदों में हमें ईश्वरीय धारणा के विविध रूप बहुदेववाद, एकाधिदेववाद, एकेश्वरवाद एवं अद्वैतवाद मिलते हैं। वैदिक मंत्रों में विभिन्न देवताओं की स्तुति की गई है। ये देवगण विभिन्न प्राकृतिक शक्तियों के स्वामी तथा नियंता माने गए हैं और अलौकिक शक्तियों से संपन्न एवं कल्याणकारी है। ऋग्वेद संहिता में इनकी स्तुतियां अग्नि, वरुण, इन्द्र, सूर्य, उषा, योस्, पूषन्, मिना, मरुत, वायु, सोम आदि देवों के नाम से मिलते हैं। देवताओं की संख्या 3 से 33 करोड़ तक हैं। वेद में कहीं-कहीं एक देव को 'सभी देवों का देव' कहा गया है।

इस प्रवृत्ति को प्रो. मैक्समूलर ने 'एकाधिदेववाद' (हेनोथीइज्म) या कैथेनोथीइज्म के नाम से प्रतिपादित किया है। जैसे-जैसे समय बीतता गया, ऋषियों ने यह अनुभव किया कि विभिन्न देवों की पृथक सत्ता में केवल नाम एवं रूप का ही अंतर है। इन्द्र, वरुण, यम, अग्नि आदि सभी एक ही सत्ता के विविध रूप हैं, जिन्हें विद्वान लोग अनेक नामों से पुकारते हैं- "एकं सद्विप्रा बहुधा वदंति"। पुरुषसूक्त में कहा गया है कि वह हजार सिर, हजार नेत्र, पाद एवं बाहुवाला है। भूत, भविष्य तथा वर्तमान में जो कुछ भी है, सब वही है। उससे ही सबकी उत्पत्ति होती है। इसे ही कभी प्रजापति, कभी विश्वकर्मा तथा कभी हिरण्यगर्भ कहा गया है। एकेश्वरवादी चिंतन की परिणति ऋग्वेद के ही अंतिम भागों में अद्वैतवाद में होती है। ऋषि कहते हैं वह एक अद्वैत है (तदेकं)। वह न तो स्त्री है न पुरुष। नासदीय सूक्त में इस अद्भुत की स्थापना और भी स्पष्ट हो जाती है। यह एक परमतत्व ही आगे चलकर उपनिषदों में आत्मा या ब्रह्म के साथ तादात्म हो जाता है। मैक्समूलर लिखते है- "ऋग्वेद संहिता के समाप्ति का चाहे जो भी काल रहा हो, उस काल से पहले इस विचार की जड़ जम गई थी कि एक ही अद्वितीय सत्ता है।"

उपनिषदों का प्रमुख प्रतिपाद्य विषय ब्रह्म है। यह परम सत्/तत्व है। तैत्तरीय उपनिषद्, छान्दोग्य उपनिषद् आदि में उसे विश्व का उत्पत्तिकर्ता, पालनकर्ता तथा संहारकर्ता माना गया है। उससे ही समस्त चराचर जगत की उत्पत्ति होती है तथा अंततोगत्वा उसी में सबका लय होता है।' यह बह्म ही आत्मा है। आत्मा एवं ब्रह्म अभिन्न हैं। "आत्मा वै ब्रह्म", "अयमात्मा ब्रह्म", "अहं ब्रह्मास्मि" आदि महावाक्यों से ब्रह्म से आत्मा की अभिन्नता बतलाई गई है। भगवद्गीता महाभारत का एक अंश तथा उपनिषदों का सार है। गीता में निर्गुण एवं सगुण ब्रह्म का सुंदर समन्वय है। ईश्वर मायाधीश है। उसके ही निर्देश से प्रकृति समस्त विश्व की रचना करती है। वह सबका अवलंबन है। धर्म की रक्षा करने तथा दुष्टों का संहार करने के लिए वह अवतार धारण करता है। जब नास्तिक एवं निरीश्वरवादियों ने तर्क का आश्रय लेकर ईश्वर का खंडन किया, जनसामान्य की आस्था वेद और ईश्वर से डांवाडोल होने लगी तो आस्तिक तथा ईश्वरवादी चिंतकों के लिए यह आवश्यक हो गया कि वे भी श्रद्धा एवं विश्वास के स्थान पर तर्क के ही द्वारा वेद तथा ईश्वर की प्रामाणिकता सिद्ध करें।

न्याय दर्शन के प्रवर्तक महर्षि गौतम ने अपने 'न्यायसूत्र' में ईश्वर की सत्ता स्वीकार की गई। महर्षि कणाद ने वैशेषिक सूत्र में ईश्वर का उल्लेख नहीं किया है, परंतु कणाद के व्याख्याकार उन्हें ईश्वरवादी मानते हैं। न्याय वैशेषिक दर्शन के अनुसार ईश्वर नित्य, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान, कर्मफलदाता तथा सृष्टि का रचयिता है। वह विश्वकर्मा है। परमाणु जो सृष्टि के पूर्व निष्क्रिय रहते हैं, उन्हें वह सक्रिय कर सृष्टि उत्पत्ति में प्रवृत्त कराता है। अतः वह संसार का निमित्त कारण है। मनुस्मृति के अनुसार "नास्तिकों वेद निंदकः" वेद निंदक नास्तिक है। इस सिद्धांत के अनुसार यद्यपि सांख्य एवं मीमांसा आस्तिक दर्शन हैं तथापि चार्वाक, जैन एवं बौद्ध के समान ये भी किसी एक सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान पूर्ण सृष्टि के उत्पन्नकर्ता के रूप में ईश्वर को नहीं स्वीकार करते हैं। अतः ये सब अनीश्वरवादी कहे जा सकते है।

# उत्तराखंड का टिहरी बांध



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

कुछ समय पहले टिहरी बांध और इससे संबंधित संग्रहालय देखने का और बांध से संबंधित जानकारियां जुटाने का अवसर मिला। टिहरी में भिलंगाना और भागीरथी के संगम पर जल प्रवाह को रोककर बनाया गया टिहरी डैम दुनिया के उच्चतम बांधों में से एक है। यह भारत का सबसे ऊंचा और विश्व का 13 वां ऊंचा बांध है। बांध निर्माण हेतु आरंभिक जांच सन् 1961 में पूर्ण हो गई थी। जांच से तात्पर्य स्थान की जांच। इसका डिजाइन वाला कार्य 1972 में पूरा हुआ था।

1978 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, मगर आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक कारणों की वजह से इसमें विलंब हो गया। 1986 में सोवियत संघ द्वारा तकनीकी एवं आर्थिक सहायता दी गई, लेकिन जो बाद में राजनीतिक वजहों से बाधित हो गई। टिहरी से लगभग 22 किलोमीटर डाउनस्ट्रीम यानी प्रवाह की ओर कोटेश्वर में भागीरथी पर बांध बनाकर 400 मेगावाट क्षमता का जल विद्युत उत्पादक केंद्र बनाया गया है, जो कार्यशील है। टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट 1000 मेगावाट, जिसका कार्य अंतिम चरण पर है। अंतिम चरण का कार्य पूरा करने के लिए लगभग 45 दिन तक टिहरी झील से पानी नहीं छोड़ने की अनुमति हेतु कंपनी ने भारत सरकार से अनुमति मांगी थी ताकि काम पूरा किया जा सके। इस दौरान बिजली उत्पादन भी बंद रहा। इस दौरान भागीरथी नदी में जल स्तर काफी कम हो जाने और जल सप्लाई के संकट की संभावना स्वाभाविक है। हालांकि भागीरथी में अविरल धारा बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए एक न्यूनतम मात्रा में जल प्रवाह बना रहता है। इस तरह तीनों पावर प्लांट की कुल क्षमता 2400 मेगावाट हो गई। 1994 में भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई थी और मुख्य बांध का कार्य प्रारंभ हुआ और मार्च 1997 में पावर हाउस का सिविल निर्माण शुरू हुआ। फरवरी 2005 में बांध अपनी पूरी ऊंचाई तक बना। इससे पहले 1994 में भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद पूरे उत्तराखंड में छात्र आंदोलन हुए।

पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा भी परियोजना के विरोध में थे। आंदोलन के परिणाम स्वरूप भारत सरकार ने सितंबर 1995 में प्रोफेसर हनुमंत राव की अध्यक्षता में पर्यावरण एवं विस्थापन के प्रकरणों को देखने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की और 1996 में सरकार ने पुरानी टिहरी से लोगों के विस्थापन पर प्रतिबंध लगाया, जब तक कि पुनर्वास का निर्णय नहीं हो जाता। विशेषज्ञ समिति ने नवंबर 1997 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। कुल मिलाकर 85,000 लोग प्रभावित हुए तथा इनका पुनर्वास किया गया और लगभग 1605 करोड़ रुपये पुनर्वास कार्यों में व्यय हुए, जो प्रथम चरण की लागत का 20 प्रतिशत है। इसके बाद भी पुनर्वास जारी रहा।

इस प्रोजेक्ट का लाभ यह हुआ कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लिए पेयजल की आपूर्ति और सिंचाई सुविधा बढ़ी। भारी बारिश होने पर भागीरथी और भिलंगाना के जलस्तर में बढ़ोतरी होने पर मैदानी क्षेत्र में होने वाले बाढ़ के खतरे पर नियंत्रण हुआ। जैसे जून 2013 की केदारनाथ आपदा और 2021 में ऋषि गंगा आपदा के समय ऋषिकेश और हरिद्वार में बहुत अधिक बाढ़ की संभावना थी, पर नियंत्रित कर ली गई।

## एक नजर

### नगला मुही में सांसद ने किया दंगल का उद्घाटन



एटा। नगला मुही में दंगल का उद्घाटन सपा सांसद देवेश शाक्य ने किया।पहली कुश्ती रामेश्वर पहलवान हाथरस और हरिओम पहलवान मथुरा के बीच बराबर छूटी। दूसरी कुश्ती सचिन पहलवान खेड़ा, मनीष पहलवान तिर्वा के बीच भी बराबर रही। विकास पहलवान भुर्का और करू पहलवान हाथरस के बीच तीसरी कुश्ती हुई। सपा जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी, जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज गुप्ता एडवोकेट, समाजसेवी शिक्षाविद राजेश यादव विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

### नगला हसन के ग्रामीणों ने किया सांसद का स्वागत



एटा। मारहरा विधानसभा के गांव नगला हसन में सपा सांसद देवेश शाक्य का जोरदार स्वागत किया गया। सांसद ने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्रवासियों के सुख दुख में हमेशा साथ रहेंगे।बिना किसी भेदभाव के हर जाति धर्म के लोगों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। सपा जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी, जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, सत्तन शाक्य, फईमुद्दीन वारसी, पुष्पेंद्र धनगर, अरविंद धनगर, अवधेश यादव, बौबी प्रधान, अनिल सागर, बबलू यादव, चेतन शाक्य, दिलीप शाक्य गिरीश शाक्य, अविनाश यादव उर्फ जीतू, जैनुल आब्दीन, मनोज भारद्वाज, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने 136 वाहनों का किया चालान

एटा। यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान 136 वाहनों के चालान किए गए, जिसमें कुल 1,34,500 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। अभियान में ड्रिंक एंड ड्राइव, तीन सवारी, बिना हेलमेट, काली फिल्म और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने जैसे उल्लंघनों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें।

### करंट से संविदा कर्मचारी की मौत, अफसरों पर आरोप

जलेसर/अवागढ़ अमृत विचार : जलेसर के ग्राम सरसैला निवासी सुखवीर सिंह (27) पुत्र रमेश चन्द्र विद्युत उपकेन्द्र अवागढ़ पर संविदा के रूप में लाइनमैन था। पत्नी रिंकी ने बताया कि गुरुवार की शाम विद्युत उपकेन्द्र के अधिकारियों ने पति को गांव बछाबर यह कहकर भेजा कि वहां ट्रांसफार्मर से बिजली खराब है, जाओ सही करके आओ। सुखवीर सटडाउन लेकर उक्त गांव के ट्रांसफार्मर पर चढ़कर लाइन सही करने लगा, इसी दौरान बिना बताए है बिजली जोड़ दी। करंट लगने से सुखवीर पोल से नीचे आ गिरा। आगरा के एसएन मेडिकल कालेज में डाक्टरों ने सुखवीर को मृत घोषित कर दिया। रिंकी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।



## पर्दे में छिपे राजः डीएनए जांच से बेखबर हैं सीएमओ, अंधेरे में तीर चला रही पुलिस

# अधिवक्ता मोहिनी हत्याकांड के खुलासे से पुलिस बहुत दूर

गजेंद्र चौहान, कासगंज

**अमृत विचारः** महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर हत्याकांड का खुलासे का इंतजार भारी पड़ रहा है। नामजद अधिवक्ता जेल भेजे गए तो कभी नया मोड़ देकर एक युवती सहित दो आरोपियों को जेल भेज दिया। दावा किया कि मुकदमे की रंजिश में हत्या कर दी गई लेकिन हत्या किस तरह और किसने की, वास्तविक हत्यारा कौन है यह गुत्थी उलझती ही जा रही है।

हत्या के बाद से ही शव की शिनाख्त को लेकर उठ रहे सवाल पर पुलिस कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं कर सकी। मामला उछलने लगा तो डीएनए जांच के लिए अधिवक्ता की मां के खून का सैंपल ले लिया। अब डीएनए रिपोर्ट लंबित है। बहरहाल हैरानी की बात है कि स्वास्थ्य विभाग को ही नहीं पता कि सैंपल किसने कराया, जांच कहां हो रही है? पुलिस अभी भी दावों में ही उलझी है कि जल्द पर्दा उठेगा।

विदित हो कि तीन सितंबर को महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के द्वार से लापता हो गईं। उनका शव चार सितंबर को गोरहा नहर में मिला। शव की शिनाख्त मेला के पति विजतेंद्र तोमर ने की, लेकिन शिनाख्त को लेकर संशय बना रहा। 28 घंटे के अंदर शव की बरामद की हो गई, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शव तीन दिन पुराना दर्शाया गया। फिर

> मेरी जानकारी में नहीं है कि डीएनए के लिए सैंपल कहां लिया और जांच के लिए कहां भेजा गया है। यह कार्य विवेचक का होता है। उन्हीं को अधिक जानकारी होगी कि सैंपल कहां गया है और रिपोर्ट कब तक आएगी। मैंने अपने अधीनस्थ से जानकारी की तो उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया कि उन्हें कुछ जानकारी नहीं है।
> **-डॉ. राजीव कुमार**, सीएमओ

तो डीएनए जांच की मांग उठने लगी। विवेचक ने कई बार महिला के पति को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट समझने में गलतियां हो रही हैं। इस बीच हत्यारोपी पांच अधिवक्ताओं और एक विधि छात्र को जेल भेजा गया। फिर भी मामला नहीं सुलझा।

14 सितंबर को पुलिस ने एक युवती रेनू और युवक बॉबी को गिरफ्तार किया। पुलिस

> डीएनए सैंपल भेज दिया गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने में समय लगता है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी अवगत करा दिया जाएगा। जो दो आरोपी फरार चल रहे हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।
> **-राजेश भारती**, एएसपी

के अनुसार दोनों ने बताया कि मुकदमे की रंजिश में हत्या की गई। एटा के बागवाला का सुनील फौजी और सिढ़पुरा के कलानी का रजत मुख्य आरोपी हैं। मुकदमे के बारे में पता नहीं, सुनील फौजी और रजत को पुलिस अब तक खोज नहीं सकी। तो पुलिस का ये खुलासा भी दम तोड़ गया। इधर मामला काफी उलझता गया तो पुलिस ने बुधवार को महिला अधिवक्ता की मां दिनेश कुमारी के खून का सैंपल डीएनए टेस्ट के लिए लिया। नमूना प्रयोगशाला भेजा गया है। सीएमओ ने सैंपल के बारे में अनभिज्ञता जता दी कि उनके संज्ञान में इस तरह का मामला नहीं है।

### मेरी पत्नी की हत्या के खुलासे में दिलचस्पी नहीं ले रही पुलिस

अधिवक्ता मोहिनी तोमर के पति विजतेंद्र तोमर ने कहा कि पुलिस उनकी पत्नी की हत्या के खुलासे में दिलचस्पी नहीं ले रही है। आरोपी कौन हैं। यही स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पुलिस जल्दबाजी में तरह-तरह के निर्णय लेकर मामले को उलझाती ही जा रही है।

# किसानों ने अवागढ़ रेलवे स्टेशन पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, अवागढ़

- प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने शुक्रवार को अवागढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन लगभग चार घंटे तक चला। उपजिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों ने किसानों से बात की। किसान नहीं माने तब उन्हें दस दिन में समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके बाद किसानों ने दस दिन के लिए आंदोलन टाल दिया।

इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा कि पिछले एक दशक से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। किसानों ने कहा कि एटा से दिल्ली के लिए शटल रेल सेवा शुरू की जाए। एटा आगरा फास्ट पैसेंजर रेल का मथुरा तक संचालन किया जाए। सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य बोगियों की संख्या बढ़ाई जाए। एटा कासगंज रेल लाइन का विस्तार किया जाए। रेलवे की जमीन पर पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाए। अन् मांगे शामिल रहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, तेज सिंह वर्मा, सुरेन्द्र शास्त्री, रामकिशन यादव, राजेश, डॉ0 राजपाल सिंह वर्मा, अरविन्द शाक्य, बबलू नागर, सचिन कुमार, दोजीराम कुशवाह, पिंकी भैया, मंदीप यादव, सुनील यादव समेत सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# भैंस खरीदने गए किसान की हत्या, शव सड़क किनारे फेंका

## घर से 46 हजार लेकर भैंस खरीदने गए थे, अकबरपुर में मिला शव

संवाददाता, एटा

- अकबरपुर का एक ग्रामीण भी साथ में था

**अमृत विचारः** मलावन थाना क्षेत्र में भैंस खरीदने गए एक किसान की बेरहमी से हत्या कर शव सड़क किनारे धान के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया है। मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निवासी महेशचन्द्र (58) पुत्र सौदान सिंह दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार महेशचन्द्र 19 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे घर से 46 हजार रुपए लेकर यह कहकर गए थे कि भैंस लेने जा रहे हैं। परिजनों ने बताया कि अकबरपुर निवासी मदन के साथ बाइक पर बैठकर वे क्षेत्र के गांव अगरपुर भैंस लेने गए। महेश और मदन ने भैंस वालों को 45 हजार रुपए दिए और कहा कि भैंस कल ले जाएंगे। इसके बाद दोनों अकबरपुर गांव आ गए। परिजनों के अनुसार मदन ने बताया कि महेश रात के आठ बजे घर जाने की कहकर चले गए थे लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने तलाश की कुछ सुराग नहीं लगा।


मृतक महेश चन्द्र।

20 सितंबर को सुबह करीब 8 बजे अकबरपुर के लोगों ने बताया कि महेश का शव अकबरपुर के गुल्लन के मुर्गी फार्म से 20 मीटर दूर सड़क किनारे खाते के खेत में पड़ा है। यह सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते मौके पर पहुँच गये। शव पूरी तरह से नग्नावस्था में पड़ा था, कपड़े एक तरफ रखे हुए थे। उनके शरीर पर काफी चोटों को निशान थे। घटनास्थल को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यहां कई लोगों की काफी देर हाथापाई हुई है। उनके कपड़ों से उनका मोबाइल फोन मिला है। इसके अलावा वहां कुछ नहीं मिला। परिजनों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया है। पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**एटा अमृत विचार :** माह अक्टूबर में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही किए जाने हेतु जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अतिआवश्यक बैठक की गई। डीएम ने कहा कि अप्रैल तथा जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियानों का आयोजन हो चुका है, अब इन अभियानों के वर्ष 2024 के तृतीय चरण की गतिविधियों विस्तृत कार्ययोजना तैयार माह अक्टूबर में संपादित की जाएंगी।

डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग का माइक्रोप्लान समय से उपलब्ध करा दें, जिससे कि अग्रेतर कार्यवाही अमल में लाई जा सके। सीएमओ डा0 यूके त्रिपाठी, सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, डीएसटीओ प्रदीप कुमार, एलडीएम प्रीतम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापे

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** जिला कृषि विभाग के अधिकारियों ने कीटनाशक रसायन के प्रतिष्ठानों पर छोपमारी की गई। तीनों तहसीलों में 38 प्रतिष्ठानों को चेक किया गया।

10 दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। दो दुकानों को नोटिस दिए गए हैं। 15 प्रतिष्ठानों से बीज और कीटनाशक के नमूने लिए गए। इस कार्रवाई से विक्रेताओ में हडकंप मचा हुआ है।

जिलाकृषि अधिकारी डा. अवधेश मिश्र और एसडीएम संजीव कुमार की देखरेख में कासगंज में अम्बे किसान सेवा केंद्र, बदरिया, दीक्षित किसान सेवा केंद्र, तोलकपुर, एमपीट्रेडर्स, फतेहपुर, लक्ष्मी खाद भंडार, सलेमपुर बीबी, न्यू गंगा खाद भंडार, सलेमपुर बीबी, दाऊजी खाद बीज भंडार, सलेमपुर बीबी, हनी ट्रेडर्स, सलेमपुर बीबी, मैसर्स कृष्णा बीज भंडार, सलेमपुर बीबी, मैसर्स प्रकाश बीज भंडार के दस्तावेज न मिलने से लाइसेंस निलबिंत कर दिए गए।


कीटनाशक विक्रेताओं की दुकानों को चेक करती कृषि विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- दस प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित, दो को नोटिस, 15 दुकानों से लिए नमूने

दरियावगंज एवं मैसर्स किसान बीज एजेंसी, दरियावगंज को नोटिस जारी किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान कीटनाशक विक्रेताओं को उचित मूल्य पर कीटनाशी रसायनों का वितरण करने तथा फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के अनुसार ही संस्तुत कीटनाशी, खरपतवारनाशी एवं फफूंदनाशी देने तथा रसायनों के सही डाइलूशन बनाने व प्रयोग की विधि विस्तार से बताए जाने के निर्देश दिए गए।

> दस प्रतिष्ठानों के लाइससेंस निलंबित कर दिए गए। दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिए दिए गए। 15 दुकानों से नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> **-डा. अवधेश मिश्र**, जिला कृषिअधिकारी।

# शिक्षा की गुणवत्ता के साथ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाएं


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करती डीएम मेधा रूपम।

कार्यालय संवाददाता कासगंज

- डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार की देर शाम बेसिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित निपुण भारत मिशन, आपरेशन कायाकल्प अनुश्रवण समिति एवं एमडीएम टास्क फोर्स समिति की मासिक समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने सभी विकास खंड अधिकारियों को निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दें।

डीएम मेधा रूपम ने कहा कि अधिकारी विद्यालयों का समय समय पर निरीक्षण कर समय से आख्या उपलब्ध कराएं। बच्चों की पढ़ाई में रूचि पैदा करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मीनू के अनुसार ही बनाया जा भोजन इस पर विशेष ध्यान दिया जायें। सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह, बीएसए सूर्यप्रताप सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नर्सिंग होम में महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**जलेसर, अमृत विचारः** थाना जलेसर क्षेत्र के जैनपुर-मुसियार रोड स्थित बड़े मियां दरगाह के पास एक नर्सिंग होम में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर पर आरोप लगाया है।

बडे मियां दरगाह के पास के रहने वाले दिनेश ने बताया कि पत्नी अनीता चार माह की गर्भवती थी। अचानक तबीयत खराब हो गई तो नर्सिंग होम पर लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने कहा कि गर्भपात नहीं किया तो महिला की भी मौत हो सकती है। इसलिए दिनेश ने गर्भपात की अनुमति दे दी। आरोप है कि झोलाछाप महिला डाक्टर ने गर्भपात करते समय अनीता की नस काट दी, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। रात दो बजे पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत होने के बाद डॉक्टर और स्टाफभाग निकला। परिवारीजनों ने हंगामा कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह नर्सिंग होम अवैध तरीके से चलाया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन बाद परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी।

# बारिश से खेतों में गिर गया सैकड़ों बीघा बाजरा

संवाददाता, सिढ़पुरा

**अमृत विचार :** बीते दिनों हुई तेज बारिश और हवा से किसानों को भारी क्षति पहुंची है। खेतों में पानी भर गया है जिससे बाजरा समेत कई फसलें बिछ गई हैं। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से क्षति का आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

बीते सप्ताह लगातार तीन दिनों तक तेज बारिश हुई। बारिश का पानी खेतों में भरा था कि बुधवार को दिन भर मूसलाधार बारिश होती रही। यह बारिश किसानों के लिए अभिशाप बन गई । खेतों में पानी ओवरफ्लो हो जाने से सैकड़ों बीघा बाजरा खेतों में बिछ गया।। धान की फसल भी पानी में भीगी है जिसके सड़ जाने का अंदेशा किसानों को सता रहा है। सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव किलौनी, भुजपुरा, पावलढेरा, शिखेरा, हीरापुर, नगला खैमी, बकावली, चांदपुर में हजारों बीघा फसल खेतों में डूबी है। परेशानहाल किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है उनकी फसली नुकसान का आंकलन कराकर मुआवजा दिलाया जाए।


सिढ़पुरा के गांव किलौनी में खेत में बिछी बाजरा की फसल। ● अमृत विचार

- नुकसान को लेकर हताश हैं किसान, प्रशासन से की मुआवजे की मांग
- धान की फसल पानी में भीगी है जिसके सड़ जाने का अंदेशा किसानों को सता रहा है



> राज किशोर सात बीघा में बाजरा की फसल थी जो पूरी तरह पानी में डूबकर सड़ गई है। इस फसल से कुछ भी हाथ लगने वाला नहीं है। प्रशासन को मुआवजा देना चाहिए।
> **- राज किशोर**, कृषक



> नीटू उपाध्याय 13 बीघा में बाजरा की फसल खड़ी थी। खेतों में बारिश का पानी भर जाने से फसल नष्ट हो गई है। पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं अब और समस्या बढ़ गई है।
> - नीटू उपाध्याय

### सपा ने मुआवजे के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन



कासगंज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पटियाली के एसडीएम कुलदीप सिंह को ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री से वर्षा तथा गंगा कटान के कारण बर्बाद हुई फसलों एवं क्षतिग्रस्त मकानों का आंकलन कराए जाने तथा पीड़ित किसानों और ग्रामीणों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में मारूफ कुरैशी, तारिक अली फारूखी, पंकज कुमार, हिकमत अली, मनोज यादव, परवेज कुरैशी, शाहिद हुसैन शामिल रहे।

## अव्यवस्था

### ट्रेनिंग के लिए सेंटर पर नहीं हैं पर्याप्त संसाधन, ऐसे कैसे बनाए जाएंगे हुनरमंद

# आधी अधूरी तैयारियों के बीच दी जा रही विश्वकर्मा ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः**पीएम विश्व कर्मा योजना जिले में मजाक बन कर रह गई है। आधी अधूरी तैयारियों के बीच बेरोजगार आवेदनकर्ताओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। खाने पीने के उचित इंतजाम नहीं हैं। बाहर से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशान का सामना करना पड़ता है।

पीएम विश्व कर्मा योजना के तहत उधमिता विकास संस्थान लखनऊ को 775 लोगों की ट्रेनिंग की जिम्मेदारी दी गई है। ट्रेनिंग सेंटर में मात्र दो ट्रेड चल रहे हैं। मात्र तीन मशीनों से सिलाई सिखाई जा रही है। वहीं ट्रेड हलवाई के लिए भी कोई संसाधन नहीं दिखाई दिए। मतलब सारी व्यवस्था कागजों पर चल रही है।


पीएम विश्व कर्मा सेंटर पर सिलाई मशीन पर ट्रेनिंग लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**ट्रेनिंग के लिए हॉस्टल होता है अनिवार्यः** विश्व कर्मा योजना के तहत दी जाने वाली ट्रेनिंग में जिले भर के बेरोजगार अभ्यार्थियों को रहने खाने पीने के लिए हॉस्टल को अनिवार्य किया गया है। इसके बाद संबंधित संस्थान को ट्रेनिंग की जिम्मेदारी दी जाती है। यहां बिना हॉस्टल के ही ट्रेनिंग सेंटर संचालित किया गया है। प्रशिक्षणार्थियों का आने जाने में काफी पैसा खर्च हो रहा है।

### ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की होती व्यवस्था

विश्व कर्मा योजना ट्रेनिंग सेंटर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए ब्रेकफास्ट में चाय और ब्रेड दिए जाते हैं। दोपहर को भरपूर मीनू के अनुसार से खाना देने का प्रावधान है, लेकिन इस ट्रेनिंग सेंटर पर चार पूड़ी सब्जी बाजार से मांगा कर खिला रहे हैं।

### तीन मशीन से दे रहे हैं 100 महिलाओं को ट्रेनिंग

रॉयल पैलेस में चल रही विश्वकर्मा योजना ट्रेनिंग सेंटर में व्यवस्थाओं और संसाधनों का काफी अभाव है। तीन सिलाई मशीन के सहारे 100 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है।

> पीएम विश्वकर्मा उद्यमिता संस्थान लखनऊ को ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अगर संसाधन नहीं हैं, तो इसकी जानकारी की जाएगी। कानपुर में हूं, लौटकर सेंटर पर जाकर जांच पड़ताल करता हूं। जो भी समस्या है, उसे दूर की जाएगी। गुणवत्तापरक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
> **-चंद्रभान भास्कर**, जिला उद्योग अधिकारी।

# संपूर्ण समाधान दिवस आज

**एटा अमृत विचारः** जनता की समस्याओं और शिकायतों को शासन की मंशानुसार एक ही स्थान पर त्वरित गति से निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में आज प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह तहसील एटा सदर में, एडीएम वित्त एवं राजस्व जलेसर तहसील में, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश अलीगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका निस्तारण करवाने का प्रयास करेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

# चुनाव में जिम्मेदारी निभाने वालीं आंगनबाड़ियों को किया प्रोत्साहित


गोदभराई की रस्म करते विधायक हरिओम वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिढपुराः

**अमृत विचारः** बाल विकास परियोजना केंद्र पर शुक्रवार को आईसीडीएस द्वारा पोषण पखवाडे का आयोजन किया गया। अमांपुर विधायक ने कार्यक्रम आरंभ किया। निर्वाचन चुनाव में ड्यूटी करने वालीं आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई।

विधायक हरिओम वर्मा ने नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण का भरोसा दिया। बाल विकास परियोजना अधिकारी सचिन कुमार ने पोषण स्वास्थ्य शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने को कहा। पोषण पखवाड़ा प्रदर्शनी मोटा अनाज रेसिपी प्रतियोगिता में तीन आंगनबाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा प्रभारी, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, ममता मिश्रा, सोम कीर्ति, संगीता, सीमा, तारावती, बबीता आदि मौजूद रहीं।

## छह सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ प्रवेश का एक और मौका

**बरेली,अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश पंजीकरण लिए दो दिन के लिए पोर्टल खोल दिया है। हालांकि प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को छह सौ रुपये का विलंब शुलक अदा करना होगा।

परिसर और महाविद्यालयों में मेरिट के आधार पर होने वाले सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितंबर थी। कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक कई महाविद्यालयों और विद्यार्थियों ने बताया कि तकनीकी कारणों की वजह से उनके पंजीकरण या प्रवेश विश्वविद्यालय के पोर्टल पर होने रह गए हैं। ऐसे में अपूर्ण प्रवेशों को पूरा करने के लिए छह सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ पोर्टल खोल दिया गया है। 21 से 22 सितंबर तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किए जाएंगे। उन्होंने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों और प्राचार्यों को निर्देश दिए कि 23 सितंबर तक पूर्व में पंजीकृत और नए पंजीकृत छात्रों के प्रवेश सुनिश्चित करें।

# बरेली से नेपाल तक लड़कियों को फंसा कर बनाते थे अश्लील वीडियो

## दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, वहां से जेल भेजा गया

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** धर्म और नाम छिपाकर लव जिहाद करने के आरोप में पकड़े गए गांव परतापुर चौधरी के नौशाद और अमान के खिलाफ थाना इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि नौशाद ने बरेली के अलावा नेपाल तक की लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर उनकी न्यूड वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते थे। पुलिस को शक है कि दोनों किसी संगठित गिरोह के सदस्य भी हो सकते हैं।

दो दिन पहले कर्मचारी नगर चौकी के पास नौशाद और अमान दो लड़कियों से बात कर रहे थे। लड़कियों से उनका झगड़ा होने पर लोगों ने पूछा तो कुछ भी नहीं बताया। कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं के पूछने पर नौशाद से अपना नाम राहुल और अमान ने सतीश बताया। शक होने पर दोनों के आधार कार्ड मांगे गए, लेकिन उन्होंने नहीं दिखाए। दोनों के मोबाइल खोलकर देखे तो उसमें नौशाद के नाम से इंस्टाग्राम आईडी बनी मिली। संदिग्ध होने पर हंगामा करते हुए दोनों की पिटाई कर आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि नौशाद पहले केरल में नाई था। उसने अपने मोबाइल फोन में हर एक एप पर अलग-अलग पासवर्ड लगा रखा था। पुलिस ने उसके कैलकुलेटर वाले एप को खोला तो उसमें उसके खिलाफ कई साक्ष्य मिले।

### महिलाओं और लड़कियों के साथ मिले न्यूड वीडियो

पुलिस ने दोनों के मोबाइल चेक किए तो उसमें से कई न्यूड वीडियो मिले। साथ ही फोन काल की स्क्रीन रिकार्डिंग, न्यूड चैट, फोटो भी मिले। इनमें एक विदेशी लड़की की भी न्यूड वीडियो है। इन वीडियो और चैट के बारे में आरोपियों ने बताया कि वह लड़कियों, महिलाओं को भरोसे में लेकर उनके साथ बात करते हैं। उसके बाद सभी की न्यूड वीडियो बना लेते हैं। उसके बाद लड़कियों और महिलाओं को डरा धमका कर उनका शोषण और ब्लैकमेल करते हैं। दोनों के मोबाइल में कई इंस्टाग्राम आईडी मिली हैं और सभी चल रही थीं। पुलिस ने दोनों के फोन जांच के लिए फॉरेंसिक भेज दिए हैं और उनके नंबरों की भी सीडीआर निकलवाई जा रही है, ताकि पता चल सके कि दोनों किस-किस से बात करते थे। उनके साथ में कोई और तो शामिल नहीं है।

> दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के पास मिले आधार कार्ड और इंस्टाग्राम की फर्जी आइडी की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-मानुष पारीक**, पुलिस अधीक्षक नगर

### एक केरल में नाई का करता था काम, मोबाइल फोन से मिले कई न्यूड वीडियो

### दोनों ने अलग-अलग बना रखे थे आठ आधार कार्ड

पुलिस की जांच में सामने आया कि नौशाद ने पांच और अमान ने तीन आधार कार्ड बना रखे थे। इनमें अधिकांश हिंदू नाम से हैं। पुलिस ने नौशाद की जेब से आधार कार्ड बरामद किए, जिसमें पहला सोनू के नाम से, दूसरा नौशाद, तीसरा अनश, चौथा अमन और पांचवां राहुल के नाम से बनाया गया था। अमान के पास से अमान, विक्की और विनीत नाम के आधार कार्ड मिले। सभी में आरोपियों की ही फोटो लगी हैं लेकिन फर्क इतना है कि किसी में दाढ़ी के साथ फोटो है तो किसी में क्लीन शेव है।

## बच्चों से फोन लेकर वक्फ बोर्ड के समर्थन में किए मैसेज, गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** अछनेरा गांव में दो युवकों ने ऐसी हरकत की उनमें एक जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया। अछनेरा के रहने वाले शाहिद और सोहल ने बच्चों को टॉफी का लालच देकर मोबाइल ले लिये और वक्फ बोर्ड के समर्थन में मैसेज भेज दिया। अभिभावकों के पास वक्फ से संबंधित मैसेज आए तो उन्होंने बच्चों से जानकारी की। इसके बाद पूरी घटना का पता लगा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने सोहेल को गिरफ्तार कर लिया। जबकि शाहिद फरार हो गया।

## आगरा की शाही मस्जिद में शूटिंग पर केस दर्ज

**आगरा, अमृत विचार :** शाही जामा मस्जिद में शूट किए गए एल्बम पर एएसआई के संरक्षण अधिकारी ने मंटोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। तहरीर में कहा कि यह संरक्षित स्मारक है। मस्जिद कैंपस में वीडियो कैमरा और स्टैंड, ट्रॉली कैमरे का उपयोग किया गया। यह प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल एवं अवशेष नियम 1959 के नियम संख्या 41 (2 ए) के खिलाफ है। संरक्षित इमारत में किसी प्रकार की वीडियो शूटिंग के लिए एएसआई से अनुमति ली जाती है। इस शूटिंग के लिए मस्जिद कमेटी की भी अनुमति नहीं ली गई। मंटोला एसएचओ सत्यदेव शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# लापरवाही में 1000 से अधिक शिक्षकों को जारी किए नोटिस

- खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ शिक्षक भी कार्रवाई की जद में
- नोटिस भेजकर विभाग ने तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग में एक के बाद एक लापरवाही सामने आती जा रही है। शासन ने खंड शिक्षा अधिकारियों पर कम उपस्थिति को लेकर नाटिस दिए हैं। वहीं अब शिक्षकों पर भी तलवार लटक गई है। बीएसए की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है, जिसमें जिले के 1000 से अधिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को लापरवाह माना गया है। उनसे 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगते हुए छात्र उपस्थिति बढ़ाने का आदेश दिया गया

कासगंज जिले में स्कूलों में छात्र संख्या कम रहने के कारण खंड शिक्षा अधिकारियों को शासन की ओर से नोटिस जारी करने के निर्देश मिले तो सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा अलीगढ़ मंडल ने जिले के छह विकासखंड क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। इधर बीएसए की ओर से जिले के 1000 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी किए गए हैं।

### शिक्षक बोले, अभिभावक हैं जिम्मेदार

शिक्षकों का कहना है कि अभिभावक लापरवाह हैं। कोई न कोई बहाना बनाकर बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। अध्यापक घर पहुंचते हैं तो खरी खोटी सुनने को मिलती है। शिक्षक इसी तरह परेशान होते रहेंगे। कोई सुनने वाला नहीं है।

> मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में पाया गया कि कासगंज जनपद के स्कूलों में छात्र संख्या अपेक्षा से कम रही है। इस कारण लापरवाहों को नोटिस जारी कर दिया गया है और जवाब मांगा गया है।
> **-सूर्य प्रताप सिंह**, बीएसए

# वक्फ संशोधन बिल है, कुरान नहीं, संशोधन होकर रहेगा

- मीडिया के सामने उप्र वक्फ विकास निगम के डायरेक्टर शफात हुसैन ने किया एलान
- बोले- विरोध करने वाले भूमाफिया, बिल पास होने के बाद कब्जों पर चलेगा बुलडोजर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र वक्फ विकास निगम के डायरेक्टर शफात हुसैन ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल कुरान नहीं है, जिसमें संशोधन नहीं किया जा सकता। वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वालों को रजिस्टर्ड भूमाफिया बताते हुए उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल इस बिल को रोक नहीं पाएगा। नरेंद्र मोदी की सरकार है, वक्फ संशोधन बिल पास होकर रहेगा।

सर्किट हाउस में बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में शफात हुसैन ने कहा कि बिल का विरोध करने वालों ने वक्फ की जमीन पर कब्जा कर रखा है। मुस्लिम समाज का ठेकेदार कहलाने वाले ये लोग चाहे जितने क्यूआर कोड का इस्तेमाल करें, बिल को नहीं रोक पाएंगे। यह बिल मुसलमानों के फायदे के लिए है। उन्होंने कहा कि अब तक का जो कानून है, वह इंसानों ने बनाए हैं। वह मुस्लिम समाज के लोगों से कहना चाहते हैं कि यह कोई कुरान नहीं है, जिसमें संशोधन नहीं हो सकता। यह इंसानों का बनाया बिल है, जिसमें संशोधन हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीन की आमदनी से कौम को फायदा होना चाहिए। जो लोग बिल का विरोध कर रहे हैं, वे चाहे बरेली के हों या देवबंद के मौलाना हो, वे ऐसे गरीब या विधवा का एक नाम बता दें जिसकी महमूद मदनी ने वक्फ बोर्ड की आमदनी से मदद की हो। बोले, वक्फ का मतलब है कि उसकी आमदनी से कौम को फायदा पहुंचे। लेकिन इसके तहत सिर्फ जमीन पर कब्जा दिलाने का काम किया गया। जो उसका मूल मकसद था, उसे पूरा नहीं किया गया। शफात हुसैन ने कहा कि ओवैसी ने भी वक्फ संपत्ति पर कब्जा कर रखा है। बिल पास होने के बाद सब कब्जे हटा दिए जाएंगे। अभी वक्फ की पावर सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास है। जब डीएम के पास आ जाएगी तो वे कब्जों को हटाने का काम करेंगे।

# साइबर ठगों के निशाने पर सराफा कारोबारी

- ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के उपाध्यक्ष ने की सावधानी की अपील

संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार :** ज्वैलर्स साइबर ठगों के निशाने पर है। माल गंवाने के संग बैंक खाते भी सीज हो रहे है। ज्वैलरी खरीदने आए ग्राहक यूपीआई पेमेंटदूर बैठे परिचित से कराते हैं। बाद में साइबर फ्रॉड का केस दर्ज कराते हैं। इससे ज्वैलर्स की मुश्किलें बढ गयी हैं।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने रिजर्व बैंक ऑफ इन्डिया से गाइडलाइंस जारी करने की अपील की है। कहा कि विगत महीने में प्रदेश भर में कई शिकायतें सामने आयी हैं।ठग जेवर पसन्द करते हैं। यूपीआई पेमेंट दूर कहीं बैठे जानकार से कराते हैं। दुकानदार को पता नहीं कि आनलाइन पैसा कहां से आ रहा है। चार पांच दिन बाद पता चलता है कि बैंक खाता फ्रीज कर दिया गया है, क्योकि वो पेमेंट फ्राड तरीके से आया। ,अब सराफा व्यापारी पुलिस और बैंक के चक्कर काट रहा है। कहा जाता है कि जिस राज्य की पुलिस ने एफआईआर की है वहां जाओ। पूरा खाता फ्रीज होने से व्यापार ठप हो रहा है । दीपक गुप्ता ने अपील करते हुये कहा कि ज्वैलर्स उन्हीं ग्राहकों से यूपीआई पेमेंट ले जिनसे भलीभांति परिचित हों और आवश्यकता पडने पर उस ग्राहक तक पहुंच सकते हों। अन्य ग्राहक को बोलें कि वह पैसा अपने खाते में मंगाये और खुद के यूपीआई से भुगतान करें। भुगतान की गयी राशि का बिल देकर उसके आधार कार्ड की छाया प्रति उसके हस्ताक्षर कराकर अपने पास सुरक्षित रखें।

पंजाब नैशनल बैंक
सस्त्र सेंटर, सी-18, बी, प्रथम तल, डी डी पुरम, बरेली। फोन: 0581-2520446 (फैक्स) ई-मेल: cs8194@pnb.co.in
शुद्धि पत्र
पंजाब नेशनल बैंक द्वारा दिनांक 20.09.2024 को ई नीलामी प्रकाशित की गई थी जिसमें क्रम संख्या 19 में मैसर्स सिंह फिलिन्ग स्टेशन में जमानतकर्ता/मार्टगेजर केवल रामपाल पुत्र श्री मेखूलाल ही है ।

# लीज होल्ड भूमि कानून विकास में सबसे बड़ा रोड़ा

**बरेली, अमृत विचार:** लीज होल्ड भूमि कानून औद्योगिक विकास में बड़ा रोड़ा बन गया है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में उद्यमी अपने उत्पाद में बदलाव नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें यूपीसीडा के दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इस कानून को बदलने के साथ लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में सशर्त करने की मांग इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बरेली से लखनऊ और दिल्ली तक उठाई है। शुक्रवार को पदाधिकारियों ने इसे अंग्रेजों के समय की जमींदारी व्यवस्था बताया।

संगठन के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में संगठन के डिवीजनल चेयरमैन विमल रेवाड़ी, डिवीजनल सेक्रेट्री मनोज पंजाबी ने बताया कि 30 नवंबर 2023 को लखनऊ में हुए एमएसएमई उद्यमी महासम्मेलन में भी सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष मुद्दे को प्रमुखता से रखा था। लीज होल्ड भूमि का कानून ब्रिटिश शासन के दौरान लागू हुआ था। इस कानून को बदलने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक भूमि जब लीज होल्ड पर सरकार उद्यमी को देती है तो उस समय की पूरी भूमि अधिग्रहण कॉस्ट, डेवलपमेंट चार्जेज एंड प्रीमियम उद्यमी से लिया जाता है। जब उद्यमी सभी कॉस्ट चुकाकर सरकार की मंशा के अनुसार उद्योग स्थापित कर चला रहा है तो उन्हें किरायेदारी से मालिकाना हक भी मिलना चाहिए। हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु में लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड में बदलने की पॉलिसी लागू है। पत्रकार वार्ता में चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, रजत मेहरोत्रा, रवि खंडेलवाल, सुनीत मूना, आशुतोष शर्मा, अशोक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## ठाकुरद्वारा में गोशाला में 10 गोवंश की मौत

**ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद),अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव राघूवाला में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल में 10 गोवंशों की मौत हो गई। गोशाला की देखरेख करने वालों ने शव पानी में फिंकवा दिए, जिससे वह सड़ने लगे। जानकारी पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गोशाला पहुंच गए। गोवंशों के शवों की स्थिति देखकर विरोध प्रदर्शन और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर एसडीएम पहुंचीं और जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर शवों को दबवाया। उन्होंने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर आक्रोशित कार्यकर्ता शांत हुए।

## भाई बहन की मारी टक्कर, भाई की मौत

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** मटसेना के गांव बाकलपुर निवासी 18 साल का शिवम अपनी बहन कामिनी को स्कूटी से फिरोजाबाद के मेडिकल कालेज दवा दिलवाने के लिए लेकर जा रहा था। थाना रसूलपुर क्षेत्र के गांव कनेटा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शिवम और उसकी बहन घायल हो गई। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## शादियों में फिजूल खर्च पर रोक लगाने की अपील

**बरेली,अमृत विचार :** शमसी बिरादरी की ओर से शुक्रवार को कटरा मानराय में बज्मे इखलास कॉन्फ्रेंस में समाज में व्याप्त विसंगतियों पर चर्चा की गई। अपील की गई शादियों में होने वाली फिजूल खर्च पर रोक लगाई जाए। प्रवक्ताओं ने कहा कि महंगी शादी, बेवजह की रस्में, समय की पाबंदी और खाने की ज्यादा वैरायटी बर्बादी का कारण बन रही हैं। शादियों में बेहतर खाने की व्यवस्था कुर्सी पर की जाए। महिलाएं और पुरुष के खाने के इंतजाम अलग-अलग किए जाएं। वहीं अगर मुमकिन हो सके तो निकाह की महफिल मस्जिद में की जाए।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, क्यारा (बरेली)

पत्रांक : 904/लेखा/क्षेत्र निधि/टे.नो./2024-25 दिनांक : 20.09.2024

**निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/जिला पंचायत/राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड क्यारा बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2024.25 में स्वीकृत क्षेत्र निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य करवाने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 14.10.2024 को समय 2 बजे तक सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है। जो उसी दिवस में उपस्थित निविदा दाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 3 बजें निर्धारित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर धनराशि जमा करनी होगी। जिसकी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम सुदनपुर में छोटेलाल दिवाकर के खेत से करन सिंह के खेत तक खंडजा निर्माण कार्य | 9.930 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 2. | क्यारा के मजरा पीपल गोटिया में मंदिर के पास पुलिया से हीरालाल के खेत में मिट्टी खंडजा निर्माण कार्य | 9.860 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 3. | ग्राम बारी नगला में प्राइमरी स्कूल से वीरांगना के खेत तक खंडजा निर्माण कार्य | 9.920 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 4. | ग्राम दौली रघुवर दयाल में तालाब के पास से इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 5. | ग्राम दौली रघुवर दयाल में माता रानी के मंदिर के पास इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 7.520 | 16000 | 1500 | 03 माह |
| 6. | ग्राम करेली में जलील के घर से आरिफ के घर तक इंटरलॉकिंग रोड प्रणाली निर्माण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 7. | ग्राम चौबारी में तरुण सिंह के घर से सतीश के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 6.700 | 14000 | 1400 | 03 माह |
| 8. | ग्राम बिचरा में जूनियर हाई स्कूल से होली चौक तक इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 9.850 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 9. | ग्राम खजुहाई में भगवान दास के घर से राजेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 9.880 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 10. | ग्राम कमालपुर में द्वारका प्रसाद एवं कैलाश के दरवाजे से लेकर राधेश्याम शर्मा के दरवाजे एवं थान तक सीसी रोड निर्माण व नाली | 7.280 | 15000 | 1500 | 03 माह |
| 11. | क्यारा में गजेंद्र सिंह के घर से अनिल पंडित के घर तक सीसी रोड व नाली | 2.320 | 5000 | 500 | 03 माह |
| 12. | ग्राम इचौरिया में कोटेदार के घर से शिवराज के घर व राधेश्याम के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.870 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 13. | ग्राम लश्करी गंज में सोनी बी के घर से आरिफ के घर तक इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 9.720 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 14. | ग्राम राँधी में गैस गोदाम के पास शंकर के मकान से आंगनवाड़ी तक इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 9.640 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 15. | ग्राम मानपुर में परशुराम के घर से वेदराम के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.140 | 19000 | 1500 | 03 माह |
| 16. | ग्राम बभिया में मुख्य मार्ग पर मुनीष के घर से महेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड पर नाली निर्माण कार्य | 9.950 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 17. | ग्राम लखौरा के मजरा दुबरी में बेचेलाल के घर से लालाराम के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.730 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 18. | ग्राम करगैना इंदिरापुरम में सांई मंदिर के पास दिनेश के मकान से राजपाल के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.720 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 19. | ग्राम जितौर के मजरा गोकलपुर में सौदान के घर से बिहारी के घर तक इंटरलॉकिंग रोड व नाली निर्माण कार्य | 9.850 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 20. | बचपन स्कूल चांदपुर जोगियान, बालाजी मंदिर करगैना, बरेली बदायूं रोड महेशपुरा में पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 21. | चौबारी तिराहा, कांधरपुर, धोपा मंदिर चनेहटी पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत वाटर कूलर का निर्माण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 22. | ग्राम कांधरपुर में मुकेश के घर से नाथूराम घर तक नाला निर्माण कार्य | 5.500 | 11000 | 1100 | 03 माह |
| 23. | विकासखंड परिसर का सौंदर्यकरण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 24. | विकासखंड परिसर प्रमुख कक्ष एवं अन्य सौंदर्यकरण कार्य | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |
| 25. | ग्राम कांधरपुर में मुकेश के घर से नाथूराम के घर तक नाला निर्माण | 9.900 | 20000 | 1500 | 03 माह |

**नियम व शर्तें :**

1. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का 2 प्रतिशत एवं अनुबंध 03% राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर. जो कि बंधक खण्ड विकास अधिकारी क्यारा के नाम पृथक-पृथक बन्धक करा कर देनी होगी तथा शेष धरोहर राशि 5 प्रतिशत बिल से कटौती की जायेगी ।
2. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, आयकर एंव जी.एस.टी. पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
3. निविदा दाता को निविदा के साथ 100 रुपये के स्टांप पेपर पर स्वघोषण- पत्र/शपथ-पत्र संलग्न करना होगा तथा निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्टांप पर अनुबन्ध गठित करना होगा। निविदा दाताओं को 100 रुपये के स्टांप पर फोटोयुक्त घोषण-पत्र इन शर्तो के साथ कि वह किसी भी संस्था से ब्लैकलिस्टिड नही हुयें है।
4. ठेकेदार/फर्म को निर्माण कार्य को नियत समय सीमा के अन्दर एवं लो.नि.वि. की विस्तृत विषिष्टियों/मानक के अनुरुप पूर्ण करना होगा।
5. समस्त निविदादाताओं को उक्त सभी निविदाओं के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी विभिन्न शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रोयल्टी का भुगतान किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/66-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा ।
7. उल्लेखनीय है कि कार्य धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही कराया जायेगा तथा शासनादेश संख्या 1639/33-3-2018-03/2015 पंचायती राज अनुभाग-3 दिनांक 19.06.2015 एवं समय-समय पर जारी शासनादेश एवं परिपत्रों का पालन किया जायेगा । ?
8. निविदा दाता को शासन के निर्देशों के अनुरुप करों (यथा जी.एस.टी. आदि) की व्यवस्था लागू रहेगी ।
9. सशर्त निविदा/डाक से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
10. निविदादाता किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यालय स्टाफ से पारिवारिक सम्बन्ध नही रखता हो ।
11. निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायालय जनपद बरेली की मान्य होगा।
12. निविदा के स्वाकार्य करने अथवा निरस्त करने का अधिकारी अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड क्यारा (बरेली)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मितरौली वि.खं. इस्लामनगर, बदायूं

**अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक: 20.09.2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेन्ट, रेता, बजरी, बजरफुट, ईट, सरिया, पेंट, रोड़ा) आदि को सूचित किया जाता है कि केंद्रवित्त आयोग / राज्यवित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष (2024-25) में प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत मितरौली वि.खं. इस्लामनगर बदायूं के निम्न कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख सात दिवस के अंदर सामग्री की दरें बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 25.09.2024 को शाम 03:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। **कार्य विवरण निम्न प्रकार है:-**

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | पंचायत घर निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | गिरीश के घर से अवधेश के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार |
| 3 | सत्यपाल शर्मा के घर से सुखपाल शर्मा के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

ग्राम प्रधान
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली विकास खंड शेरगढ़, बरेली

**निविदा सूचना** दिनांक : 19.09.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-कमालपुर शुमाली विकास खंड-शेरगढ़ बरेली में बहुउद्देश्य पंचयत भवन का निर्माण कार्य मनरेगा एवं बहुउदद्देश्य पंचायत भवन वित्त ( राज्य वित्त) द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 23 सितंबर 2024 अप. 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम कमालपुर शुमाली में पंचायत घर का निर्माण | 24.46 लाख |

श्रीमती रानी
प्रधान

प्यारे लाल
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत अतरछेड़ी वि.खं. मझगवां, बरेली

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो, सप्लायर एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अतरछेड़ी वि. खं. मझगवां, बरेली में वित्तीय वर्ष 2024-25 में बहुउद्देशीय पंचायत भवन (जिला योजना) मनरेगा के अन्तर्गत स्वीकृत बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण कार्य पर निर्माण सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, लोहा, इण्टरलॉकिंग टाइल्स, बिजली सामग्री, मिट्टी, देसी रेता, पाइप आदि जिसका विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। उच्च कोटि की सामग्री सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 21.09.2024 से 24.09.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी दिनांक 24.09.2024 को 2:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | बहुउद्देशीय पंचायत भवन (जिला योजना) कुल लागत | मनरेगा योजना कुल लागत | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बहुउददेशीय पंचायत भवन निर्माण कार्य | 18.40 लाख | 7.21 लाख | 25.61 लाख |

नन्हीं देवी-प्रधान
राजदीप कुमार-सचिव

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

पत्रांक -75-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 19.09.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपोजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 178-DRM-MB-24-25 dt. 19.09.2024 |
| Name of work | Heavy repair of worn out floor by VDC flooring & pre cast RCC coping at PF-1 LKO end MB under ADEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 18.10.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 64,99,904.13 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,30,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 04.10.2024 |
| Period of Completion | 04 Month |

2933/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां, बरेली

पत्रांक : 464/न.पं.ठि.नि.खां/2024-25 दिनांक : 20.09.2024

**विज्ञप्ति**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन की कार्ययोजना के क्रियान्वयन हेतु सर्विस लेबल बेन्चमार्क निम्नानुसार है।

**Declaration of Service Level Standard (FY 2024-25)**

| | | |
|---|---|---|
| **Water Supply Indication** | | |
| Benchmarks | Coverage of water supply connection 100% | |
| | Current (2023-24) | Target (2024-25) |
| | 81% | 100% |
| **Seweage Management (Sewage and Sanitation)** | | |
| Benchmarks | Coverage of Toiles 100% | |
| | Current (2023-24) | Target (2024-25) |
| | 95% | 100% |
| **Solid Waste Management Indicaters** | | |
| Benchmarks | Household Level Coverage of Solid Management Service 100% | |
| | Current (2023-24) | Target (2024-25) |
| | 100% | 100% |
| **Storm Waste Drainage Indicaters** | | |
| Benchmarks | Coverage of Storm water Drainage Network 100% | |
| | Current (2023-24) | Target (2024-25) |
| | 80% | 100% |

सपना भारद्वाज
अधिशासी अधिकारी
न.पं. ठिरिया निजावत खां, बरेली

इमरान अली खान
अध्यक्ष
न.पं. ठिरिया निजावत खां, बरेली

### जीआरपी चिंतित, पुलिस के मुखिया तक परेशान, निरन्तर हो रहीं वारदातों का मास्टर माइंड कौन?

# पटरियों पर हो रहीं सिलसिलेवार घटनाओं से सुरक्षातंत्र चौकन्ना

डीपी शुक्ल, लखनऊ





"ट्रेन डिरेल की प्रत्येक घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है। घटनाओं में लिप्त लोगों की धरपकड़ के लिए आरपीएफ और जिले की पुलिस से समन्वय बनाकर राजकीय रेलवे पुलिस कार्रवाई कर रही है। - **प्रकाश डी.** अपर पुलिस महानिदेशक (जीआरपी)

**अमृत विचार:** प्रदेश में रेलवे की पटरियों पर होने वाली घटनाओं की बढ़ोत्तरी से जीआरपी के अफसर ही नहीं, बल्कि पुलिस महकमे के मुखिया भी चिंतित हैं। इस साल जनवरी से अब तक की घटनाओं पर नजर डाली जाय, तो कुल 16 वारदातें हुई। वहीं इसी महीने तीन ऐसी घटनाएं सामने आयीं जो एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना का सबब बनतीं। आखिर इनका मास्टर माइंड है कौन? खुफिया तंत्र भी इसकी टोह ले रहा है कि इसके पीछे आतंक या आक्रोश?

हालांकि कई घटनाओं का खुलासा करते हुए उसमें शामिल लोगों को पुलिस जेल की सलाखों तक पहुंचाने में कामयाब रही है। फिर भी ताजा सिलसिलेवार घटनाएं सुरक्षातंत्र के लिए चुनौती बनीं हुईं हैं। ऐसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर 11 सितंबर को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने रेलवे, आरपीएफ, जीआरपी तथा जिलों में तैनात अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक की थी। बैठक में रेलवे लाइनों पर हो रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर काबू पाने के लिए उन्होंने संयुक्त पेट्रोलिंग करने के लिए कहा था। डीजीपी के निर्देश के बाद रेलवे विभाग के साथ-साथ जीआरपी सक्रिय हो गयी है।

दरअसल, उप्र. में 16 हजार किमी. रेलवे लाइन बिछी हैं, करीब 1600 रेलवे स्टेशन है। यहां से प्रत्येक दिन तीन हजार 31 ट्रेन गुजरती हैं 30 लाख से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। राज्य में जीआरपी की कुल 65 थाने और 43 चौकियां हैं। नियमतः आउटर सिग्नल और रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म पर सुरक्षा की जिम्मेदारी जीआरपी की होती है।इसके बाद की सुरक्षा आरपीएफ और जिले की पुलिस करती है। बीते दिनों रेलवे की पटरियों पर हुई घटनाओं में कानपुर नगर की वारदात जांच एजेन्सियों के साथ-साथ पुलिस के लिए भी चुनौती बनी है। एटीएस, जीआरपी और कानपुर कमिश्नरेट की पुलिस दर्जन भर से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाया है।

#### अब तक हुई प्रमुख रेल दुर्घटनाएं

18 जुलाई को मनकापुर गोंडा में डिबूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल। 4 लोगों की मौत। जांच में तकनीकी खराबी होने की पुष्टि, 20 जुलाई को काफूरपुर अमरोहा में मालगाड़ी के पटरी से उतरे। कोई जनहानि नहीं। जांच में तकनीकी खराबी। 1 अगस्त को लालगोपालगंज प्रयागराज के पास रेलवे ट्रैक पर साइकिल रख गैस सिलेंडर को पकड़कर रील बनाना। यू-ट्यूबर गिरफ्तार, 4 अगस्त को शटिंग यार्ड में लोकल ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतरे। 11 अगस्त को कृष्णशीला स्टेशन सोनभद्र में मालगाड़ी डिरेल। जांच में मिट्टी धंसने की पुष्टि। 17 अगस्त को पनकी कानपुर में साबरमती ट्रेन डिरेल। जांच प्रचलित। 20 अगस्त को अलीगढ़ के थाना रोरावर क्षेत्र में रेलवे लाइन पर मोटर साइकिल की रिम रखने की घटना। दो गिरफ्तार। 23 अगस्त को कायमगंज फरुखाबाद में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का बोटा रखने की घटना। ट्रेन के चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला। देव सिंह और मोहन सिंह गिरफ्तार। 8 सितम्बर को कानपुर के शिवराजपुर के पास रेलवे पटरी पर भरा हुआ सिलेंडर मिलने से सनसनी। इस घटना की जांच में पुलिस की पांच टीमें लगी हैं। इसके अलावा 10 सितम्बर को गाजीपुर सिटी के पास रेलवे ट्रैक पर गिट्टी रखना। इसमें तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी तरह 17 सितंबर को गाजीपुर में स्वतन्त्रता सेनानी एक्सप्रेस के गुजरने के दौरान रेलवे की पटरी पर लकड़ी का बोटा मिला। 18 सितम्बर को विलासपुर-रुद्रपुर सिटी के मध्य शताब्दी एक्सप्रेस डिरेल की साजिश। यहां रेलवे ट्रैक पर टेली कॉम का खम्भा रखा था।

# मंत्रिमंडल को न तो विभागों की कार्ययोजना मिल रही, न रोडमैप

- **64 विभागों की सामने आई दो साल से चल रही लापरवाही जारी हुआ शासनादेश**
- **एसीएस, प्रमुख सचिव व सचिवों को हर माह 5 तारीख तक पोर्टल पर कराना होगा फीड**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार के मंत्री समूह को न विभागों की कार्ययोजना मिल रही है, न ही रोडमैप। यह बात कई मंत्रियों की नाराजगी के बाद कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग की ओर से जारी शासनादेश में सामने आया है। शासन के 64 विभागों ने दो साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी 100 दिन से लेकर पांच साल तक की कार्ययोजना और रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया है। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इसे तत्काल सीएमआईएस पोर्टल पर फीड करने के साथ ही प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अपडेट करेंगे।

कार्ययोजना और रोडमैप नहीं देने वाले 64 विभागों में केवल 48 कैबिनेट, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और राज्य मंत्रियों के विभाग ही नहीं हैं, बल्कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद व ब्रजेश पाठक के विभागों की ओर से भी लापरवाही बरती गई है।

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को 17 मई 2022 को जारी शासनादेश की याद दिलाते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर सख्त आदेश जारी किया है। कहा गया है कि मंत्रिमंडल के समक्ष विभागों द्वारा प्रस्तुत रोडमैप व कार्ययोजना सीएमआईएस पोर्टल पर तत्काल फीड करने की अपेक्षा की गई थी। लेकिन अभी तक शीर्ष अधिकारियों के अधीन 64 विभागों की कार्ययोजना पोर्टल पर फीड नहीं हुई है। यह भी निर्देश था कि पोर्टल पर फीड 6 माह, 1 साल, 2 साल और 5 साल का रोडमैप व कार्ययोजना प्रत्येक माह की 5 तारीख तक पोर्टल पर अद्यतन प्रगति अपडेट कराना सुनिश्चित करेंगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

#### प्रारूप के तहत इन विभागों से मांगी कार्ययोजना

प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने मंत्रिमंडल के समक्ष विभाग द्वारा प्रस्तुत 100 दिन से लेकर 6 माह, 1 साल, 2 साल और 5 साल का रोडमैप व कार्ययोजना प्रत्येक माह की 5 तारीख तक पोर्टल पर फीड करने के लिए प्रारुप तय करते हुए 64 विभागों के शीर्ष अधिकारियों से तय कालम के अनुसार सूचना मांगी है। इसमें आयुष, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, नागरिक उड्डयन, चिकित्सा शिक्षा, भाषा, सूचना, आई एवं इलेक्ट्रानिक्स, कृषि, नगर विकास व नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन,अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, एनआरआई, कार्मिक, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, गृह एवं गोपन, पर्यटन, खादी एवं ग्रामोद्योग, ग्राम्य विकास, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पंचायती राज सहित तमाम विभाग शामिल हैं।

# तिरुपति के लडडू में चर्बी मिलाना दुर्भाग्यपूर्ण

### रामनगरी के संतों ने जताई नाराजगी, दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग

अयोध्या कार्यालय

- **प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अयोध्या में ही आए थे लडडू, बांटा था प्रसाद : आचार्य सत्येंद्र**

**अमृत विचार :** तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाये जाने के मामले में अयोध्या के साधु संतों ने नाराजगी व्यक्त की है। कहा है कि दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा की तिरुपति के लड्डू में चर्बी मिलाने का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी जाँच हो और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई भी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरुपति के लड्डू अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी आए थे और उसका प्रसाद भी भक्तों में वितरित हुआ था। अयोध्या में वैष्णों संत और भक्त प्याज-लहसुन आदि का प्रयोग नहीं करते हैं।

साकेत भवन मंदिर के महंत सीताराम दास ने कहा कि मंदिर के किसी भी प्रसाद में मछली का तेल और जानवरों की चर्बी मिलाया जाना दुर्भाग्य है। कांग्रेस के लोगों की यह पुरानी मानसिकता है जो हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह वही लोग हैं जो कभी जनेऊ धारण करते हैं और बाद में हिंदुओं की धर्म को समाप्त करने की बात करते हैं। आज इस मामले में खुलासा हुआ है। हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास ने कहा कि जांच में पाए गए जो भी गुनाहगार हैं उन्हें फांसी की सजा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी तक कांग्रेस के तमाम घोटालों के बारे में जानकारी मिल रही थी, लेकिन अब प्रसाद में भी घोटाला कर दिया। आस्था का केंद्र तिरुपति बालाजी जहां पर लाखों लोग पहुंचते हैं और जब इस प्रसाद में चर्बी मिलाये जाने की जानकारी सामने आई है। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। कहा कि भक्तों के इस प्रसाद में घोटाला किया है ऐसे में जो भी दोषी है उन्हें फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

#### पूरे प्रकरण की गम्भीरता से जांच होनी चाहिए : ट्रस्ट

तिरुपति के लड्डू में मछली का तेल और जानवरों की चर्बी मिलाई जाने के मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि हमारा लड्डू से कोई संबंध नहीं है। राम मंदिर में इलायची दाना का प्रसाद वितरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे जुड़े लोग ही इसका उत्तर देंगे। कहा कि किस काल का वह लड्डू था, लड्डू बनाने का ठेका किसे दिया गया था और घी कहां से आया था ? इसकी पूरी विस्तृत जांच और कार्रवाई होनी चाहिए।

# सपा विधायक जाहिद बेग को शिफ्ट किया गया नैनी जेल

नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग को शुक्रवार की सुबह करीब 12 से 1.00 के बीच कड़ी सुरक्षा में भदोही से नैनी सेंट्रल लाकर शिफ्ट कर दिया गया। विधायक को कड़ी सुरक्षा में वज्र वाहन से प्रयागराज के नैनी जिला जेल लाया गया। जेल में लाने से पहले अंदर भी कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। उन्हें जेल जिला जेल के बैरक में पहुंचा दिया गया। माना जा रहा है कि ऐसा सुरक्षा कारणों से किया गया।

गुरुवार को भदोही से सपा के विधायक जाहिद बेग ने नंगे पैर अदालत में आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद वहां से कड़ी सुरक्षा में बज्र वाहन से विधायक को प्रयागराज जिला जेल भेजा गया। जहां उन्हें जिला जेल के क्वारंटीन बैरक में भेज दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक भदोही में रहने के दौरान मिलाई, और राजनीतिक ड्रामेबाजी की वजह से उन्हें प्रयागराज शिफ्ट किया गया है। जाहिद बेग को जिला जेल के क्वारंटीन बैरक में 10 दिनों तक रखा जाएगा । इसके बाद उन्हें किसी बैरक में भेजा जाएगा। सपा विधायक जाहिद बेग, उनकी पत्नी सीमा बेग और बेटे जाएम बेग के खिलाफ एक नाबालिग लड़की से घर में बाल मजदूरी और एक अन्य नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है।

### एनटीपीसी की यूनिट चार में आई खराबी, उत्पादन ठप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार :** कभी कोयले की खराब गुणवत्ता कभी संयंत्र में तकनीकी खराबी के कारण एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में लगातार विद्युत उत्पादन प्रभावित हो रहा है। अब तकनीकी खामी के चलते एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या चार को बंद करना पड़ा है। एनटीपीसी में दो दिन पहले यूनिट संख्या एक में खराब कोयले के कारण यूनिट को बंद किया गया था। इसके बाद गुरुवार को यह इकाई चलाई गई है। इसके ठीक अगले दिन शुक्रवार को परियोजना के यूनिट संख्या चार में भी तकनीकी खामी आ गई। 210 मेगावाट क्षमता की इस यूनिट के ब्वायलर ट्यूब में गैस का रिसाव हो रहा था। गैस रिसाव अधिक हो जाने के कारण परियोजना प्रबंधन ने यूनिट को बंद करने का निर्णय लिया है।

# मौलाना ने पांचवीं की छात्रा से किया दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी,

- **बीमार भाई की हालत में सुधार के लिए पानी में फूंक डलवाने गयी थी**

**अमृत विचारः** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक मौलाना ने पांचवीं की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के एक मोहल्ले में कथित रूप से फूंक डालकर बीमार लोगों को ठीक करने का दावा करने वाले मौलाना के पास बालिका अपने बीमार भाई की तबीयत में सुधार के लिए पानी में फूंक डलवाने गई थी। इस बीच मौलाना ने उससे अश्लील हरकतें कीं और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। मौलाना की हरकतों का विरोध कर किसी तरह बालिका उसके घर से बाहर भागी और शोर मचाया। इस पर मौलाना भाग निकला। घटना से आक्रोशित मोहल्ले वालों ने मौलाना के घर पर ताला लगा दिया। बालिका ने घर पहुंचकर पिता को आपबीती सुनाई।

# खेल पुरस्कार को मांगे गए आवेदन

**लखनऊ, अमृत विचारः** प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ खेल पुरस्कार लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई के लिए खेल विभाग ने आवेदन मांगे हैं। यह पुरस्कार वर्ष 2023-24 के लिए होंगे। विभाग के मानकों पर खरे उतरने वाले खिलाड़ी इन पुरस्कारों के लिये आवेदन कर सकते हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 31 खेलों के लिए यह आवेदन 30 अक्टूबर तक कर सकते हैं। खिलाड़ी का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। साथ ही खिलाड़ी लगातार 3 बार उत्तर प्रदेश की सीनियर टीम का सदस्य रहा हो।

# बरेली शरीफ पहुंचा शैतान खबीस का मुद्दा

संवाददाता, कानपुर

- **शहर काजी बोले, इस्लाम का मजाक बर्दाश्त नहीं, गलत काम करने वाले अल्लाह से डरें**

**अमृत विचार।** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जाजमऊ की एक तंजीम द्वारा स्टेज पर शैतान खबीस के पुतले का प्रदर्शन किए जाने की घटना को लेकर उलेमा में खासी नाराजगी है। शहरकाजी डॉ. मुफ्ती मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी उलेमा की टीम के साथ शुक्रवार को बरेली शरीफ पहुंचे और वहां प्रसिद्ध मौलाना हजरत असजद रजा खां से मुलाकात कर उन्हें जश्ने चिरागां के मौके पर कानपुर में की गई हरकत की जानकारी दी। शहरकाजी अमृत विचार में इस घटना को लेकर प्रकाशित खबर की कटिंग पहले ही बरेली शरीफ भेज चुके थे।

शहरकाजी डॉ. मुफ्ती मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी पहले ही कह चुके हैं कि जिन लोगों ने ये गलत काम किया है, वह अल्लाह से डरें और तौबा करें।

## वर्ग पहेली-198

**बाएं से दाएं**

1. 1. प्रकाशमान, चमकीला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत, मनोहर।

4. 1. पिनकने की क्रिया 2. अफ़ीम के नशे में धुत्त।

5. 1. दिन का आठवां पहर 2. कुश 3. एक प्रकार का बाजा 4. श्राद्ध में उपयोग की जाने वाली चीज़ें।

7. 1. कोई बात कहने की क्रिया या भाव, कहना, बोलना 2. वह जो कहा गया हो, कही गई बात, उक्ति, वचन, वाक्य 3. वर्णन 4. उपन्यास का एक भेद।

8. योग्यता, विद्वत्ता, काबिलियत।

**ऊपर से नीचे**

2. आने-जाने का रास्ता या पथ।

3. 1. बिना हाथ-पैर का, लंगड़ा-लूला 2. बिना पत्तेवाला, ठूंठ (पेड़) 3. जो हाथ-पैर न हिलाता-डुलाता हो, कुछ काम न करने वाला, निकम्मा।

4. 1. हरताल 2. पीतल 3. पीला चंदन 4. हल्दी 5. सोनापाठा 6. अंडे की जर्दी 7. केसर 8. अगर 9. विजयसार।

6. 1. रखैली, प्रेमिका 2. वह स्त्री जो बिना विवाह के साथ रहती है।




### वर्ग पहेली -197 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 दी | | 2 मे |
| 3 लो | क | 4 से | वा | | गा |
| क | | 5 फ़ | र | शी | |
| मं | | | गी | | 6 ग |
| ग | | 7 इ | र | शा | द |
| ल | | | | | ब |
| | | 8 अ | व | मृ | दा |

# 6 साल की अनामिका ने 8 मिनट में लगाए 240 पुशअप्स

संवाददाता, गोंडा



- **इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज होगा बच्ची का नाम**

**अमृत विचारः** इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार चर्चा का केंद्र बनी है स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाली 6 वर्षीया अनामिका मिश्रा, जिसने महज 8 मिनट में 240 पुशअप्स लगाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने के लिए दावा ठोका है।

अनामिका सिर्फ पुशअप्स ही नहीं लगाती बल्कि वह दौड़ने में भी बेहद तेज है। यह नन्ही उड़नपरी बिना रुके 10 किमी तक दौड़ सकती है। इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स की टीम ने अनामिका के दावे को परखने के बाद उसे मैक्सिमम पुशअप्स ए फीमेल किड का खिताब देने पर सहमति दे दी है। बेहद कम उम्र में अनामिका की इस सफलता ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि हौसलों के साथ आसमान छूने का जुनून हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है।

#### बड़ी बहन अंशिका के मेडल देख मिली प्रेरणा

स्कूल के प्रधानाध्यापक व अनामिका के पिता मनोज मिश्रा बताते हैं कि अंशिका ने पांचवी तक की पढाई के दौरान कई मंचों पर खिताब जीता। वह जब मेडल और प्रमाण पत्र लेकर घर आती तो अनामिका उन मेडल्स और ट्राफी को देर तक देखती रहती। वह कहती कि उसे भी मेडल जीतना है। मनोज ने कहा कि उसकी रुचि को देखकर वह उसे खेल के क्षेत्र के लिए तैयार करने लगे। इसके लिए पहले उसके नियमित आहार का रोस्टर तय किया। अनामिका बाहर की कोई पैकेट वाली वस्तु, तली भुनी चीजें, चीनी,चावल आलू आदि से काफी दूर है। वह अधिकांशत : जैविक सब्जियों व फलों तथा सूखे मेवे पर निर्भर है। महुआ और दूध भी इसकी डाइट में शामिल है। यही कारण है कि वह न सिर्फ तेजी से पुशअप्स लगाती है बल्कि बिना रुके 10 किमी तक दौड़ भी लगा लेती है। छह वर्षीय अनामिका का सपना ओलंपिक खेलों में भाग लेने का है। सोशल साइट्स से ओलम्पिक के प्रति उत्पन्न हुई जिज्ञासा के बाद उसने खेलों की तरफ रुख किया।

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 4 | | | 1 | |
| 8 | 4 | | 1 | 9 | | 3 | | |
| | 2 | 7 | | 5 | 6 | | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 2 | | 5 | | 4 | |
| | | | 6 | 7 | | 8 | 2 | |
| | | 6 | | 2 | 3 | | 9 | 7 |
| | 9 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 18.13 तक तत्पश्चात पंचमी।


मेष

आज घर के लोग आपको काफी सम्मान देंगे। दोस्तों का साथ मिलने से प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। पुराने मतभेदों को दूर करने के लिए दिन अच्छा है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके सभी रुके काम आसानी से बन जाएंगे।


वृष

आज जॉब में थोड़ी बहुत परेशानियां रहेंगी, लेकिन धीरे-धीरे उन पर नियंत्रण प्राप्त कर लेंगे। आपको वित्तीय लेन-देन को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपके लिए दिन की शुरुआत कुछ परेशानी युक्त हो सकती है।


मिथुन

आज कार्यक्षेत्र में आपकी सुविधाए और पद दोनों बढ़ाए जा सकते हैं। आपकी योजनाओं और प्रबंधन को जबरदस्त सफलता मिलती हुई दिख रही है। विवादित मामलों का मध्यस्थता से हल निकल सकता है। परिजन आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।


कर्क

आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होगा। आय के नए विकल्प ढूंढ सकते हैं। परिवार के लिए अलग से समय निकालेंगे, जिससे परिजन आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। बच्चों की किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।


सिंह

आज संतान की उन्नति से मन में संतोष रहेगा। अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।


कन्या

आज अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र बने रहें। लोग आपको धोखा देकर अपने स्वार्थ के काम निकलवाने का प्रयास करेंगे। आपका मन दूसरे कार्यों में बंटा रहेगा। आपके निकटस्थ सहयोगी भी पीठ पीछे आपकी बुराई कर सकते हैं।


तुला

आज कारोबार में उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उच्च शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे,जिसका लाभ आपको करियर में अवश्य मिलेगा।


वृश्चिक

आज आप विवादों से दूर शांतिपूर्वक अपना काम करने की कोशिश करें। नया प्रोजेक्ट शुरू करना चाह रहे हैं तो दिन अनुकूल है। प्रेम संबंधों में अपनत्व और आत्मीयता बढ़ेगी। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई जॉब में मिलने की अच्छी संभावना है।


धनु

आज कारोबार की सुस्ती दूर होगी। पिछले दिनों से चला आ रहा तनाव कम होगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। विद्वान लोगों से सलाह अवश्य लें इससे आपको लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ मैत्री और आपसी सामंजस्य भाव बढ़ेगा।


मकर

आज शंकालु स्वभाव के कारण दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है। अपनी योजनाओं को जल्दबाजी में क्रियान्वित न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करें तो उत्तम होगा। कारोबार में इच्छित लाभ न मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं।


कुंभ

आज आपके घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उसका परिणाम सार्थक रहेगा। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। प्रेमीजन के साथ रोमांटिक दिन का भरपूर आनंद उठाएंगे। बच्चों के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।


मीन

आज कारोबारियों को कर्ज लेना पड़ सकता है। एलर्जी और खांसी की समस्या होने की आशंका है। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। युवा लड़के गलत संगति में फंस सकते हैं।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22 सितंबर 00.36 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**देवता** सुबह : 09.00
**भीष्मा** शाम : 06.00

&pictures
**सूर्या 3** सुबह : 09.14
**खो गए हम कहां** रात : 09.00

SONY PIX
**व्हाइट हाउस डाउन** सुबह : 09.54
**द रेड 2** रात : 07.00

ZEE CINEMA
**धमाल** दोपहर : 02.50
**मिशन रानीगंज** रात : 08.00

colors CINEPLEX
**बारूद** सुबह : 10.43
**ब्रूस ली द फाइटर** रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

महिला - सेठ जी लाल मिर्च देना..
सेठ (नौकर से) - हरी मिर्च दे जल्दी
महिला - सेठ जी, लाल मिर्च चाहिए
सेठ - हरी मिर्च देना जल्दी
महिला (गुस्से में) - अबे पागल हो गया है क्या सेठ। लाल मिर्च मांग रही हूं लाल..
सेठ- बहन जी, ठंड रखो ठंड। लाल मिर्च ही दूंगा, हरी तो मेरे नौकर का नाम है।

पप्पू - पता सगाई और शादी के बीच में थोड़ा समय क्यों रखा जाता है?
गप्पू - क्यों?
पप्पू - ताकि कोई ये न कह सके कि मुझे दुर्घटना से बचने का मौका नहीं दिया गया।

## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 980, फ्लैग- 1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850 **रामपुर :** शिवालिक-985, फ्लैग- 1100, डीएमओ-855, बोल्ड-1180।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2535, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2115, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1955, जय जवान 1930, सचिन 1980, सूरज 1955, अवसर 1980, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 2025, क्लासिक (किलो) 2090, मोर 2110, चक्र टिन 2350, ब्लू 2145, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 चावल ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 12900, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 चीनी- डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

# फरवरी तक हो सकती है ब्याज दरों में कटौती

## एसबीआई रिसर्च में जताई गई उम्मीद, कहा- इससे पहले आरबीआई की ओर से राहत नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई) फरवरी 2025 तक ब्याज दरों में कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद आरबीआई भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं।

भारत में उपभोक्ता मूल सूचकांक (सीपीआई इंडेक्स) की दर अगस्त में 3.65 प्रतिशत पर है। हालांकि सितंबर-अक्टूबर में मुद्रास्फीति में और बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक



सीपीआई की दर आने वाले महीनों में 5 प्रतिशत के अंदर ही रहेगी।

2024-25 के वित्तीय साल में मुद्रास्फीति औसतन 4.6 से 4.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। आरबीआई का लक्ष्य मुद्रास्फीति को 4 से 6 प्रतिशत के बीच सीमित रखना है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ने मुद्रास्फीति के दबाव को संभालने के लिए अभी तक तरलता पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसलिए अगर मुद्रास्फीति की दर आरबीआई के बैंड में ही रहती है, तो ब्याज दरों की कटौती अगले साल फरवरी तक हो सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मानसून की गतिविधि अनुकूल रही है, जिसमें अब तक 7 प्रतिशत अधिशेष दर्ज किया गया है। इसका खरीफ की बुवाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो पांच साल के औसत से अधिक होकर 109.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई है। 17 सितंबर तक, खरीफ फसल की बुवाई सामान्य रकबे 0.1 प्रतिशत और पिछले साल की तुलना में 2.2 प्रतिशत बेहतर रही। विशेष रूप से धान की बुवाई में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो पांच साल के औसत की तुलना में 41 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई।

### आरबीआई ने सख्त तरलता बनाए रखना जारी रखा

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने मुद्रास्फीति के दबावों को प्रबंधित करने के लिए सख्त तरलता बनाए रखना जारी रखा है। सरकारी अधिशेष नकदी शेष औसतन 2.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि टिकाऊ/कोर तरलता अधिशेष 18 सितंबर तक बढ़कर 3.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह पिछली मौद्रिक नीति घोषणा के बाद से औसतन 3.9 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके कारणों पर रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि मुद्रास्फीति आरबीआई के बैंड में बनी रही, तो अगले साल फरवरी तक ब्याज दरों में कटौती की घोषणा संभव है।

## कृषि श्रमिकों, ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा महंगाई घटी

**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में घटकर क्रमशः 5.96 प्रतिशत और 6.08 प्रतिशत रह गई। इस साल जुलाई में यह क्रमशः 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत थी। कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में अगस्त, 2024 में सात-सात अंक की वृद्धि दर्ज की गई और यह क्रमशः 1297 और 1309 के स्तर पर पहुंच गए। सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल जुलाई में क्रमशः 1290 अंक और 1302 अंक पर रहे थे। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'पिछले साल अगस्त महीने के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.12 प्रतिशत थी।

# स्पाइसजेट को तीन विमान इंजन पट्टेदारों को लौटाना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को शुक्रवार को बरकरार रखा, जिसमें स्पाइसजेट एयरलाइन को पट्टादाताओं को भुगतान में चूक के कारण तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने का निर्देश दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के 11 सितंबर के निर्णय के खिलाफ विमानन कंपनी की अपील खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यह एक सही आदेश है। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी एक सौहार्द्रपूर्ण समझौते पर पहुंचने के लिए विमान पट्टे पर देने वालों के साथ फिलहाल चर्चा कर रही है। प्रवक्ता ने



कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि जिन तीन इंजन का उल्लेख किया गया है, उनमें से दो पहले ही बंद कर दिए गए हैं और हमारा परिचालन पूरी तरह से सामान्य बना हुआ है। हम निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाईकोर्ट की खंड पीठ ने तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने और उन्हें पट्टादाताओं को सौंपने संबंधी एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 78,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,500-56,700 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 75,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 75,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 75,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 74,400 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 75,100 |
| चांदी आभूषण | 89,500। |

# जीईएम पोर्टल पर लेनदेन शुल्क में सरकार ने की बड़ी कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 10 लाख रुपये तक के ऑर्डर पर अब कोई लेन-देन शुल्क नहीं

सार्वजनिक खरीद के ऑनलाइन मंच 'जीईएम' ने अपने पोर्टल पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेनदेन शुल्क में बड़ी कटौती कर दी है। जीईएम के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजीत बी चव्हाण ने कहा कि लेनदेन शुल्क में कटौती का यह साहसिक कदम केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की पहल का हिस्सा है।

चव्हाण ने कहा कि कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तालमेल बिठाते हुए जीईएम ने हाल ही में अपने मंच पर लेनदेन करने वाले विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की घोषणा की है। जीईएम ने 9 अगस्त से पोर्टल की नई राजस्व नीति को प्रभावी कर दिया है। इस नीति के अनुसार, 10 लाख रुपये तक के सभी ऑर्डर पर अब शून्य लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि पहले इसकी सीमा पांच लाख रुपये थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ से बढ़कर 689.5 अरब डॉलर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.5 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 689.24 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 603.6 अरब डॉलर पर आ गया।

# कर्ज के लिए आय बढ़ा-चढ़ाकर बताना सामान्य

**मुंबई, एजेंसी**

- एक सर्वेक्षण में दावा- 60 प्रतिशत भारतीयों के लिए यह आम बात

देश में पांच में से तीन उपभोक्ताओं का मानना है कि कर्ज के लिए आवेदनों में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना सामान्य बात है। वैश्विक विश्लेषण सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ के एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 63 प्रतिशत उपभोक्ता मानते हैं कि कर्ज के लिए आवेदनों में अपनी आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना ठीक या सामान्य बात है, जो वैश्विक औसत 39 प्रतिशत से काफी अधिक है।

भारत में 1,000 लोगों पर किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि आधे से ज्यादा (54 प्रतिशत) लोगों का मानना है कि बीमा दावों में



गड़बडी करना सामान्य बात है। कई भारतीय व्यक्तिगत ऋण आवेदनों में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना ठीक मानते हैं। केवल एक तिहाई (33 प्रतिशत) उपभोक्ताओं का मानना है कि व्यक्तिगत कर्ज आवेदन में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। एफआईसीओ आशीष शर्मा ने कहा कि इस नजरिये के कारण बैंकों को झूठे ऋणों की वास्तविक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जो जोखिम मूल्यांकन को गलत कर सकता है।

### वैश्विक स्तर पर नजरिया अलग

सर्वेक्षण में कनाडा, अमेरिका, ब्राजील, कोलंबिया, मेक्सिको, फिलीपीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रिटेन और स्पेन के लगभग 12,000 अन्य उपभोक्ताओं को भी शामिल किया गया। वैश्विक स्तर पर दृष्टिकोण उल्लेखनीय रूप से भिन्न हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि अधिकांश उपभोक्ता (56 प्रतिशत) ऋण आवेदनों पर आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के विचार को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं।



# घुसपैठियों को रोका नहीं गया तो वे हो जाएंगे बहुसंख्यक

## गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- वे जमीन कब्जा कर समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को कर रहे नष्ट

**गिरिडीह, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठियों को रोका नहीं गया तो वे अगले 25-30 साल में राज्य में बहुसंख्यक हो जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी संस्कृति और पहचान को नष्ट कर रहे हैं और वादा किया वह राज्य से उन्हें बाहर निकालेंगे।

गृहमंत्री ने दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के बाद दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठ को रोका नहीं गया तो आगामी 25-30 साल में झारखंड में घुसपैठिये बहुमत में आ जाएंगे। राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वे हमारी बेटियों से विवाह कर रहे हैं और जमीन कब्जा कर समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को नष्ट कर रहे हैं। हम प्रत्येक को बाहर निकालेंगे।

शाह ने आरोप लगाया कि झामुमो नीत सरकार ने राज्य के आदिवासियों, दलितों और महिलाओं और अन्य के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि यह विरोधाभासी है कि झारखंड जैसा समृद्ध राज्य, जिसके पास देश के खजाने को भरने की क्षमता है, वहां से युवाओं का बेहतर अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। शाह ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में झारखंड को केवल 84 हजार करोड़ रुपये मिले, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 3.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। शाह ने आरोप लगाया कि झारखंड की सोरेन सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है, जिसने मनरेगा में 1,000 करोड़ रुपये, खनन में 1,000 करोड़ रुपये और 40 करोड़ रुपये के शराब घोटाले सहित कई घोटाले किए हैं।



### नक्सल पीड़ितों से मिले शाह, कहा- मार्च 2026 तक माओवादियों का कर देंगे सफाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों से हिंसा छोड़ने, हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने अगर ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। शाह ने अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा के 55 पीड़ितों को संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि माओवादी अपनी आखिरी सांग 31 मार्च 2026 को लेंगे। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'बस्तर शांति समिति' द्वारा बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री भी शेयर की। नक्सली हिंसा के पीड़ितों ने शाह से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि उनका गांव विकास की कमी और आधारभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता से भी लंबे समय तक जूझा है। शाह ने नक्सल पीड़ितों के संघर्ष और साहस की प्रशंसा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीड़ितों ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बस्तर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

### वोट बैंक के लिए घुसपैठ को संरक्षण दे रहा झामुमो

**साहिबगंज।** अमित शाह ने झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि घुसपैठ को संरक्षण दे रहा है और संथाल परगना में आदिवासी आबादी पहले के 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जन कल्याण के बजाय घुसपैठियों के कल्याण में लगी हुई है। हमारे घोषणापत्र में 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के गरीब लोगों को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की गई है।

## कर्नाटक के मंदिरों में केवल नंदिनी घी का होगा इस्तेमाल

बेंगलुरु। तिरुपति लड्डू विवाद के बड़ा रूप लेने के बाद कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को एक परिपत्र जारी कर हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के तहत आने वाले सभी मंदिरों को निर्देश दिया कि वे वहां तैयार किए जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता बनाए रखें। मंदिरों को केवल कर्नाटक मिल्क फेडरेशन के नंदिनी ब्रांड घी का ही इस्तेमाल करने को कहा गया है।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि निर्देश दिया जाता है कि कर्नाटक राज्य धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी अधिसूचित मंदिर 'सेवा', दीये, सभी प्रकार के प्रसाद बनाने तथा दसोहा भवन (जहां भोजन परोसा जाता है) में केवल नंदिनी घी का ही इस्तेमाल करें। आदेश में कहा गया है कि निर्देश दिया जाता है कि मंदिरों में प्रसाद की गुणवत्ता को कायम रखा जाए।

# केंद्रीय मंत्री नड्डा ने तिरुपति के लड्डू मुद्दे पर मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कहा- जांच के बाद गड़बड़ी मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से बात की है और तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। नड्डा ने कहा कि इस मामले की भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जांच की जाएगी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इस दावे के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने कहा है कि मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने इस



दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रसारित की है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन की उपलब्धियों पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मुझे सोशल मीडिया के जरिए इस मुद्दे के बारे में पता चला। मैंने आज चंद्रबाबू नायडू से बात की और मैंने उनसे उपलब्ध रिपोर्ट साझा करने को कहा ताकि मैं उसकी पड़ताल कर सकूं। मैं राज्य नियामकों से भी बात करूंगा और उनकी राय लूंगा।

# अब राहुल गांधी के खिलाफ छत्तीसगढ़ में मामले दर्ज

**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांधी के खिलाफ दुर्ग जिले के कोतवाली थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। वहीं, बिलासपुर के सिविल लाइंस थाने और रायपुर के सिविल लाइंस थाने में गुरुवार शाम को मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की शिकायतों के आधार पर दोनों मामले दर्ज किए गए हैं। पार्टी के नेताओं द्वारा राज्य के अन्य जिलों के पुलिस थानों में भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।

## कोलकाताः संदीप घोष की हिरासत 25 तक बढ़ी

**कोलकाता।** सीबीआई ने शुक्रवार को कोर्ट को बताया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या से जुड़े मामले की जांच के दौरान और भी संदिग्धों का पता चला है। उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। सियालदह कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष की सीबीआई हिरासत 25 सितंबर तक बढ़ा दी है।

## हरियाणा विस चुनावः प्रचार अभियान में शामिल हुए केजरीवाल, किया रोड शो

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को हरियाणा में पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए और उन्होंने यमुनानगर जिले के जगाधरी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो किया।

आबकारी नीति मामले में जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहाई के बाद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर को जगाधरी पहुंचे और करीब साढ़े 3 बजे उनका रोड शो शुरू हुआ। इस दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। 'आप' सुप्रीमो ने अपने वाहन के 'सनरूफ' से भीड़ की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। सीट बंटवारा समझौते पर कांग्रेस के साथ बातचीत असफल रहने के बाद 'आप' अपने दम पर हरियाणा चुनाव लड़ रही है।

# फिरौती के लिए अपहरण मामले में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 2.25 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए त्रिपुरा के एक व्यवसायी का अपहरण करने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के पार्षद मिलन सरकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस माह की शुरुआत में बारासात नगर पालिका में उत्तर 24 परगना के खरदाह में एक पार्किंग स्थल से कार में चढ़ते समय जिस व्यवसायी का अपहरण किया गया था, उसे सीआईडी के अधिकारियों ने घायल अवस्था में बारासात के एक आवासीय परिसर से बचाया था। पूछताछ के बाद सीआईडी को पता चला कि अपहरण का मुख्य साजिशकर्ता टीएमसी पार्षद (वार्ड नंबर 2) था। सीआईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## दलबदल रोधी कानून के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दलबदल रोधी कानून (संविधान की 10वीं अनुसूची) के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। संबंधित कानून 52वें संविधान संशोधन द्वारा 1985 में लाया गया था। यह संसद या विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा दल बदले जाने की स्थितियों से निपटता है तथा सदस्यों की अयोग्यता के आधार निर्धारित करता है।

# ओडिशाः मेजर की मंगेतर का थाने में यौन उत्पीड़न

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

- पीड़ित का आरोप- हाथ-पैर बांधे कपड़े उतारे, पांच निलंबित

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में सेना के एक अधिकारी (मेजर) से मारपीट और उनकी मंगेतर से यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला मेजर के साथ सड़क पर मारपीट की शिकायत दर्ज करवाने पुलिस थाने गई थी। आरोप है कि थाने में पुलिसकर्मियों ने उनसे पहले बदसलूकी की। फिर मेजर को हवालात में बंद कर दिया। पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और हाथ-पैर बांध दिए।

पीड़िता के मुताबिक, एक पुरुष अधिकारी ने उनके कपड़े उतारे। फिर छाती पर लातें मारीं। थाने में जब प्रभारी निरीक्षक पहुंचा तो उसने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें की। घटना 15 सितंबर की है।

पुलिस ने पीड़िता को बदतमीजी के आरोप में गिरफ्तार किया था। 19 सितंबर को हाईकोर्ट से जमानत के बाद उनका भुवनेश्वर में इलाज कराया गया, जिसके बाद उन्होंने यह खुलासा किया। अब इस मामले में पुलिस की अपराध शाखा ने मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला भरतपुर पुलिस थाने के पूर्व प्रभारी निरीक्षक दीनकृष्ण मिश्रा, उपनिरीक्षक बैसालिनी पांडा, सलिलामयी साहू, सागरिका और सिपाही बलराम के खिलाफ दर्ज किया गया है। इससे पहले ओडिशा पुलिस ने थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था।

### महिला आयोग ने लिया संज्ञान, जांच शुरू की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा महिला आयोग की अध्यक्ष मिनाती बेहरा ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के लिए शुक्रवार को भारतपुर पुलिस स्टेशन का दौरा किया। महिला आयोग ने कहा कि उसने राज्य सरकार से मामले की उचित जांच करने और असली दोषियों के सजा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## अबू बकर की रिहाई याचिका पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व प्रमुख ई अबू बकर की याचिका पर शुक्रवार को एनआईए से जवाब मांगा। याचिका में अबू बकर ने यूएपीए के तहत अपने खिलाफ दर्ज मामले में रिहा किए जाने का अनुरोध किया है। एनआईए ने अबू बकर को 2022 में संगठन पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया था। निचली अदालत द्वारा उसकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उसने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# वादी को बताए बिना दायर कर दी याचिका, होगी सीबीआई जांच

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश, बताया न्याय प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसे मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया, जिसमें एक याचिकाकर्ता ने अपील दायर करने की बात से इनकार कर दिया था और दावा किया था कि उसने मामला दायर करने के लिए अदालत में मौजूद किसी भी वकील की सेवाएं नहीं ली हैं।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ता भगवान सिंह ने कभी इन वकीलों से



मुलाकात नहीं की और ना ही उन्हें अपील दायर करने का निर्देश दिया था। फिर भी पक्षकारों ने वकीलों की मदद से कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने और न्याय प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास किया। पीठ ने कहा कि हम मामले की जांच सीबीआई को सौंपना उपयुक्त समझते हैं। यदि आवश्यक हो तो सीबीआई प्रारंभिक जांच करने के बाद इसमें शामिल और जिम्मेदार पाये गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ एक नियमित मामला दर्ज करे और कथित अपराधों और अदालत के साथ धोखाधड़ी से संबंधित सभी पहलुओं की जांच करे।

कोर्ट ने कहा, 'सीबीआई निदेशक को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने और दो महीने के भीतर इस अदालत को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाता है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि मामला उस वक्त गंभीर हो जाता है, जब अधिवक्ता जो अदालत के अधिकारी होते हैं, इसमें शामिल होते हैं और वे बेईमान वादियों के दुर्भावनापूर्ण मुकदमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तथा उनके गुप्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने में उनकी सहायता करते हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ बेईमान वादियों का एक गिरोह और उनके सलाहकारों का एक समूह है, जो हमेशा व्यवस्थागत खामियों का अनुचित लाभ उठाने और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने में व्यस्त रहते हैं, जिससे अदालतों के साथ-साथ पूरे कानूनी समुदाय और कानून के पेशे की छवि को नुकसान पहुंचता है।





## खेल डायरी

### मुल्तान-रावलपिंडी में टेस्ट खेलेगा इंग्लैंड

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट सात से 11 अक्टूबर और 15 से 19 अक्टूबर तक मुल्तान और अंतिम मुकाबला 24 से 28 अक्टूबर तक रावलपिंडी में होगा। पीसीबी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट विभाग ने पुष्टि की कि कराची स्टेडियम में निर्माण कार्य के कारण टेस्ट की मेजबानी नहीं कर पाएगा। इंग्लैंड की टीम इस श्रृंखला के लिए दो अक्टूबर को मुल्तान पहुंचेगी। पहला टेस्ट सात से 11 अक्टूबर मुल्तान, दूसरा टेस्ट 15 से 19 अक्टूबर मुल्तान, तीसरा टेस्ट 24 से 28 अक्टूबर रावलपिंडी में होगा।

### भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा की खराब शुरुआत, तीन ओवर 75 का कार्ड खेला

**वेंटवर्थ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वेंटवर्थ क्लब में बीएमडब्ल्यू पीजीए चैम्पियनशिप में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर खराब शुरुआत की जिससे उनका कट हासिल करना मुश्किल होगा। भारतीय गोल्फर शुभंकर ने एक ईगल, एक बर्डी और छह बोगी लगाई जिससे वह संयुक्त 114वें स्थान पर बने हुए हैं। मैथ्यू बाल्डविन ने सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है।



### ला सेला ओपन: रिद्धिमा दिलावड़ी और त्वेसा मलिक संयुक्त 17वें स्थान पर

**स्पेन।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर रिद्धिमा दिलावड़ी और त्वेसा मलिक यहां लेडीज यूरोपियन टूर पर ला सेला ओपन के पहले दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त 17वें स्थान पर बनी हुई हैं। रिद्धिमा ने पहले दौर में बोगी से शुरुआत की लेकिन फिर पांच होल में तीन बर्डी लगाने के बाद दो बोगी कर बैठीं। त्वेसा ने शुरुआत 10वें होल से की। प्रणवी उर्स (इवन पार 72) और सेहर अटवाल (73) क्रमशः संयुक्त 31वें और संयुक्त 63वें स्थान पर बनी हुई हैं।



### वाणी कपूर ने हिताशी बख्शी को हराकर 18 महीने में पहला खिताब जीता

**गुरुग्राम।** वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां हिताशी बख्शी को प्लेऑफ में हराकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण में जीत हासिल की जो पिछले 18 महीने में उनका पहला खिताब है। यह अनुभवी खिलाड़ी दिन के शुरू में हिताशी और विधात्री उर्स से तीन शॉट पीछे चल रही थी। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया तथा अपना कुल स्कोर चार ओवर 220 पर पहुंचाया। हिताशी अंतिम दौर में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई।



# भारतीय तेज गेंदबाजों के आगे बांग्लादेश पस्त

## भारत ने 308 रन की बनाई बढ़त, जसप्रीत बुमराह ने लिए चार विकेट, बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमटी

**चेन्नई, एजेंसी**

- भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए
- दूसरे दिन ऋषभ पंत और शुभमन गिल क्रीज पर रहे मौजूद

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश की पहली पारी को सस्ते में समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 308 रन कर ली। बुमराह की शानदार गेंदबाजी का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर चार विकेट चटकाये। बुमराह को मोहम्मद सिराज (30 रन पर दो विकेट), आकाश दीप (19 रन पर दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (19 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला।

भारत की पहली पारी में 376 रन के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गयी। भारत ने पहली पारी 227 रन की बड़ी हासिल की। भारत की दूसरी पारी में भी हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (पांच) और यशस्वी जायसवाल (10) टीम के 28 रन तक पवेलियन लौट गये। रोहित तस्कीन अहमद की ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर गली क्षेत्र में जाकिर हसन को कैच थमा बैठे। जायसवाल को नाहिद राणा की गेंद पर ऑफ ड्राइव लगाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। गिल और विराट कोहली (17) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। गिल ने इस दौरान कुछ शानदार चौके जड़े। राणा की गेंद पर कवर क्षेत्र में लगाया गया उनका चौका दर्शनीय था। कोहली हालांकि क्रीज पर समय बिताने के बाद मेहदी हसन मिराज की गेंद पर पगबाधा हो गये। बुमराह ने शानदार लय में चल रहे शदमन इस्लाम को अपनी चतुराई से आउट किया। उन्होंने राउंड द विकेट गेंदबाजी करने के बाद ओवर द विकेट गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लाइन लेंथ में बदलाव किये बिना कोण को बदला जिससे बांग्लादेश का यह सलामी बल्लेबाज सामंजस्य नहीं बैठा पाया। उन्होंने इसके बाद मुशफिकुर रहीम, तस्कीन और हसन महमूद को चलता किया।

मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन कोई विकेट नहीं ले सके। बांग्लादेश को सबसे ज्यादा निराशा लिटन दास (42 गेंद में 22 रन) और शाकिब अल हसन (64 गेंद में 32 रन) से हुई। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट आक्रामक शॉट खेलकर गंवा दिये। दोनों ने छठे विकेट के लिए 94 गेंद में 51 रन की साझेदारी की। लिटन ने जडेजा (18 रन पर दो विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया और स्थानापन्न खिलाड़ी ध्रुव जुरेल द्वारा लपके गये। शाकिब ने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेला लेकिन उन्हें किस्मत का साथ नहीं मिला। गेंद उनके बल्ले के निचले किनारे से टकराकर जूते पर टप्पा खाने के बाद हवा में उछली और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने दौड़कर कैच पकड़ लिया। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दिन की शुरुआत सत्र में लगातार गेंदों पर जाकिर और मोमिनुल हक (शून्य) को बोल्ड कर पारी की शुरुआत में ही बांग्लादेश पर दबाव बना दिया।

### पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवाए : अहमद

**चेन्नई।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि यहां भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में विश्वस्तरीय भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ पहली पारी में पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवाने से उनकी टीम बैकफुट में चली गई है। अहमद ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी बल्लेबाजी थोड़ी निराशाजनक रही। हां, तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिल रही थी लेकिन हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। इसलिये हम निराश हैं। उन्होंने कहा, हमने पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवा दिये जो हमारे लिए महंगे साबित होंगे। अहमद ने साथ ही कहा, एसजी गेंद से खेलना भी एक चुनौती है। भारतीय खिलाड़ी बचपन से एसजी गेंद से खेलते हैं तो वे जानते हैं कि इसका उचित ढंग से किस तरह इस्तेमाल किया जाये जिससे उन्हें बड़ा फायदा मिला। उन्होंने कहा, हमने नयी गेंद से कुछ गलतियां भी कीं। एसजी गेंद और यहां के हालात को देखते हुए पहले 10-12 ओवर काफी चुनौतीपूर्ण थे।



जसप्रीत बुमराह

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (80 ओवर)

भारत दूसरी पारी : 81/3 (23 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी का लिटन बो नाहिद | 10 | 2/0 |
| रोहित का जाकिर बो तस्कीन | 05 | 1/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 33 | 4/0 |
| विराट पगबाधा मिराज | 17 | 2/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 12 | 1/1 |

**अतिरिक्त** : 4 रन, **विकेट पतन** : 1-15, 2-28, 3-67

**गेंदबाजी** : तसकीन अहमद 3-0-17-1, हसन महमूद 5-1-12-0, नाहिद राणा 3-0-12-1, शाकिब अल हसन 6-0-20-0, मेहदी हसन मिराज 6-0-16-1

**बांग्लादेश पहली पारी** : 149/10 (47.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| शादमन बो बुमराह | 02 | 0/0 |
| हसन बो आकाशदीप | 03 | 0/0 |
| शान्तो का कोहली बो सिराज | 20 | 3/0 |
| मोमिनुल हक बो आकाशदीप | 00 | 0/0 |
| मुशफिकुर का राहुल बो बुमराह | 08 | 2/0 |
| शाकिब अल हसन का पंत बो जडेजा | 32 | 5/0 |
| लिटन का सब. (जुरेल) बो जडेजा | 22 | 3/0 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 27 | 2/1 |
| हसन महमूद का कोहली बो बुमराह | 09 | 2/0 |
| तसकीन अहमद बो बुमराह | 11 | 1/0 |
| नाहिद राणा बो सिराज | 11 | 2/0 |

**अतिरिक्त** : 4 रन, **विकेट पतन** : 1-2, 2-22, 3-22, 4-36, 5-40, 6-91, 7-92, 8-112, 9-130, 10-149

**गेंदबाजी** : जसप्रीत बुमराह 11-1-50-4, मोहम्मद सिराज 10.1-1-30-2, आकाश दीप 5-0-19-2, रवि अश्विन 13-4-29-0, रवींद्र जडेजा 8-2-19-2

# श्रीलंका ने 202 रन की बढ़त हासिल की

**गॉल (श्रीलंका), एजेंसी**

- दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान डि सिल्वा और एजेंलो मैथ्यूज क्रीज पर डटे

श्रीलंका ने पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (83 रन) और दिनेश चांदीमल (61 रन) के अर्धशतकों से न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 237 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 202 रन तक पहुंचा ली। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान धनंजय डि सिल्वा और एजेंलो मैथ्यूज 34-34 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे।

श्रीलंका ने दूसरी पारी के तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (02) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद टीम के अनुभवी खिलाड़ियों करुणारत्ने और चांदीमल ने मिलकर पिच की चुनौतीपूर्ण स्थितियों का डटकर सामना करते हुए दूसरे विकेट के लिए 147 रन की भागीदारी निभाई जो मैच के नतीजे में निर्णायक साबित हो सकती है। इन दोनों बल्लेबाजों ने स्पिन का बखूबी सामना किया, पर तेज गेंदबाजी के खिलाफ जूझते नजर आये। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले विलियम ओरोरके ने दूसरी पारी में अभी तक तीन विकेट चटका लिये हैं। एजाज पटेल ने करूणारत्ने को आउट कर इस शतकीय भागीदारी का अंत किया। इसके बाद ओरोरके ने अगले ओवर में चांदीमल को लेग स्लिप में कैच कराकर पहली पारी के शतकवीर कामिंदु मेंडिस को भी पवेलियन की राह दिखा दी। धनंजय डि सिल्वा और एंजेलो मथ्यूज पांचवें विकेट के लिए अभी तक नाबाद 59 रन की भागीदारी कर चुके हैं। शुक्रवार सबह खेल 15 मिनट पहले शुरू हुआ। न्यूजीलैंड ने सुबह चार विकेट पर 255 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी 340 रन पर समाप्त की। श्रीलंका ने पहली पारी में 305 रन बनाये थे। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने अपना अर्धशतक पूरा कर 57 रन बनाये जबकि ग्लेन फिलिप्स ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 48 गेंद में दो चौके और पांच छक्कों से 49 रन बनाये लेकिन अपने अर्धशतक से चूक गये। न्यूजीलैंड के लिए दूसरे दिन टॉम लाथम और केन विलियमसन ने अर्धशतक जड़े थे।



गॉल में तीसरे दिन श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा (दाएं) और एंजेलो मैथ्यूज (बाएं) विकेटों के बीच दौड़ते हुए।

## पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए श्रीजेश नामित

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश को पेरिस ओलंपिक 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद प्रतिष्ठित एफआईएच पुरुष गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड 2024 के लिए नामित किया गया है। हाल ही में संन्यास लेने वाले श्रीजेश ने इस पुरस्कार के लिये नामित किये जाने पर कहा, मैं एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित होने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इसकी मेरे लिए एक विशेष मान्यता है, विशेषकर जब मैं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में अपनी यात्रा समाप्त कर रहा हूं। कहा कि पेरिस ओलंपिक एक भावनात्मक और अविस्मरणीय अनुभव था।

# शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी गायब, एआईसीएफ शर्मिंदा

**चेन्नई, एजेंसी**

- अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शतरंज ओलंपियाड ट्रॉफी के गायब होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है जिसे टीम ने टूर्नामेंट के पिछले चरण में जीता था। इसके बाद एआईसीएफ को ट्रॉफी की प्रतिकृति की व्यवस्था करनी पड़ी और माफी मांगनी पड़ी। यह एक रोलिंग ट्रॉफी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब भारतीय पुरुष टीम बुडापेस्ट में चल रहे ओलंपियाड के 45वें संस्करण में स्वर्ण पदक जीतने के करीब है।

एआईसीएफ के सूत्रों ने पुष्टि की कि ओपन और महिला डिविजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम को दी जाने वाली गैप्रिंडाशविली ट्रॉफी गायब हो गई है। भारत इस ट्रॉफी का पिछला विजेता है। एआईसीएफ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार रायजादा ने पीटीआई को बताया कि ट्रॉफी एक महीने से ज्यादा समय से गायब है और यह बात तब पता चली जब अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने ट्रॉफी बुडापेस्ट लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा, फिडे से ट्रॉफी लाने का अनुरोध मिलने के बाद हम 30 दिनों से ज्यादा समय तक इसका पता लगाने में असमर्थ रहे हैं। फिर हमने आधिकारिक पुलिस शिकायत दर्ज की है जिसकी जांच की जाएगी।

# आवेश और आकिब का शानदार प्रदर्शन

**अनंतपुर, एजेंसी**

**दलीप ट्रॉफी**

तेज गेंदबाज आवेश खान ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा और इसके बाद ईशान किशन का कीमती विकेट लिया, जिससे भारत ए ने शुक्रवार को दलीप ट्रॉफी के अंतिम दौर के मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपना पलड़ा भारी कर दिया।

भारत की तरफ से आठ वनडे और 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आवेश में 68 गेंद पर नाबाद 51 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ए ने अपनी पहली पारी में 297 रन बनाए। इसके जवाब में आकिब खान (43 रन देकर तीन विकेट) और आवेश (52 रन देकर एक विकेट) ने भारत सी का शीर्ष क्रम थर्रा दिया। भारत सी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 216 रन बनाए हैं और अभी वह भारत ए से 81 रन पीछे है और उस पर पहली पारी में पिछड़ने का खतरा मंडरा रहा है।

### इंडिया डी की ओर से संजू और इंडिया बी के लिए अभिमन्यु ने जड़ा शतक

**अनंतपुर।** दलीप ट्रॉफी में शुक्रवार को इंडिया डी के लिए संजू सैमसन ने (106) और उसके बाद इंडिया बी के लिए अभिमन्यु ईश्वरन ने शतक लगाकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाई। दूसरे दिन संजू सैमसन को आर चाहर ने आउट किया। संजू ने 101 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 106 रन बनाए। इंडिया डी ने 349 का स्कोर खड़ा किया। इंडिया बी की ओर से सैनी ने पांच विकेट लिये और राहुल चाहर को तीन विकेट मिले। मुकेश कुमार ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी इंडिया बी की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय उसने 27.2 ओवर में 100 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिये थे। नारायण जगदीशन (13), सुयश प्रभुदेसाई (16), मुशीर खान (5), सूर्यकुमार यादव (5) और नितीश कुमार रेड्डी (शून्य) पर आउट हुये। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ 105 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। अभिमन्यु ने 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (116) रनों की पारी खेली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर सुंदर (नाबाद 39) और चाहर उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। इंडिया डी के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। आदित्य ठाकरे को दो विकेट मिले। सौरभ कुमार ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सरे लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन बना

**लंदन।** सरे अपने करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती। समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकॉर्ड 33 खिताब से 10 कम है। इससे पहले यार्कशर लगातार तीन काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी टीम थी।

# भारतीय पुरुष टीम का दबदबा जारी

**बुडापेस्ट, एजेंसी**

**शतरंज ओलंपियाड**

- महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के आठवें दौर में यहां ईरान के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना दावे को और मजबूत कर लिया लेकिन महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की यह प्रतियोगिता में पहली हार है।

ओपन वर्ग में लगातार आठवीं जीत से पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी है। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से आक्रामक शुरुआत कर बर्दिया दानेश्वर को पराजित किया। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने शुरुआती टाइम कंट्रोल में ही ईरान के परम मघसूदलू को हरा दिया। आर प्रज्ञानानंद ने अमीन तबाताबेई से ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती ने इदानी पूया को मात देकर टीम की जीत में अंकों का इजाफा किया। अपने आठ मुकाबलों में व्यक्तिगत 7.5 अंकों के साथ अर्जुन की क्लासिकल लाइव रेटिंग 2792.7 पहुंच गई तो वहीं गुकेश के भी 2784.6 रेटिंग अंक हो चुके हैं। महिला वर्ग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा जब ग्रैंडमास्टर डी हरिका, आर वैशाली क्रमशः पोलैंड की एलिना काशलिंस्काया और मोनिका सोको से अपनी अपनी बाजियां हार गयीं। दिव्या देशमुख ने एलेक्जेंड्रा माल्टसेव्स्काया को हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। वंतिका अग्रवाल एलिक्जा स्लिविका के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रही।

## बॉलीवुड हलचल

# एनटीआर जूनियर ने अंडरवाटर सीक्वेंस का खुलासा किया

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने देवरा: पार्ट 1 में 35 दिनों के चुनौतीपूर्ण अंडरवाटर सीक्वेंस का खुलासा किया है। एनटीआर जूनियर की आगामी फिल्म देवरा: पार्ट 1 पहले से ही वैश्विक उत्साह पैदा कर रही है, और सबसे चर्चित क्षणों में से एक गहन अंडरवाटर सीक्वेंस हैअविश्वसनीय 30 से 35 दिनों में शूट किया गया यह सीक्वेंस फिल्म के हाई-स्टेक एक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारत के तटीय क्षेत्रों में होता है। चुनौतीपूर्ण शूटिंग के बारे में बात करते हुए, एनटीआर जूनियर ने बताया, हमने करीब 30-35 दिनों तक अंडरवाटर और पानी के ऊपर शूटिंग की। यह देवरा के सबसे महत्वपूर्ण सीक्वेंस में से एक है। उन्होंने यह भी बताया कि यह सिर्फ एक सामान्य पानी का दृश्य नहीं था, इसमें हर चीज को यथासंभव वास्तविक दिखाने के लिए बहुत प्रयास किया गया था। प्रोडक्शन टीम ने 200 गुणा 150 का पानी का टैंक बनाया, जहाँ अधिकांश सीक्वेंस फिल्माए गए। एनटीआर जूनियर ने बताया कि कैसे उन्होंने कृत्रिम लहरें बनाने के लिए खुदाई करने वाले यंत्रों का इस्तेमाल किया।



# नेहा ने पाक-कला की यात्रा शुरू की

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री नेहा शर्मा ने कॉल मी टेन के साथ पाक-कला की यात्रा शुरू की है। नेहा शर्मा, जो स्क्रीन पर अपने शानदार अभिनय और बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, एक नए उद्यम की शुरुआत करने जा रही हैं। भोजन और आतिथ्य के प्रति अपने जुनून को अपनाते हुए, नेहा को अपने रेस्तरां कॉल मी टेन के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो एक प्रगतिशील इज़ाकाया जापानी रेस्तरां और ओमाकासे बार है। नेहा शर्मा ने कहा, मुझे हमेशा से ही भोजन का शौक रहा है और कॉल मी टेन खोलना एक सपने के सच होने जैसा है। यह प्यार का श्रम है, एक ऐसी जगह जहाँ लोग स्वादिष्ट भोजन, बढ़िया कंपनी और प्रामाणिक जापानी आतिथ्य का आनंद लेने के लिए एक साथ आ सकते हैं। मैं इस अनुभव को सभी के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हूं। सह-संस्थापक करण आर चावला, अंगद सिंह और अक्षय शौकीन ने अवधारणा और दृष्टि के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।



# 76 वर्ष के हुए फिल्मकार महेश भट्ट

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार महेश भट्ट आज 76 वर्ष के हो गये। महेश भट्ट का जन्म 20 सितंबर 1948 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता नानाभाई भट्ट फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने फिल्मकार थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण उनका रुझान भी फिल्मों की ओर हो गया और वह निर्देशक बनने का सपना देखने लगे। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह निर्माता-निर्देशक राज खोसला के सहायक के तौर पर काम करने लगे। महेश भट्ट ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1970 में एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म संकट से की। इसके बाद उन्होंने बतौर निर्देशक मंजिले और भी हैं, विश्वासघात, लहू के दो रंग, नया दौर और अभिमन्यु जैसी कई फिल्में निर्देशित की लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा।

## विक्रम राठौड़ राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच किए गए नियुक्त

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने के बाद 55 साल के राठौड़ आगामी सत्र के लिए फ्रैंचाइजी की दूसरी बड़ी नियुक्ति है। राजस्थान रॉयल्स से जारी बयान के मुताबिक, राहुल द्रविड़ की मुख्य कोच के तौर पर वापसी के बाद अनुभवी क्रिकेट पेशेवर राठौड़ रॉयल्स की कोचिंग टीम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक सफल साझेदारी को फिर से स्थापित करेगा, जिसने भारत को उनके कार्यकाल के दौरान तीनों प्रारूपों में रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और देश को इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 खिताब दिलाया। राठौड़ ने भारत के लिए छह टेस्ट और सात एकदिवसीय मैच खेले हैं। उनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 33 शतक हैं। वह 2019 से इस साल टी20 विश्व कप तक तक भारत के बल्लेबाजी कोच थे।

# अकाने यामागुची से चाइना ओपन में हारीं मालविका

**चांगझोऊ, एजेंसी**

भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ को शुक्रवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। शुक्रवार को 35 मिनट तक चले मैच में 23 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को क्वार्टरफाइनल में जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में 10-21, 16-21 से हार गई।

जापानी खिलाड़ी अकाने आक्रामक खेल के साथ पहले गेम की शानदार शुरुआत की और 11-4 की बढ़ी बढ़त हासिल कर ली। मालविका ने गेम में वापसी करने के लिए अंक अर्जित करने का प्रयास किया। लेकिन काफी संघर्ष के बाद जापानी खिलाड़ी ने उन्हें पहले गेम में 21-10 से हरा दिया। मालविका ने दूसरे गेम की शुरुआत में इस टूर्नामेंट में चौथी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को बराबर की टक्कर दी और 7-8 के स्कोर के साथ अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को बड़ी बढ़त हासिल करने नहीं दी। लेकिन इसके बाद अकाने ने शानदार शॉट के साथ तीन अंक हासिल करते हुए स्कोर 11-7 कर दिया।

मालविका भी मैच को तीसरे गेम तक ले जाने के लिए इस बढ़त को कम करने के करीब पहुंच गईं और स्कोर को 15-19 तक पहुंचा दिया। आखिर में अकाने यामागुची ने 21-16 से जीत करते हुए इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में अकाने का मुकाबला हमवतन तोमोका मियाजाकी से होगा।




- हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान हो गया समाप्त


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

